CMYK

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 21°C
तापमान

सेंसेक्स 78,553.20
निफ्टी 23,851.65

सोना 98,350
चांदी 1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, रविवार 20 अप्रैल 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 145 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 21 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### गाजा पर इजरायली एयरस्ट्राइक में 90 लोगों की मौत

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### केएल राहुल ने धोनी और कोहली को पछाड़ा

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## उत्तराखंड बोर्ड रिजल्ट में कमल व अनुष्का रहे अव्वल

शाह टाइम्स ब्यूरो



कमल चौहान 99.20% अंक



अनुष्का राणा 98.60% अंक

■ हाईस्कूल में 90.77 % व इंटरमीडिएट में 83.23% छात्र हुए पास, मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री ने छात्र-छात्राओं को दी बधाई

**रामनगर/देहरादून।** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद ने शनिवार को हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का रिजल्ट घोषित कर दिया है।

हाईस्कूल में विवेकानंद वीएमआईसी मंडलसेरा बागेश्वर के कमल सिंह चौहान व एचजीएस एसवीएम आईसी कुसुमखेड़ा हल्द्वानी के छात्र जतिन जोशी ने 99.20 प्रतिशत अंक लाकर संयुक्त रूप से प्रदेश टॉप किया है। वहीं इंटरमीडिएट में इंटर कॉलेज बदासी देहरादून की छात्रा अनुष्का राणा ने 98.60 प्रतिशत अंक लाकर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। हाईस्कूल का पासिंग 90.77 प्रतिशत और इंटरमीडिएट का 83.23 प्रतिशत रहा है। इस बार भी बालिकाओं ने बाजी मारी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रदेश के शिक्षा मंत्री डा. धनसिंह रावत ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी। शनिवार को बोर्ड के सभापति डा. मुकुल कुमार सती ने बोर्ड के अधिकारियों के साथ हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परिणाम जारी किया। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल में 1,09859 छात्रों ने परीक्षा दी है। 99,725 परीक्षार्थी हाईस्कूल की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। इंटरमीडिएट में 106345 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 88,518 विद्यार्थी पास हो गए। बताया कि हाईस्कूल में बागेश्वर के कमल सिंह चौहान, कुसुमखेड़ा हल्द्वानी के छात्र जतिन जोशी ने 99.20 प्रतिशत अंक हासिल किए गए हैं। दोनों छात्रों ने संयुक्त रूप से प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ सूची में पहला स्थान हासिल किया है। एसवीएम आईसी न्यू टिहरी टिहरी गढ़वाल की छात्रा कनाकलता ने 500 में से 495 अंक यानी 99 प्रतिशत लाकर प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया है। गोस्वामी गनेश दत्त सरस्वती आईसी उत्तरकाशी के छात्र दिव्यम व सीएआईसी अगस्तमुनि रुद्रप्रयाग की छात्रा प्रिया व पीपी सीवीएम आईसी नानकमत्ता ऊधमसिंह नगर की छात्रा दीपा जोशी ने हाईस्कूल की परीक्षा में 500 में से 494 यानी 98.80 प्रतिशत लाकर प्रदेश की श्रेष्ठता सूची में संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया है। हाईस्कूल में बालकों -शेष पृष्ठ दो पर

## जेईई मेन सत्र-2 के परिणाम घोषित

### 24 छात्रों को मिले 100 पर्सेंटाइल



■ 100 पर्सेंटाइल पाने वाले 24 टॉपरों में 22 लड़के और दो लड़कियां शामिल

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने जेईई मेन 2025 के सेशन 2 का परिणाम घोषित कर दिया है, जिसके साथ ही टॉपर्स की सूची भी सार्वजनिक कर दी गई है। इस बार कुल 24 छात्रों ने 100 पर्सेंटाइल प्राप्त किए हैं। इस बार केवल पेपर 1 (बीई/बीटेक) का रिजल्ट घोषित किया गया है।

जबकि पेपर 2 (बीआर्क/बीप्लानिंग) के परिणाम की घोषणा अभी बाकी है। एजेंसी ने 18 अप्रैल को दोपहर 2 बजे जेईई मेन सत्र-2 की फाइनल आंसर-की जारी की थी। इससे एक दिन पहले, 17 अप्रैल को भी आंसर-की वेबसाइट पर अपलोड की गई थी, लेकिन बाद में हटा ली गई थी। एनटीए ने फाइनल आंसर-की से दो सवाल हटा दिए हैं और नियमों के अनुसार इन सवालों के लिए सभी छात्रों को पूरा अंक दिया जाएगा। जेईई मेन के पहले सत्र में 39 उम्मीदवारों के एनटीए स्कोर घोषित नहीं किए गए थे, क्योंकि वे अनुचित व्यवहार में लिप्त पाए गए थे। दूसरे सत्र के दौरान 110 उम्मीदवार परीक्षा -शेष पृष्ठ दो पर

### भारतीय दूतावास ने कनाडा में भारतीय छात्रा की मौत पर जताया शोक

**टोरंटो।** कनाडा में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने गत बुधवार को गोलीबारी की घटना में एक भारतीय छात्रा हरसिमरत रंधावा की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। भारतीय महावाणिज्य दूतावास, टोरंटो ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर कहा कि हम हैमिल्टन, ओन्टारियो में भारतीय छात्रा हरसिमरत रंधावा की दुखद मौत से बहुत दुखी हैं। वह एक निर्दोष पीड़िता थी, दो वाहनों पर हुई गोलीबारी की घटना के दौरान अचानक एक गोली लगने से उसकी मृत्यु हो गई। फिलहाल हत्या की जांच चल रही है।

### सेना ने की लद्दाख में मोबाइल कनेक्टिविटी शुरू

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने एक बड़ा कदम उठाते हुए लद्दाख के सुदूर और अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अभूतपूर्व मोबाइल कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदान की है, जिसमें पूर्वी और पश्चिमी लद्दाख तथा सियाचिन ग्लेशियर के अग्रिम क्षेत्र भी शामिल हैं। सेना ने शनिवार को बताया कि दुनिया के कुछ सबसे दुर्गम इलाकों जैसे दौलत बेग ओल्डी, गलवान, डेमचोक, चुमार, बटालिक, द्रास और सियाचिन ग्लेशियर में तैनात सैनिकों को पहली बार अब विश्वसनीय 4 जी और 5 जी मोबाइल कनेक्टिविटी तक पहुंच मिली है।

### मोदी दो दिवसीय यात्रा पर सऊदी अरब जाएंगे

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस एवं प्रधानमंत्री प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के निमंत्रण पर 22-23 अप्रैल को दो दिवसीय सऊदी अरब की यात्रा पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2016 और 2019 के बाद प्रधानमंत्री की सऊदी अरब की यह तीसरी यात्रा होगी। यह यात्रा सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस एवं प्रधानमंत्री की सितम्बर 2023 में जी 20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने और भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझीदारी परिषद की पहली बैठक की सह-अध्यक्षता के लिए नई दिल्ली की राजकीय यात्रा के बाद की गई है।

## बांग्लादेश में हिंदू नेता की हत्या पर भारत के तेवर तल्ख

### अंतरिम सरकार अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए

नई दिल्ली, वार्ता





**भारत ने बांग्लादेश** में हिंदू समुदाय के नेता भाबेश चंद्र रॉय के अपहरण और नृशंस हत्या किए जाने की निंदा करते हुए वहां की अंतरिम सरकार से बिना कोई बहाना बनाए अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार को इस बारे में मीडिया के सवालों के जवाब में कहा कि हमें बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक नेता भाबेश चंद्र रॉय के अपहरण और क्रूर हत्या की जानकारी मिली है। यह हत्या अंतरिम सरकार के तहत हिंदू अल्पसंख्यकों के व्यवस्थित उत्पीड़न के एक पैटर्न का अनुसरण करती है, यहां तक कि पिछली ऐसी घटनाओं के अपराधी किसी सजा के डर के बिना खुल्लमखुल्ला घूम रहे हैं। श्री जायसवाल ने कहा कि हम इस घटना की निंदा करते हैं और एक बार फिर अंतरिम सरकार को याद दिलाते हैं कि वह बिना किसी नए बहाने या भेदभाव किए हिंदुओं सहित सभी अल्पसंख्यकों की रक्षा करने की अपनी जिम्मेदारी पर खरी उतरे।

### पूर्वोत्तर को लेकर बांग्लादेश की टिप्पणी निंदनीय: खड़गे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बांग्लादेश में हिंदुओं के बड़े नेता भाबेश चंद्र रॉय की निर्मम हत्या और पूर्वोत्तर को लेकर बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार की टिप्पणी को निराशाजनक बताते हुए कहा है कि वहां अल्पसंख्यकों पर जारी हमलों से साफ है कि दोनों मुल्कों के बीच हुई बातचीत विफल रही है। श्री खड़गे ने कहा कि श्री मोदी और बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार की भले ही मुस्कुराते हुए फोटो सामने आई हो, लेकिन सच यह है कि यह बातचीत विफल रही है। बांग्लादेश में बड़े स्तर पर अल्पसंख्यक हिंदू मारे जा रहे हैं, लेकिन कोई सकारात्मक पहल कहीं से नजर नहीं आ रही है। बांग्लादेश में लगातार धार्मिक अल्पसंख्यकों खासकर हमारे हिंदू भाई-बहनों पर अत्याचार हो रहा है।

## दिल्ली में छह मंजिला इमारत गिरी, 11 मरे

### कई लोग मलबे में फंसे, 20 लोगों को फिलहाल मलबे से बाहर निकाला गया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके में शनिवार सुबह एक छह मंजिला इमारत गिर गई। जिसके मलबे में दबकर 11 लोगों की मौत हो गई है। कई लोग मलबे में फंसे हैं। जिन्हें बाहर निकालने का काम जारी है। यह घटना सुबह करीब 3 बजे हुई।

मौके पर डॉग स्क्वॉड, एनडीआरएफ और पुलिस की टीमें मौजूद हैं। फिलहाल बचाव अभियान जारी है। छह मंजिला इमारत देखते ही देखते जमींदोज हो गई। इस पूरे हादसे का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें इस इमारत को गिरते हुए देखा जा सकता है। हादसे की सूचना शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात करीब दो से तीन बजे के बीच में दमकल विभाग को मिली, जिसके बाद तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। अभी भी कई लोग फंसे हुए हैं। हादसे के बाद से अब तक मलबे से 20 लोगों को निकाला जा चुका है, जिसमें चार लोगों की मौत पुलिस कंफर्म कर रही है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि हादसे में 11 लोगों की जान गई है। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात करीब तीन बजे शक्ति विहार की गली नंबर 1 में एक इमारत के ढहने की सूचना पुलिस स्टेशन दयालपुर को मिली। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि तहसीन पुत्र यासीन की चार मंजिला इमारत ढह गई थी, जिसमें कथित तौर पर 22 लोग फंसे हुए थे। एनडीआरएफ, डीएफएस और एम्बुलेंस सेवाओं को तुरंत बुलाया गया और बचाव कार्य शुरू किया गया। डिविजनल फायर ऑफिसर राजेंद्र अटवाल ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और पाया कि पूरी इमारत ढह गई है। हमें लोगों के मलबे में फंसे होने की सूचना भी मिली। रेस्क्यू के लिए एनडीआरएफ और दिल्ली अग्निशमन सेवा की टीमें मिलकर काम कर रही है।

### मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मृतकों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को एक चार मंजिला इमारत ढहने के दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। श्रीमती गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि मुस्तफ़ाबाद में इमारत गिरने की दर्दनाक घटना से मन अत्यंत व्यथित है।



### मेरठ में भी तेज बारिश से दो मकान गिरे

■ नौ माह की बच्ची समेत दो की मौत
14 राज्यों में आंधी-तूफान का अलर्ट

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मेरठ में शुक्रवार को आंधी-बारिश के कारण अलग-अलग जगहों पर दो मकान ढह गए। एक महिला और उसकी 9 माह की बच्ची की मलबे में दबकर मौत हो गई। करीब 10 लोग घायल हुए। लखनऊ में शनिवार सुबह 3 बजे तूफान आया। इससे सैकड़ों पेड़ और बिजली के पोल गिर गए।

इसके चलते रास्ते बंद हो गए। मौसम विभाग ने शनिवार को राजस्थान-मध्य प्रदेश में तेज लू (हीटवेव) की आशंका जताई है। महाराष्ट्र में भी तेज गर्मी रहेगी। इसके अलावा बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, झारखंड, नार्थ ईस्ट समेत 14 राज्यों में आंधी-तूफान की चेतावनी है। बारिश के साथ यहां तेज आंधी और बिजली का भी अलर्ट है। राजस्थान और गुजरात से आई गर्म हवाओं के असर से पूरा मध्य प्रदेश तप रहा है। सीजन में पहली बार शुक्रवार को दिन का पारा 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। खजुराहो, गुना और नौगांव सबसे ज्यादा गर्म रहे। यहां पारा 44 डिग्री पार हो गया। शनिवार को पारा 42.5 डिग्री सेल्सियस और रविवार को 43.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के आसार हैं। 5 जिलों में लू चलेगी। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में तेज आंधी, ओलावृष्टि और भारी बारिश के कारण कई घरों को नुकसान पहुंचा है।

## नाबालिग से रेप, आरोपी चाचा को 20 दिन में उम्रकैद सुनाई



■ तीस हजारी कोर्ट ने 20 लाख मुआवजा देने का दिया आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने 16 साल की नाबालिग बच्ची से रेप कर उसे गर्भवती करने वाले 45 साल के व्यक्ति को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने सिर्फ 20 दिन में इस गंभीर केस का फैसला सुनाया और कहा कि दोषी को जिंदगी भर जेल में रहना होगा।

यह मामला पोक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत दर्ज हुआ था। अदालत ने पीड़िता को 19.5 लाख रुपये का मुआवजा दिलाने का आदेश भी दिया। अदालत ने कहा कि जब आरोपी ने लड़की का यौन शोषण करना शुरू किया, तब उसकी उम्र 45 साल थी और लड़की सिर्फ 16 साल की थी। एडिशनल सेशन जज बबीता पुनिया ने कहा कि दोनों के बीच करीब 30 साल का फर्क था। इतनी बड़ी उम्र का अंतर इस मामले को और ज्यादा गंभीर बनाता है। मेरे मन में इस बात को लेकर कोई संदेह नहीं है कि पीड़ित बच्ची ने बहुत कष्टदायक पीड़ा सहन की होगी। दरअसल, दोषी पीड़ित के पिता का जानकार था और वह उसे चाचा कहकर बुलाती थी। उसने बच्ची से कई बार रेप किया और प्रेग्नेंट कर दिया।

## मकोका मामले में नरेश बाल्यान समेत 7 आरोपियों की न्यायिक हिरासत बढ़ी

■ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट में पेश हुए 'आप' के पूर्व विधायक

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक नरेश बाल्यान और अन्य छह आरोपियों की न्यायिक हिरासत शनिवार को 23 अप्रैल तक बढ़ा दी।

ड्यूटी जज जितेंद्र सिंह ने जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बाल्यान, रितिक उर्फ पीटर, रोहित उर्फ अन्ना, सचिन चिकारा, साहिल उर्फ पोली, विजय उर्फ कालू और ज्योति प्रकाश उर्फ बाबा की पेशी के बाद उन सभी की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी। सरकारी वकील वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये और जांच अधिकारी सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) नरेश अदालत के समक्ष पेश हुए और साहिल उर्फ पोली तथा विजय उर्फ कालू की न्यायिक हिरासत चार दिन बढ़ाने की मांग की। अदालत ने अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद सभी आरोपियों की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ा दी।

## अफगानिस्तान में फिर महसूस हुए भूकंप के झटके

### दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान में भी डोली धरती

**काबुल।** अफगानिस्तान में शनिवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके पाकिस्तान, जम्मू-कश्मीर और दिल्ली तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में भी महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंपीय निगरानी केंद्र ने बताया कि रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.8 मापी गई।

केंद्र ने बताया कि अफगानिस्तान में शनिवार को दोपहर बाद 12:17 बजे (भारतीय समयानुसार) यह भूकंप आया। दिल्ली-एनसीआर और जम्मू-कश्मीर समेत उत्तर भारत के कई इलाकों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। अफगानिस्तान में अभी भूकंप से हताहतों और नुकसान के बारे में कोई प्रारंभिक रिपोर्ट नहीं मिली है। इसके अलावा भारत में भी अभी तक किसी नुकसान या हताहत होने की कोई सूचना नहीं मिली है। अफगानिस्तान के अलावा पाकिस्तान में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंपीय निगरानी केंद्र ने पूर्वाह्न 11:47 बजे (स्थानीय समयानुसार) 5.9 तीव्रता का भूकंप बताया।





## जनेऊ पहनने पर छात्र को परीक्षा से रोका

### सीईटी पेपर देने गया था, गेट पर काटने को कहा, आरोपियों के खिलाफ FIR

बेंगलुरु, वार्ता

■ परीक्षा केंद्र के कर्मचारियों का दावा : किसी भी छात्र से पवित्र धागा उतारने को नहीं कहा



**कर्नाटक में दो** कॉलेजों में स्टूडेंट के जनेऊ पहनने पर विवाद हो गया। पहला मामला शिवमोगा जिले के आदिचुंचनगिरी स्कूल का है। जहां कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीईटी) एग्जाम देने आए तीन स्टूडेंट का जनेऊ उतरवाया गया।

वहीं दूसरा मामला बीदर जिले के साई स्पूर्थी पीयू कॉलेज का है। यहां एक स्टूडेंट ने जनेऊ उतारने से मना कर दिया, तो उसे एग्जाम में बैठने नहीं दिया गया। मामला सामने आने के बाद कर्नाटक ब्राह्मण महासभा की तरफ से पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। कर्नाटक के बीदर में एग्जाम देने गए स्टूडेंट सुचिव्रत कुलकर्णी ने बताया कि 17 अप्रैल को मेरा मैथ का सीईटी एग्जाम था। जब मैं एग्जाम सेंटर पहुंचा, तो कॉलेज मैनेजमेंट ने मेरी जांच की और मेरा जनेऊ देखा। उन्होंने मुझसे कहा कि इसे काट दो या हटा दो, तभी वे मुझे परीक्षा में बैठने देंगे। 45 मिनट तक मैं उनसे अनुरोध करता रहा, लेकिन आखिरकार मुझे घर वापस आना पड़ा। मेरी मांग है कि सरकार दोबारा परीक्षा कराए या मुझे सरकारी कॉलेज में सीट दे। पुलिस के मुताबिक, आदिचुंचनगिरी पीयू कॉलेज एग्जाम सेंटर पर सुरक्षा कर्मचारियों ने तीन छात्रों से जनेऊ उतारने को कहा गया। एक स्टूडेंट ने मना कर दिया, तो उसे रोक दिया गया। जबकि दो अन्य छात्रों ने परीक्षा हाल में प्रवेश करने से पहले जनेऊ उतार दिया। एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब हमने कॉलेज अधिकारियों से पूछताछ की, तो उन्होंने कहा कि उनकी ओर से केवल परीक्षा कराने के लिए बिल्डिंग दी गई है। एंट्रेंस एग्जाम आयोजित करने या सुविधा प्रदान करने में उनकी कोई भूमिका नहीं है। वहीं परीक्षा केंद्र के कर्मचारियों ने दावा किया कि उन्होंने किसी भी छात्र से अपनी शर्ट या पवित्र धागा उतारने को नहीं कहा।



# उत्तर प्रदेश में मौसम ने तेजी के साथ करवट बदली

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ लखनऊ में आधी रात के बाद चली आंधी
■ कई जिलों में बारिश और वज्रपात का अलर्ट, चलेंगी हवाएं

**लखनऊ।** यूपी में मौसम ने तेजी के साथ करवट ली है। राजधानी लखनऊ सहित पूरे पूर्वांचल में मौसम के बदलने का अलर्ट जारी हुआ है। शुक्रवार की देर रात तक लखनऊ में तेज आंधी चली जिससे कई इलाकों की बिजली गुल हो गई।

मौसम विभाग के मुताबिक नए सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के असर से लखनऊ में शनिवार को गरज-चमक और झोंकेदार हवाओं संग बारिश की संभावना है। हवाओं की रफ्तार 30 से 50 किमी प्रति घंटे तक जा सकती है। तेज हवाओं और बूंदाबांदी से पारे में गिरावट आएगी और गर्मी से फिलहाल राहत रहेगी। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि ईरान से चले पश्चिमी विक्षोभ की तीव्रता शनिवार को लखनऊ में दिखाई देगी। इसके असर से यहां झोंकेदार हवाओं संग बारिश की संभावना बन रही है। रविवार को भी राजधानी में बूंदाबांदी की स्थितियां बन सकती हैं। 21 अप्रैल से दोबारा पारे में बढ़त देखने को मिलेगी। अंबेडकरनगर, अमेठी, अयोध्या, आजमगढ़, बदायूं, बागपत, बहराइच, बलिया, बलरामपुर, बाराबंकी, बस्ती, चंदौली, देवरिया, गाजीपुर, गोंडा, हापुड़, हरदोई, जौनपुर, कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, मऊ, मिर्जापुर, पीलीभीत, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, रामपुर, भदोही, संभल, शाहजहांपुर, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, सोनभद्र, श्रावस्ती, सुल्तानपुर, उन्नाव, वाराणसी व आसपास के इलाकों में गरज-चमक संग बारिश की चेतावनी जारी की गई है। अमरोहा, बिजनौर, बरेली, मुरादाबाद पीलीभीत, रामपुर, शाहजहांपुर, अंबेडकरनगर, अमेठी, अयोध्या, आजमगढ़, बदायूं, बागपत, बहराइच, बलिया, बलरामपुर, बाराबंकी, बस्ती, चंदौली, देवरिया, गाजीपुर, गोंडा, गोरखपुर, हापुड, हरदोई, जौनपुर, कानपुर नगर, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, महाराजगंज, मऊ, मेरठ, मिर्जापुर, मुजफ्फरनगर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, भदोही, सहारनपुर, संभल, शामली, सिद्धार्थनगर, संत कबीर नगर, सोनभद्र, श्रावस्ती, सुल्तानपुर, उन्नाव, वाराणसी व आसपास के इलाकों में झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है।

## कश्मीर में भारी वर्षा, प्रमुख सड़कें बंद

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में पिछले 24 घंटों से भारी वर्षा होने के कारण निचले इलाकों में जलभराव हो गया है, जिससे यहां का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग खुला है, लेकिन बर्फबारी के कारण श्रीनगर-लेह, बांदीपोरा-गुरेज़, मुगल रोड और सिन्थन रोड अस्थायी रूप से बंद हैं। अधिकारियों ने बताया कि सड़क एजेंसियों से हरी झंडी मिलने के बाद ही इन सड़कों पर यातायात की अनुमति दी जाएगी। खराब मौसम के चलते बांदीपोरा जिले में एहतियातन तुलैल में कक्षा आठवीं तक और गुरेज तहसील में पांचवीं कक्षा तक की कक्षाएं शनिवार को स्थगित कर दीं गईं। कश्मीर के कई जिलों में भारी बारिश हुई, जिनमें गुलमर्ग में सबसे ज्यादा 35.2 मिलीमीटर द्धमिमीत्रः बारिश दर्ज की गई। वहीं, कोकरनाग में 33.2 मिमी, कुपवाड़ा में 20 मिमी, काज़ीगुंड में 27.4 मिमी और श्रीनगर में 18.3 मिमी बारिश हुई। जम्मू संभाग में, बटोटे में 15.4 मिमी बारिश हुई, जो इस क्षेत्र में सबसे अधिक है। केन्द्र शासित प्रदेश में अगले 24 घंटों में व्यापक रूप से हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने के आसार हैं।

# ये करणी नहीं, योगी सेनाः अखिलेश



आगरा में सपा प्रमुख बोले- सरकार से हो रही फंडिंग

**आगरा।** सपा सांसद रामजीलाल सुमन घर पर हुए हमले के बाद पार्टी मुखिया अखिलेश यादव ने उनसे मुलाकात की। उन्होंने करणी सेना पर हमले का आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार द्वारा प्रायोजित हिंसा है, जिसका उद्देश्य दलितों और अल्पसंख्यकों को डराना है। अखिलेश ने आरोप लगाया कि सरकार करणी सेना को फंडिंग कर रही और पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

सांसद रामजीलाल सुमन ने बीते दिनों राणा सांगा को लेकर विवादित टिप्पणी की थी, जिसके बाद भारी बवाल देखने को मिला। करणी सेना ने आगरा पहुंचकर प्रदर्शन किया। पिछले दिनों सांसद के घर पर कुछ लोगों ने हमला करने की कोशिश भी की थी, जिसके बाद सांसद की सुरक्षा बढ़ा दी गई। सांसद सुमन के बयान के बाद खूब गहमागहमी देखने को मिली। पूरे बवाल के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी शनिवार को सांसद से मिलने आगरा पहुंचे, जहां उन्होंने सरकार पर जमकर हमला बोला है। अखिलेश ने मीडिया से बातचीत के दौरान सरकार पर आरोप लगाया कि ये पीडीए को तोड़ने की कोशिश है। सपा प्रमुख ने कहा कि समाजवादी पार्टी बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान और उसके तहत हमें मिले अधिकारों का पालन करते हुए आगे बढ़ेगी। तलवार लहराने वालों और गाली-गलौज करने वालों पर कार्रवाई होगी। अखिलेश यादव ने सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के घर पर करणी सेना की तरफ से किए गए हमले को लेकर कहा कि ये पीडीए को डराने की कोशिश की गई है। उन्होंने कहा कि सांसद के आवास पर अचानक हमला नहीं हुआ, ये हमला एक साजिश के तहत हुआ है, हमलावरों का इरादा जान लेने का था। अखिलेश ने कहा कि हाल में हुए उपचुनाव भी ये लोग डराकर ही जीते हैं। प्रयागराज में एक दलित को मारकर जला दिया गया। ये एक तरह से दलिता. -अल्पसंख्यकों को डराने कोशिश पूरी कोशिश की गई है।

अखिलेश यादव ने कहा कि करणी सेना नहीं, ये योगी सेना है, जिसके लिए सरकार से फंडिंग हो रही है। सीएम के स्वजातीय लोगों ने जिस तरह तलवारें लहराईं, वो पिछड़ा, दलित अल्पसंख्यकों को हटाना चाहते हैं। तलवार लहराने पर भी न तो पुलिस ने कोई कार्रवाई की और न ही किसी ने विरोध किया। इस तरह के शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अनुमति सरकार ने दी थी। उनका इरादा जान लेने का था, ये सब प्रदर्शन सरकार की फंडिंग पर हो रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### महाकुंभ बसाने वाले लल्लूजी के गोदाम में भीषण आग

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में शास्त्री ब्रिज के बीच में काली सड़क पर स्थित कुंभ मेला बसाने वाले लल्लू जी टेंट हाउस के अस्थाई गोदाम में लगी भीषण आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पा लिया गया। पुलिस उपायुक्त (नगर) अभिषेक भारती ने बताया कि सुबह सात बजे सूचना मिली कि महाकुंभ बसाने वाले लल्लूजी के काली सड़क पर स्थित अस्थाई गोदाम में आग लग गई। सूचना के बाद मौके पर कई बड़े प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। गोदाम में रखे बड़ी संख्या में बांस-बल्लियां, टेंट के पर्दे, रजाई-गद्दे, कुर्सी-मेज और प्लाईवुड में आग लगी है। सिविल लाइंस, हंडिया, मेजा, कोरांव, नैनी, प्रतापगढ़, कौशांबी से 18 दमकल गाड़ियों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से छह घंटे में बाद काबू पा लिया गया।

### हिंदू-हिंदी की राजनीति पर उद्धव ठाकरे को फटकार

**प्रयागराज।** दक्षिणी राज्य तमिलनाडु में हिंदी को लेकर पिछले दिनों हुए विवाद अभी पूरी तरह थमा भी नहीं था कि अब महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे के 'हिंदू और हिंदी' वाले बयान पर संतों ने फटकार लगाते हुए उन्हें विवाद से बचने की नसीहत दी। श्रृंगवेरपुर पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी नारायणाचार्य शांडिल्य महाराज ने राज ठाकरे के साथ ही शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे को हिंदी भाषा को लेकर राजनीति न करने की कड़ी चेतावनी दी।

### आतंकवादी सहयोगी का वाहन किया जब्त

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बड़गाम जिले में एक आतंकवादी के सहयोगी का वाहन जब्त कर लिया गया है। पुलिस की ओर से शनिवार को यहां जारी एक बयान के मुताबिक गैरकानूनी गतिविधि अधिनियम (1967) के तहत बड़गाम के कांत. बाग क्रालपोरा निवासी मुद्दसर अहमद राठेर के कब्जे से एक 'इनोवा' कार को जब्त किया है। राठेर एक आतंकी मॉड्यूल से जुड़ा हुआ था। बयान के मुताबिक बड़गाम पुलिस की इस कार्रवाई से यह स्पष्ट होता है कि वह किसी भी तरह की आंतकी गति. विधियों को बर्दाश्त नहीं करने के साथ ही ऐसी गतिविधियों का समर्थन करने वालों को भी नहीं बख्शेगी।

# जैन मंदिर ध्वस्तः बीजेपी पर बरसी कांग्रेस-सपा

मुंबई, वार्ता

■ ये नफरत सिर्फ मुसलमानों तक सीमित नहीं रहेगी: कांगेस
■ पीडीए और पीड़ा नहीं सहेगा: सपा

मुंबई के विले पार्ले के कांबलीवाड़ी स्थित दशकों पुराने पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर को मुंबई नगर निगम के तोड़े जाने पर पूरे देश के जैन समुदाय में भारी आक्रोश है। इस कार्रवाई के खिलाफ शनिवार को जैन समाज के लोगों ने अहिंसक रैली निकाली, जिसमें हजारों की संख्या में जैन समाज के लोग शामिल हुए। इस बीच कांग्रेस ने इस घटना को लेकर बीजेपी सरकार पर निशाना साधा है।

कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी का कहना है कि पहले ही इस बात को कह दिया गया था कि ये नफरत सिर्फ मुसलमानों तक ही सीमित नही रहेगी, बल्कि दूसरे धर्म भी इसकी जद में आएंगे। सांसद ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसके कैप्शन में उन्होंने कहा है कि मुंबई में कुछ दिनों पहले जैन समाज के मंदिर पर बुलडोजर चलाकर उसे ध्वस्त किया गया था, आज पूरा जैन समाज सड़कों पर है: प्रतापगढ़ी। उन्होंने कहा कि नेता विपक्ष राहुल गांधी ने पहले ही कहा था कि ये नफरत सिर्फ मुसलमानों तक सीमित नहीं रहेगी। वहीं कांग्रेस के साथ ही समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने भी इस कार्रवाई को लेकर बीजेपी पर हमला किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए कहा 'भाजपा सरकार के तहत मुंबई में तोड़े गए जैन मंदिर के विरोध में उमड़ा ये जैन समाज, देश में भाजपा सरकारों द्वारा अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न के खिलाफ उफान पर आया वो क्रोध, रोष और आक्रोश है जिसका ज्वालामुखी बहुत दिनों से सुलग रहा था। आज ये तस्वीरें पूरी दुनिया में देखी जा रही हैं। भाजपा ने अपनी नकारात्मक राजनीति से हमारे देश की सहिष्णुता की स्वस्थ और स्वच्छ छवि बहुत धूमिल कर दी है। सबसे बड़ा सवाल ये है कि आजादी के इतने सालों बाद आखिर भाजपा के शासन में ही और विशेषकर भाजपा शासित राज्यों में ही ऐसी घटनाएं क्यों घट रही हैं और जैन समाज कई बार सड़कों पर उतरने के लिए क्यों मजबूर हुआ है। ये विशाल जनाक्रोश बता रहा है कि अब भ्रष्ट भाजपा अपने अंतिम चरण में है, जैनियों के कार्यक्रम में प्रवचन देने वाले भाजपाई अब कहां छुपकर बैठे हैं।

## योगी ने सुनी 300 लोगों की समस्याएं, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

# किसी के साथ अन्याय नहीं होने देंगे

गोरखपुर, वार्ता



■ अधिकारी लोगों की शिकायतें हल करना सुनिश्चित करें, किसी को चिंतित या परेशान होने की जरूरत नहीं: सीएम

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गोरखपुर में शनिवार को तेज बारिश के बावजूद जनसेवा का अनुष्ठान जारी रखा और जनता दर्शन का आयोजन सुनिश्चित कराने के साथ ही उन्होंने करीब 300 लोगों की समस्याएं सुनीं और इन समस्याओं के त्वरितए गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतोषजनक निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए।

मुख्यमंत्री के गोरखपुर प्रवास पर होने के चलते शनिवार सुबह कई लोग जनता दर्शन में शामिल होने पहुंचे थे, परंतु तेज बारिश के कारण उन्हें यह आशंका थी कि शायद उनकी मुलाकात मुख्यमंत्री से न हो पाए, लेकिन मुख्यमंत्री ने प्रतिकूल मौसम को देखते हुए लोगों के बैठने की व्यवस्था महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में कराई। इस दौरान उन्होंने 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और सभी को आश्वस्त किया सबकी समस्या का निस्तारण करना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने पाएगा। योगी ने लोगों की समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र लेकर उसे अधिकारियों की इस निर्देश के साथ हस्तगत किया कि समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण सुनिश्चित करें। जनता दर्शन में योगी ने आत्मीयता से सभी लोगों को समस्या निस्तारण का भरोसा देते हुए कहा कि किसी की चिंता करने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। सबकी समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। उन्होंने पुलिस व राजस्व से जुड़े मामलों में कार्रवाई करने में अनावश्यक विलंब न होने की हिदायत दी, तो जमीन कब्जा करने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए दबंग और भू-माफिया पर नकेल कसने के निर्देश दिए। पुलिस से जुड़े कुछ मामलों पर मुख्यमंत्री ने कहा प्राथमिकी दर्ज करने और उसके बाद विधिक कार्यवाही में कोताही नहीं होनी चाहिए। घरेलू विवाद के मामले में उन्होंने परस्पर संवाद से समस्या कासमाधान करने के निर्देश दिए। हर बार की भांति इस बार भी जनता दर्शन में कुछ लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने अधिका. रियों को निर्देशित किया कि इलाज में इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कर शासन को भेजें। इलाज के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि धन के अभाव में किसी का इलाज बाधित नहीं होगा। जनता दर्शन में समस्या लेकर आई आंशिक रूप से शारीरिक अक्षमता की शिकार कर महिला और उसकेसाथ बच्चे को देखकर मुख्यमंत्री भावुक हो गए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इनकी समस्या का निस्तारण कराओ और इन्हें चाय भी पिलाओ। इस दौरान कुछ अन्य लोगों के साथ आए उनके बच्चों को योगी ने प्यार दुलारकर आशीर्वाद दिया। उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट दिया। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह तेज बारिश का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। खराब मौसम में भी वह गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन और अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा समक्ष शीश झुकाने के बाद मंदिर परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओंका जायजा लेने निकले।

## यूपी के बांध और झील बनेंगे पर्यटन केन्द्र

**लखनऊ।** योगी सरकार ने ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए चित्रकूट, महोबा, सोनभद्र, हमीरपुर, झांसी, सिद्धार्थनगर और बांदा जनपदों में स्थित सात प्रमुख बांधों और झीलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का फैसला लिया है। इन स्थानों को ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए बांधों और जलाशयों को पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित किया जाएगा। इन स्थानों पर जल और एडवेंचर गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सिंचाई और जल संसाधन विभाग की सहमति, सहयोग सुनिश्चित किया गया है। जिन बांधों और जलाशयों को इको टूरिज्म के लिए चुना है, उनमें चित्रकूट में गुन्ता बांध, महोबा में अर्जुन डैम, सोनभद्र में धंधरौल डैम, हमीरपुर में मौदहा डैम, झांसी में गढ़मऊ झील, सिद्धार्थनगर में मझौली सागर और बांदा में नवाब टैंक शामिल है। इसका उद्देश्य प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर इन जलाशयों को पर्यटकों के लिए आकर्षक बनाना है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। सिंचाई और जल संसाधन विभाग इन परियोजनाओं के लिए तकनीकी सहायता और आवश्यक अनुमतियां प्रदान करेगा। विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि बांधों की सुरक्षा और संरचना पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, साथ ही जल क्रीड़ा गतिविधियों के लिए उपयुक्त पर्यावरण और सुरक्षा मानकों का पालन किया जाए। उत्तर प्रदेश में प्राकृतिक और सांस्कृतिक समृद्धि का खजाना है। योगी सरकार का लक्ष्य इन बांधों और झीलों को विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना है, ताकि पर्यटक प्रकृति के बीच सुकून और साहसिक अनुभव प्राप्त कर सकें। इस परियोजना से स्थानीय समुदायों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लाभ होगा। पर्यटन गतिविधियों के विकास से होटल, रेस्तरां, परिवहन और गाइड सेवाओं जैसे क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

# सड़क हादसे में मां-बाप समेत 4 की मौत

## बेटे की अस्थियां विसर्जित करने जा रहा था परिवार

फतेहपुर, वार्ता



■ यूपी के फतेहपुर में खड़े डंपर में घुस गई कार दो गंभीर घायल

यूपी के फतेहपुर में भीषण हादसे में दंपति समेत चार लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में एक बेकाबू कार ने हाइवे के किनारे खड़े डंपर में पीछे से टक्कर मार दी। यह टक्कर इतना तेज थी कि कार का पिछला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। एक महिला और बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है।

पुलिस के मुताबिक हादसे में घायल महिला और बच्चे को मंडलीय अस्पताल, खागा पहुंचाया गया। जहां उनकी हालत को देखते हुए डॉक्टरों जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पुलिस के मुताबिक घायलों और मृतकों की पहचान कर उनके परिजनों को सूचित कर दिया है। झांसी जिले के दीनदयाल नगर निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर आदित्य की मौत हो गई थी। इसके बाद उनके पिता रामकुमार भार्गव (55), मां कमलेश भार्गव (50), जीजा पराग चौबे (50) पत्नी चारू (35), 12 वर्षीय भतीजा काश्विक और ड्राइवर शुभम (35) अटिगा से आदित्य की अस्थियां विसर्जित करने प्रयागराज जा रहे थे। शनिवार की सुबह लगभग 5 बजे उनकी गाड़ी खागा कोतवाली के प्रयागराज कानपुर हाईवे पर सुजानीपुर चौराहा से गुजर रही थी। इसी दौरान हनुमान मंदिर के सामने कार हाईवे के किनारे खड़े डंपर में पीछे से जा घुसी। इसके बाद एक तेज धमाका हुआ। फिर स्थानीय लोग और दुकानदारों ने इस हादसे की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही डंफर का ड्राइवर मौके से वाहन लेकर फरार हो गया। फिर पुलिस घटनास्थल से सभी घायलों को मंडलीय अस्पताल, खागा ले गई, जहां डॉक्टरों ने रामकुमार और उनकी पत्नी कमलेश, शुभम और पराग को मृत घोषित कर दिया। आदित्य की पत्नी चारु और भतीजे कश्विक की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज हो रहा है।

# कांगेस ने 2000 करोड़ की संपत्ति हड़पी

नेशनल हेराल्ड मामले पर बीजेपी का कांग्रेस पर हमला

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर कांग्रेस और गांधी परिवार पर तीखा हमला बोला है। पार्टी प्रवक्ता प्रत्यूष कांत ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने आजादी के आंदोलन से जुड़ी नेशनल हेराल्ड जैसी ऐतिहासिक संस्था को अपने निजी लाभ के लिए इस्तेमाल किया।

प्रत्यूष कांत ने कहा कि आजादी के लिए एक न्यूज पेपर शुरू किया गया था। यह फ्रीडम फाइटर्स का सपना था कि भारत में फ्री मीडिया होगा, लेकिन आज एक परिवार ने उसे अपने घर की प्रॉपर्टी बना लिया है। उन्होंने दावा किया कि महज 50 लाख रुपए देकर गांधी परिवार ने करीब 2000 करोड़ रुपए की संपत्ति पर कब्जा कर लिया। ये करप्शन इतनी गहराई तक फैला है कि ये मॉडल हॉवर्ड बिजनेस स्कूल में भी नहीं सिखाया जाता, बल्कि रॉबर्ट वाड्रा बिजनेस स्कूल में ही पढ़ाया जाता है। बीजेपी प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने फर्जी विज्ञापन, फर्जी किराया समझौते के जरिए तीन तरीकों से घोटाला किया। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की गई।

# आवक और उठाव बराबर रहने से सभी जिंसों में रहा टिकाव

नई दिल्ली, वार्ता



स्थानीय स्तर पर आवक और उठाव बराबर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहनः दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाजः अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहनः चना 5750-5850, दाल चना 6750-6850, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाजः (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3450-3550 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ः चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 15385 रुपये, मूंगफली तेल 19047 रुपये, सूरजमुखी तेल 16703 रुपये, सोया रिफाइंड 14835 रुपये, पाम ऑयल 13187 रुपये और वनस्पति तेल 16484 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड बोर्ड....** का उत्तीर्ण 88.20 व बालिकाओं का उत्तीर्ण 93.25 प्रतिशत रहा। हाईस्कूल में चम्पावत 96.97 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर रहा है। वहीं इंटरमीडियट में केशव भट्ट एसपीआईसी करबारी ग्रांट देहरादून, कोमल कुमारी गोस्वामी गनेश दत्त सरस्वती विद्या मंदिर आईसी उत्तरकाशी को 500 में से 489 अंक यानी 97.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर श्रेष्ठता सूची में संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे हैं। एसवीएमआईसी आवास विकास ऋषिकेश देहरादून के छात्र आयूष सिंह रावत ने 96.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश की सूची में तीसरा स्थाल हासिल किया है। इंटर का उत्तीर्ण प्रतिशत 83.23 रहा। प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या 41290 है। जनपद पिथौरागढ़ कुल 91.90 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर रहा है। बालकों का 80.10 प्रतिशत व बालिकाओं का 86.20 प्रतिशत रहा।

**जेईई मेन...** से संबंधित दस्तावेजों की जालसा. जी सहित अनुचित साधनों में शामिल पाए गए और परिणामस्वरूप, उनके परिणाम घोषित नहीं किए गए। एनटीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इन उम्मीदवारों के अलावा, 23 उम्मीदवारों के परिणाम उनकी तस्वीरों, बायोमेट्रिक विवरण या पहचान सत्यापन के लिए अन्य व्यक्तिगत जानकारी में विसंगतियों के कारण रोक दिए गए हैं। इन उम्मीदवारों को अपने परिणाम घोषित करने के लिए एक निर्दिष्ट तिथि के भीतर एनटीए को एक राजपत्रित अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित अपनी तस्वीरों का वैध प्रमाण प्रदान करने के लिए कहा गया है। जेईई मेन 2025 के जारी परिणामों के साथ-साथ जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालिफाइंग कटऑफ भी घोषित कर दी गई है। सामान्य श्रेणी के छात्रों को जेईई एडवांस्ड में बैठने के लिए कम से कम 93.10 पर्सेंटाइल की आवश्यकता होगी। वहीं, ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए कटऑफ 80.38, ओबीसी के लिए 79.43, एससी के लिए 61.15, और एसटी वर्ग के छात्रों के लिए कटऑफ 47.90 पर्सेंटाइल निर्धारित की गई है। 100 पर्सेंटाइल पाने वाले 24 टॉपरों में 22 लड़के और 2 लड़कियां शामिल हैं। इस बार के 24 टॉपर्स में से सबसे अधिक 7 छात्र राजस्थान से हैं। इनके अलावा तेलंगाना से 3, महाराष्ट्र से 3, उत्तर प्रदेश से 3, पश्चिम बंगाल से 2, दिल्ली और गुजरात से 2-2, जबकि आंध्र प्रदेश और कर्नाटक से 1-1 छात्र टॉपर्स की सूची में शामिल हैं। इस वर्ष कुल 24 छात्रों ने 100 पर्सेंटाइल हासिल किए हैं। टॉपर्स की सूची इस प्रकार है- मोहम्मद अनस, राजस्थान, आयुष सिंघल, राजस्थान, आर्किसमैन नंदी, पश्चिम बंगाल, देवदत्त माझी, पश्चिम बंगाल, आयुष रवि चौधरी, महाराष्ट्र, लक्ष्य शर्मा राजस्थान, कुशाग्र गुप्ता कर्नाटक, हर्ष गुप्ता, तेलंगाना, आदित प्रकाश भगड़े गुजरात, दक्ष दिल्ली, हर्ष झा, दिल्ली, राजित गुप्ता राजस्थान, श्रेयस लोहिया उत्तर प्रदेश, सक्षम जिंदल राजस्थान, सौरव उत्तर प्रदेश, वंगाला अजय रेड्डी तेलंगाना, सानिध्य सराफ, महाराष्ट्र, विशाद जैन महाराष्ट, अर्णव सिंह राजस्थान, शिवेन विकास तोशनीवाल गुजरात, कुशाग्र बैंगहा उत्तर प्रदेश, साई मनोगना गुथिकोंडा आंध्र प्रदेश, ओम प्रकाश बेहरा राजस्थान, बानी ब्रता माजी तेलंगाना।

# महिलाओं पर अत्याचार स्वीकार्य नहींः विजया

मुर्शिदाबाद, वार्ता



■ मुर्शिदाबाद में दंगा पीड़ितों से मिलीं राहतकर दिया न्याय का भरोसा

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहतकर ने बंगाल के हिंसा प्रभावित जिलों मुर्शिदाबाद, मालदा और धुलियान पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें न्याय का भरोसा दिलाया। राष्ट्रीय महिला आयोग के अलावा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम ने भी मुर्शिदाबाद में दंगा प्रभावित लोगों से मुलाकात की। एनसीडब्ल्यू पीड़ितों को आश्वासन दिया कि भविष्य में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्र हर आवश्यक कदम उठाएगा।

एनसीडब्ल्यू प्रमुख विजया राहतकर ने पीड़ितों से कहा कि चिंता करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि केंद्र उनके साथ है। उन्होंने मुर्शिदाबाद में पीड़ितों से कहा कि हम आपकी दुर्दशा का पता लगाने आए हैं। ऐसा न सोचें कि आप अकेले हैं, देश और आयोग आपके साथ है। उन्होंने कहा कि एनसीडब्ल्यू अपनी रिपोर्ट केंद्र को सौंपेगा। पीड़ितों ने राहतकर से कहा हिंसा प्रभावित इलाकों में स्थायी बीएसएफ शिविर स्थापित किए जाएं। मानवाधिकार आयोग ने जाफराबाद इलाके में मारे गए पिता पुत्र हरगोविंद और चंदन के परिजनों से भी मुलाकात की और न्याय का भरोसा दिलाया। मानवाधिकार और महिला आयोग जांच के बाद केंद्र को अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। मुर्शिदाबाद जिले में दंगा प्रभावित शिविर में महिलाओं ने हिंसा के दिनों के दौरान अपनी दुर्दशा बताई। राहतकर ने कहा महिलाओं के ऊपर अत्याचार किए गए हैं, जो स्वीकार्य नहीं किए जाएंगे। राहतकर ने उन्हें भरोसा दिया कि भविष्य में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्र द्वारा सभी कदम उठाए जाएंगे। इससे पहले विजया ने 11 और 12 अप्रैल को मुर्शिदाबाद के शमशेरगंज, सुती, धुलियान और जंगीपुर इलाकों में भड़की हिंसा का स्वतः संज्ञान लिया था।

### पश्चिम बंगाल की सीएम का नाम बेगम ममता हो

**नई दिल्ली।** भाजपा के फायरब्रांड नेता विनय कटियार ने कहा है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री आधी हिन्दू हैं और आधी मुसलमान, इसलिए उनका नाम बेगम ममता रख दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा के लिए राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जिम्मेदार हैं। उनका कहना है कि सीएम ही हिंसा करवा रही हैं। उन्होंने राज्य की सीएम ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि बंगाल में हिंसा सीएम के इशारों पर हो रही है। बीज. पी नेता विनय कटियार का कहना है कि जब तक ममता बनर्जी सीएम की कुर्सी पर बैठी रहेंगी, तब तक बंगाल में सुधार की कोई गुंजाइश नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य के आधे लोग उन्हीं के अनुसार चल रहे हैं। ऐसे में सीएम को कुर्सी से हटाना जरूरी है, तभी बंगाल की रक्षा हो सकती है। कटियार ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी खुद ही हिंसा करवा रही हैं और फिर सबका श्रेय भी ले रही हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मैडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# तेज आंधी व बारिश ने जमकर मचाई तबाही







## सैकड़ों की संख्या में गिरे पेड़, पोल भी उखड़े, आम की फसल को भारी नुकसान, बिजली गुल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा/नौगांवा सादात।** तेज आंधी व तूफान ने जिले में जमकर कहर बरपाया। दर्जनों पेड़ धराशाई हो गये जबकि बिजली के खंभे भी गिर गये। जिससे भारी नुकसान हुआ है। लोगों को 24 घंटे बीत जाने के बाद भी बिजली के दर्शन नहीं हुए। घरों में पेयजल की समस्या पैदा हो गई। इन्वर्टर भी किसी काम के नहीं रहे।

शुक्रवार की रात करीब साढ़े आठ बजे तेज हवा से इसकी शुरूआत हुई। देखते ही देखते हवा ने आंधी का रूप ले लिया। इसके साथ वर्षा भी शुरू हो गई। जिससे नगर की विद्युत आपूर्ति बाधित कर दी गई। तेज आंधी के कारण अहरोई फीडर से जुड़े लोग अंधेरे में डूब गये। क्योकि पेड़ टूटकर विद्युत तारों पर गिर जाने के कारण पोल जमीन पर धराशाई हो गये। रात के समय गायब हुई बिजली सारा दिन नहीं आई। लोगों ने दिन निकलने पर पता किया तो जानकारी मिली कि अहरोई फीडर से जुड़ी लाईन के करीब 17 खंभे गिर जाने से यह समस्या बनी है। यहां से आधे शहर को बिजली आपूर्ति की जाती है। जनता लगातार बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के फोन खड़खड़ाते रही। लेकिन कोई भी संतोष जनक जवाब नहीं दे रहा था। उधर बिजली गायब होने से लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ा। टैंक खाली हो जाने के कारण वह सरकारी हैंडपम्प से पानी लाते नजर आ रहे थे। सुबह की सारी दिनाचार्य बिजली के कारण बिगड़ गई। स्नान आदि की समस्या पैदा हो गई। जिस कारण लोग समय पर अपने काम पर नहीं जा सके। उधर तेज आंधी के कारण आम व गेंहू की फसल को भारी नुकसान हुआ है। पेड़ों पर लगी छोटी अमिया टूटकर जमीन पर गिर गई। इसके अलावा बूंदाबांदी के कारण खेतों में काटकर जमा की गई गेंहू की सफल भी भीग गई। जिससे किसानों के चेहरे लटक गये। हर कोई मौसम में आये इस बदलाव के कारण परेशान नजर आया। हालांकि मौसम विभाग ने पूर्व में भी इसकी घोषणा कर दी थी। जिन लोगों को इसकी जानकारी थी वह पहले ही सचेत हो गये थे। लेकिन बीती रात आये इस आंधी तूफान ने हर किसी को परेशानी में डाल दिया। बिजली विभाग को भी भारी नुकसान बताया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक बिजली विभाग के कर्मचारी लाइन को दुरूस्त करने में लगे थे। उम्मीद जताई जा रही थी कि देर रात लोगों को बिजली मिल सकती है। लेकिन इससे पहले सभी का बुरा हाल हो गया। हर बार जिले में यही हाल होता है।

■ **कई स्थानों पर पेड़ रास्ते पर गिरने से आवागमन भी हुआ बाधित**

### आंधी से गिरी पशुशाला, लाखों का नुकसान



**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** तेज आंधी से पशुशाला का टीनशेड व दीवारें गिर गयीं। जिसके नीचे दबकर चार पशु जख्मी हो गये जबकि यहां रखा भूसा भी बर्बाद हो गया। ढाई लाख के नुकसान का अंदेशा जताया जा रहा है। गांव जल्लोपुर में बीती रात आयी तेज आंधी आफत बनकर टूटी। यहां पशुशाला की दीवार व टीनशेड गिर जाने से उसमें बंधे करीब चार पशु घायल हो गये। जबकि यहां रखा भूसा, चारपाई व अन्य सामान भी पूरी तरह बर्बाद हो गया। पूर्व प्रधान ओमकार सिंह ने बताया कि पशुशाला में एक दर्जन के करीब पशु थे। आंधी से करीब ढाई लाख रूपये का नुकसान हुआ है।



### बिजली विभाग को भी लाखों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** अभी पिछले सप्ताह आंधी तूफान के चलते खंबे व विद्युत लाइनों के क्षतिग्रस्त होने से विभाग को लाखों रूपये का नुकसान हुआ ही था कि शुक्रवार की रात को फिर से आंधी तूफान के कारण विद्युत विभाग को गजरौला जोन के 12 डिवीजनों में भारी क्षति का सामना करना पड़ा है। दो करोड़ रूपये से अधिक के नुकसान की आशंका जताई जा रही हैं मुख्य अभियंता राजेश कुमार ने बताया कि गजरौला जोन में 12 डिवीजन अमरोहा प्रथम, अमरोहा द्वितीय, गजरौला प्रथम, गजरौला द्वितीय, बिजनौर प्रथम, बिजनौर द्वितीय, चांदपुर प्रथम, चांदपुर द्वितीय, धामपुर प्रथम, धामपुर द्वितीय, नगीना और नजीबाबाद हैं। गुरूवार की रात आए आंधी तूफान के चलते प्रत्येक डिवीजन में खंबे, ट्रांसफार्मर और विद्युत लाइनों को बड़ी क्षति हुई है। कई स्थानों पर खंबे उखड़ गए और टीएफ नीचे गिर गए, कई स्थानों पर पेड़ टूटकर विद्युत लाइनों पर गिर गए। दो स्थानों पर बड़े टावर भी गिर गए। अंदाजन विभाग को करोड़ों रूपये की क्षति विभाग को हुई है। वहीं गजरौला डिवीजन में भी आंधी तूफान के चलते ग्रामीण क्षेत्रों के साथ साथ शहर की विद्युत व्यवस्था भी बाधित रही। विद्युतकर्मियों ने रात में ही पैट्रोलिंग करके लाइनों पर गिरी पेड़ों आदि की टहनियों को हटाया, रात करीब डेढ़ बजे विद्युत आपूर्ति प्राप्त हो सकी।

### तेज आंधी से गिरा टीनशेड सास की मौत

#### बहू गंभीर हालत में मेरठ रैफर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** तेज आंधी से मकान का टीनशेड दीवार समेत गिर गया। जिसके नीचे दबकर सास की मौत हो गयी जबकि बहू को गंभीर हालत में मेरठ रैफर किया गया है।

मृतक प्रवेश देवी नौगांवा सादात थानाक्षेत्र के कमालपुर खालसा गांव में रहने वाले किसान नरेंद्र उर्फ नन्हे की पत्नी थीं। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार की प्रवेश देवी अपनी पुत्रवधू अनीता के साथ घेर में टिनशेड के कमरे में सो रही थीं। तभी, अचानक शुरू हुई आंधी बारिश में टिनशेड दीवार समेत भरभराकर गिर पड़ी। इस दौरान प्रवेश देवी और अनीता मलबे में दब गईं। धमाके के साथ टिनशेड गिरने की आवाज सुनकर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने कड़ी में मशक्कत के बाद मलबा हटाकर दोनों को बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। यहां डॉक्टरों ने प्रवेश देवी को मृत घोषित कर दिया। जबकि, पुत्रवधू अनीता को गंभीर हालत में मेरठ रेफर कर दिया गया। अस्पताल में अनीता का स्वास्थ्य बेहतर बताया जा रहा है। वहीं, जानकारी मिलते ही नौगांवा सादात पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल की। शनिवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों ने प्रवेश के शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

## भाई की हत्या में दो भाईयों को आजीवन कारावास

### मुकदमे में बयान से पलटे थे गवाह व पत्नी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** आम के बाग के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में सगे भाई की हत्या में दो भाईयों को उम्रकैद की सजा सुनायी गयी है। जबकि एक को साक्ष्य के आभाव में बरी कर दिया गया। दोनों पर 15-15 हजार रूपये जुर्माना भी लगाया है।

हत्याकांड बछरायूं थाना क्षेत्र के मोहल्ला बकाबाद से जुड़ा था। यहां रहने वाले किसान देवीदयाल के बेटे संजीव, राजीव व राजेंद्र के बीच एक बाग के बंटवारे को लेकर था। तीनों भाई अपने-अपने परिवार के साथ अलग-अलग बने मकान में रहते थे। 4 सितंबर 2018 की रात दो बजे देवीदयाल के छोटे बेटे राजेंद्र, पत्नी देवबाला व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ घर में सो रहे थे। उसी बीच बड़े भाई संजीव व राजीव और परिचित विवेक के साथ सीढ़ी लगाकर घर में कूद गए थे। तमंचा सिर से सटाकर गोली मारकर राजेंद्र की हत्या कर दी थी। फायर की आवाज सुनकर जागीं देवबाला ने दोनों जेठ को पहचान लिया था। मामले में पुलिस ने देवबाला ने अपने ससुर देवीदयाल के अलावा जेठ राजीव व संजीव समेत पांच आरोपियों के खिलाफ हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना के दौरान देवीदयाल की नामजदगी झूठी मिली, लिहाजा पुलिस ने संजीव, राजीव और विवेक के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी। पुलिस ने राजीव के कब्जे से 315 बोर का तमंचा बरामद किया था। तीनों आरोपियों का चालान कर जेल भेज दिया था। फिलहाल सभी जमानत पर थे। मुकदमे की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष एससी-एसटी एक्ट संजय चौधरी की अदालत में चल रही थी। अदालत ने संजीव और राजीव को दोषी करार दिया था हालांकि मामले में मृतक की पत्नी और गवाह बयानों से पलट गए थे। दोषियों को सजा दिलाने में एफएसएल रिपोर्ट मजबूत साक्ष्य बनी। शनिवार को अदालत में सजा के प्रश्न पर सुनवाई हुई, दोषी संजीव व राजीव को उम्रकैद की सजा सुनाते हुए 15-15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। वहीं, साक्ष्य के आभाव में विवेक को बरी कर दिया

■ **बाग के बंटवारे को लेकर गोली मारकर की थी हत्या, एक बरी**

## महिला की जलाकर हत्या में चार को उम्रकैद

### ट्रक चालक की पत्नी को बाथरूम में बंदकर लगा दी थी आग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अवैध संबंधों में बाधक बनी ट्रक चालक की पत्नी को जलाकर मारने में महिला समेत चार को कोर्ट ने दोषी करार देते उम्रकैद की सजा सुनाई है। जबकि चारों पर बीस-बीस हजार का जुर्माना भी ठोका है। दोषी जमानत पर बाहर थे। सजा मिलने के बाद उन्हें हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया।

19 सितंबर 2016 की घटना आदमपुर थाना क्षेत्र के कस्बा ढबारसी की थी। यहां रहने वाला अरुण त्यागी पेशे से ट्रक चालक है। अपने छोटे भाई नोनू की पत्नी कुमकुम से उसके प्रेम संबंध थे। जिसका चर्चा गांव में हर जुबां पर था। हत्याकांड से चार महीने पहले अरुण असम की रहने वाली महिला बिजली उर्फ बब्ली को अपनी पत्नी बताकर घर ले आया था। शादी को लेकर कुमकुम और अरुण के बीच विवाद शुरू हो गया था लेकिन बाद में दोनों के बीच संबंध फिर से ठीक हो गए थे। उनके अवैध संबंधों में बिजली उर्फ बब्ली बाधा बनी थी। हत्याकांड वाले दिन रात में करीब 12 बजे बिजली उर्फ बब्ली शौचालय गई थी। उसी दौरान कुमकुम ने शौचालय की खिड़की से उस पर मिट्टी का तेल उड़ेलकर जलती हुई मोमबत्ती अंदर फेंक दी थी। चीख-पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने शौचालय का दरवाजा तोड़कर बिजली उर्फ बब्ली को बाहर निकाला था लेकिन तब तक वह बुरी तरह जल चुकी थी। गंभीर हालत में दिल्ली के बर्न सेंटर रेफर बिजली उर्फ बब्ली की बाद में मौत हो गई थी। इसके बाद कुमकुम ने सास कमलेश, पति नोनू और फुफेरे देवर अंकुर त्यागी के साथ मिलकर बिजली उर्फ बब्ली का शव खेत में गड्ढा खोदकर दबा दिया था। घटना की जानकारी पर हरकत में आए पुलिस अफसरों ने कांस्टेबल तरूण धीमान की तहरीर पर चारों के खिलाफ हत्या करने के बाद साक्ष्य छिपाने के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई थी। कुमकुम की निशानदेही पर गन्ने के खेत में बिजली उर्फ बब्ली का शव बरामद हुआ था। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। फिलहाल, सभी जमानत पर थे। केस की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय नसीमा खानम की अदालत में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता देवेश नागर कर रहे थे। शनिवार को अदालत में मुकदमे की आखिरी सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर अदालत ने बिजली उर्फ बब्ली की हत्या कर शव छिपाने में कमलेश, अंकुर त्यागी, नोनू और कुमकुम को दोषी करार दिया। चारों को उम्रकैद की सजा सुनाते हुए 20-20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया

■ **चारों दोषियों पर अस्सी हजार रुपये का जुर्माना**

## फिर गहराया वकील व शिक्षक दम्पति का विवाद

### 42 दिन के गर्भपात अवकाश का मामला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शिक्षक दम्पत्ति व वकील के बीच चल रहा विवाद फिर गहरा गया है। अब बेसिक शिक्षा निदेशक ने बीएसए से पत्राचार कर 42 दिन के गर्भपात अवकाश पर रिपोर्ट देने के निर्देश जारी किये है।

बताते चलें कि नगर के मौहल्ला कोट निवासी आरटीआई एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मनु शर्मा एडवोकेट व शिक्षक दम्पत्ति के बीच काफी समय से विवाद चल रहा है। पूर्व में मृतक महिला के कार्ड से राशन लेने का मामला सुर्खियों में रहा था। अब मामला महिला शिक्षक का 42 दिन का गर्भपात अवकाश स्वीकृत करने से जुड़ा है। शिकायत के आधार पर एडी बेसिक मुरादाबाद बुद्ध प्रिय ने बीएसए मोनिका से जवाब मांगा है कि मात्र प्रार्थना पत्र और शपथ पत्र के आधार पर शिक्षिका को 42 दिन का गर्भपात अवकाश स्वीकार किया गया है। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पटल से क्या विभागीय कार्रवाई की गई है तथा चिकित्सीय केन्द्र से प्रमाण पत्रों का सत्यापन कराकर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने को पत्राचार किया है। बीएसए को दोनों बिन्दुओं पर स्थिति स्पष्ट कर अवगत कराने के लिये निर्देशित किया गया है। बताते चले कि वकील और शिक्षक दम्पत्ति में कई साल से विवाद चल रहा है।

■ **एडी बेसिक ने बीएसए से मांगी रिपोर्ट**

## हाइवे पर पलटा सीमेंट से लदा कंटेनर



**जोया।** टायर फटने से सीमेंट लदा कंटेनर हाइवे पर पलट गया। जिससे सड़क पर जाम लग गया। कड़ी मशक्कत के बाद बिखरी पड़ी सीमेंट की बोरियों को हटाकर जाम खोला गया। घटना में चालक भी घायल हुआ है। घटना कोतवाली क्षेत्र के गांव नीली खेती की है। राजस्थान के जिला भरतपुर के थाना सीकरी गांव बाजपुरवा निवासी इकबाल पुत्र महबूब दिल्ली से सीमेंट लेकर चंदौसी जा रहा था। जैसे ही गांव नीली खेती के नजदीक पहुंचा तो ट्रेलर का टायर फट गया। जिससे वह अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें चालक इकबाल के मामूली चोटे आई हैं। पुलिस ने मौका पहुंच कर सीमेंट के कट्टों को हटवा कर यातायात सुचारू करवाया

## व्यापारी की जेब से पांच हजार उड़ाए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** व्यापारी की जेब से पांच हजार रूपये की नकदी साफ कर दी गयी। घटना सीसीटीवी कैमरे में केद हो गयी है। कस्बे के मोहल्ला खेड़ा निवासी हाजी राबुल हसन की जामा मस्जिद रोड पर क्रॉकरी की दुकान है। शनिवार की सुबह व्यापारी दुकान पर खड़े होकर मोबाइल पर बात कर रहे थे। तभी एक युवक कुछ सामान लेने आया। उसने व्यापारी की जेब से पांच हजार रूपये पार कर दिये। घटना सीसीटीवी कैमरे में केद हो गयी जबकि व्यापारी ने मामले की सूचना पुलिस को दी है।

## शिक्षा के बिना नहीं मिलेगी तरक्की: नासिर

### एकेके में मेधावियों का सम्मान समारोह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** एकेके इंटर कालेज के प्रबंधक नासिर सिद्दीकी ने कहा कि छात्रों को मंजिल सामने रखकर मेहनत करनी चाहिये। शिक्षित व्यक्ति ही समाज व देश का विकास कर सकता है।

कालेज में मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बोलते प्रबंधक नासिर सिद्दीकी ने कहा कि आज के युग में बिना शिक्षा के तरक्की करना संभव नहीं है। पढ़ा लिखा व्यक्ति की समाज व देश के विकास में सहयोग कर सकता है। उन्होंने कहा कि प्रबंध समिति द्वारा निर्धन बच्चों को हर संभव सहायता दी जा रही है। ताकि वह पढ़ लिखकर अपना मां-बाप का नाम समाज में रोशन कर सके। पैसे के अभाव में किसी कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिये। प्रधानाचार्य आदिल अब्बासी ने कहा कि मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करने से कोई भी मंजिल आसानी से हासिल की जा सकती है। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित करते कहा कि वह मन लगाकर पढ़ाई करें। हम सभी को शिक्षा के माध्यम से देश व समाज का विकास करना है। कार्यक्रम में डा. सुहैल, मकसूद उन नबी एड. मौजूद रहे।



## फोटो स्टूडियो के ताले तोड़कर चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के रमाबाई अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय के सामने स्थित एक फोटो स्टूडियो के ताले तोड़कर चोरों ने डेढ़ लाख रूपये की कीमत की मशीन व अन्य सामान चोरी कर लिया। सुबह स्वामी दुकान खोलने पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई। पुलिस ने मौका मुआयना करके आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया है। जानकारी के अनुसार बछरायूं थाना क्षेत्र के गांव लखमिया निवासी काविन्द्र सिंह की रमाबाई महाविद्यालय के सामने फोटो स्टूडियो की दुकान है। शुक्रवार की शाम को वे दुकान बंद करके घर चले गए थे। रात को किसी समय चोरों ने दुकान के ताले तोड़कर यहां रखी डेढ़ लाख रूपये की मशीन व अन्य सामान चोरी कर लिया। शनिवार की सुबह में जब काविन्द्र दुकान खोलने आए तो उन्हें चोरी की घटना की जानकारी हुई। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने दुकान स्वामी को आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया है।

■ **लगभग डेढ़ लाख रुपये की क्षति का अनुमान**

## मारपीट की घटना में दो लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** पुरानी रंजिश में युवक पर लाठी डंडों से जानलेवा हमला बोलकर बुरी तरह से घायल कर दिया। पुलिस को आरोपियों के खिलाफ तहरीर दे दी है।

नगर के मोहल्ला कल शहीद निवासी नदीम पुत्र अमीर अहमद घर से कहीं जा रहा था नदीम का आरोप है कि दो युवकों ने उसे घेर लिया तथा लाठी डंडों से हमला करते हुए उसे पीटना शुरू कर दिया। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। घायल युवक का कहना था कि आरोपी उसे जान से मारना चाहते हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर ले ली है। वहीं दूसरी और कोतवाली क्षेत्र के गांव बावनखेड़ी में मजदूरी के पैसे मांगने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि मजदूर के पैसे मांगने से दबंग खिन्न हो गया तथा उसकी बुरी तरह से पिटाई कर घायल कर दिया। घायल मजदूर कोतवाली पहुंचा तथा पुलिस को मामले से अवगत कराया। पुलिस तहरीर लेने के बाद मामले की जांच कर रही है।

# पिकअप की टक्कर से सैलून संचालक की मौत

## सोशल मीडिया पर एक लाख फॉलोवर्स होने की खुशी में देने जा रहा था पार्टी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। सोशल मीडिया पर एक लाख फॉलोअर्स होने की खुशी में दोस्तों के साथ पार्टी करने जा रहे सैलून संचालक को अज्ञात पिकअप ने कुचल दिया। उपचार को ले जाते समय युवक की मौत हो गई। बिना कानूनी कार्यवाही परिजनों ने शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया। मृतक तीन भाई दो बहनों में दूसरे नंबर का था।

नगर के मोहल्ला राजो वाली मस्जिद निवासी 28 वर्षीय जुनैद पुत्र मोहम्मद हुसैन शुक्रवार की देर रात अपने दोस्तों के साथ नगर के संभल मार्ग पर अब्दुल्ला कॉलोनी के नजदीक स्थित एक जिम पर पार्टी करने के लिए गया था। अल अमीन अब्दुल्ला इंटर कॉलेज के गेट के सामने दो बाइकों की भिड़ंत हो गई थी। जिसे देखने के लिए जुनैद वहां पहुंचा तो आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात पिकअप ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर मारकर अज्ञात वाहन मौके से फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गये। परिजनों के द्वारा घायल को नगर के एक निजी अस्पताल में दिखाया गया। जहां चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन घायल



को लेकर मुरादाबाद जा रहे थे। जहां रास्ते में सैलून संचालक की मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव को लेकर घर पहुंचे जहां बिना कानूनी कार्यवाही परिजनों ने मृतक के शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया। परिजनों द्वारा बताया गया कि मृतक तीन भाई तथा दो बहनों में दूसरे नंबर का था। वह अविवाहित था। और नगर में ही अपना सैलून चलाता था। कोतवाल वरुण कुमार ने बताया कि इस संबंध में कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है अगर सूचना प्राप्त होती है तो आगे की कार्यवाही की जायेगी।

### दावत देने की दिल में रह गई हसरत

**हसनपुर**। कहते हैं मौत न तो कभी कह कर आती है और ना ही इसके आने का किसी को पता होता है। सैलून संचालक जुनैद के सोशल मीडिया पर एक लाख फॉलोअर्स हो चुके थे। वह दोस्तों को इस खुशी में पार्टी देने की तैयारी कर रहा था। लेकिन आंधी तूफान आने के कारण दावत को जुनैद के कैंसिल कर दिया था शनिवार को प्रोग्राम रखा गया था। लेकिन जुनैद को क्या पता था की मौत उसका इंतजार कर रही है। अल अमीन अब्दुल्ला इंटर कॉलेज के सामने बाइकों की भिड़ंत होने के बाद जुनैद ने उनको समझा कर घर भेज दिया था। उसके बाद वह सड़क पर खड़ा हुआ था। उसे क्या पता था कि पिकअप के रूप में मौत उसके सामने आ चुकी है। जुनैद बहुत ही मिलनसार युवक था। सभी की इज्जत करने के साथ ही वह हमेशा अच्छे कार्यों में लगा रहता था।



हसनपुर। कोतवाली के बाहर प्रदर्शन करते दलित समाज के लोग।

# अच्छी सेहत के लिए फास्ट फूड से करें तौबा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के ज्ञान भारती इंटर कॉलेज में 'पोषण जागरूकता पखवाड़े' के अंतर्गत 'फास्ट फूड पोषण के लिए अभिशाप अथवा वरदान' विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया

**ज्ञान भारती इंटर कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता**

गया, जिसमें कु.खुशी ने प्रथम, रिया ने द्वितीय एवं शालिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने मनोयोग से प्रतिभाग किया और अपने निबंध में सभी बिंदुओं को स्पष्टता के



साथ उल्लेखित किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रभाष कुमार ने कहा कि हमें फास्ट फूड का सेवन नहीं करना चाहिये, क्योंकि यह फूड शरीर के लिये हानिकारक होता है और हमारे शरीर में कोलस्ट्राल आदि की मात्रा बढ़ाता है। इस अवसर पर इंद्र सिंह एवं उमेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# मैच में हार-जीत को विवाद चले स्टम्प व बल्ले

## मारपीट में दो युवक हुए चोटिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। क्रिकेट मैच की हार जीत को लेकर दो टीमों के बीच स्टम्प व बल्ले चलने से अफरा तफरी मच गई। मारपीट में दो युवक भी चोटिल हो गये।

शनिवार की सुबह नगर के सो. हरका मार्ग पर स्थित एक स्टेडियम में दो टीमों के बीच क्रिकेट मैच चल रहा था। एक टीम रोमांचक तरीके से मैच जीत गई। मैच जीतने के बाद घमंड से लवरेज विजेता टीम के खिलाड़ियों ने हारी हुई टीम से कहा कि अब सॉरी बोल दो हम मैच जीत चुके है। इसी को लेकर दोनों टीम के खिलाड़ियों के बीच कहा सुनी होने लगी तथा देखते ही देखते उनके बीच लात घूंसे चलने लगे। कुछ ही देर में खिलाड़ियों ने हाथों में स्टम्प व बल्ले उठा लिए तथा एक दूसरे पर वार करना शुरू कर दिया। मारपीट में दो खिलाड़ी भी चोटिल हो गये। खिलाड़ियों के बीच हुई मारपीट का मामला कुछ देर के बाद कोतवाली पहुंच गया। इस दौरान कोतवाली में इस मामले को सुलझाने के लिए काफी भीड़ जमा हो गई। उसके बाद शहर के जिम्मेदार लोगों ने इस मामले का समझौता करा दिया।

# अम्बेडकर का झंडा फाड़ने वालों पर हो कार्रवाई

## दलितों ने कोतवाली गेट पर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का झंडा फाड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई न किये जाने से नाराज दलितों ने कोतवाली के गेट पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर नारेबा. जी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मनौता में 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के झंडे को फाड़ दिया गया था। यह देखकर दलित समाज के लोगों में गुस्सा फैल गया था। उन्होंने भीम आर्मी कार्यकर्ताओं के साथ कोतवाली पहुंचकर झंडा फाड़ने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी। 5 दिन बीत जाने के बाद भी बाबा साहब का झंडा फाड़ने वाले आरो. पियों के खिलाफ कार्रवाई न होने से नाराज दलित समाज एवं भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। दलित समाज के लोगों का कहना था कि पुलिस लगातार झंडा फाड़ने वाले मामले में टालमटोल कर रही है। पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस आरोपियों से हमसाज हो चुकी है। दलितों की कोई सुनने वाला नहीं है। बाबा साहब का अपमान खुलेआम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश का संविधान लिखने वाले अंबेडकर के झंडे को खुलेआम फाड़कर अपमान किया गया है। दलित समाज इसे किसी हाल में भी सहन नहीं करेगा। उन्होंने तत्काल आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में शिवम कोशिंदर हिरदेश विशेष नितिन निक्कू रॉबिन आदेश गुड्डू राजा राम ओम प्रकाश कृष्णा सुरेंद्र नव्बर आदि मौजूद थे

## एक राष्ट्र-एक चुनाव से मजबूत होगा लोकतंत्र



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राम सिंह सैनी ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी जबकि चुनाव में पारदर्शिता भी आयेगी। जोया रोड स्थित एक होटल में एक राष्ट्र एक चुनाव से बदलेगा भारत का भविष्य विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता राम सिंह सैनी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए चुनाव में बदलाव जरूरी है। एक साथ चुनाव कराने से लोकतंत्र मजबूत होगा तथा इसमें समय व पैसे की भी बचत होगी। उन्होंने कहा कि सरकार को इस तरफ जल्द ध्यान देना चाहिए। गोष्ठी में राजीव अग्रवाल, ओमप्रकाश गोला, पूरन सिंह सैनी, राकेश वर्मा, पिंकी वर्मा, अमित सैनी, प्रेम सिंह सैनी, कंचन आदि मौजूद रहे।

## यातायात के नियमों की जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता, रहरा**। थानाध्यक्ष सुकर्मपाल राणा ने स्कूली बच्चों, वाहन चालकों व शिक्षकों को यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्होने कहा कि बिना हैलमेट के दो पहिया वाहन न चलायें। शिक्षा भारती इंटर कालेज में उन्होने जानकारी देते कहा कि वाहन चलाते समय सकर्त रहें तथा मोबाइल पर बात न करें। चार पहिया वाहन चलाने के दौरान बैल्ट लगायें। लाइसेंस बनवाने के बाद ही वाहन चलायें। नाबालिगों के हाथ में कभी वाहन न दें। क्योंकि इससे दुर्घटनाएं होने का अंदेशा रहता है। यदि हम यातायात नियमों का पालन करते हैं तो हादसों को रोका जा सकता है।

# एडी हैल्थ ने परखी संचारी रोग अभियान की हकीकत



## सीएचसी व गांव मलेशिया का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे संचारी रोग नियंत्रण जागरूकता अभियान की हकीकत जानने के लिए शनिवार को एडी हेल्थ मुरादाबाद डॉ रितु काटियाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और क्षेत्र के गांव मलेशिया पहुंचकर औचक निरीक्षण किया ग्रामीणों से अभियान के तहत किया जा रहे कार्यों की जानकारी कर जमीनी हकीकत को परखा। गंदगी व संक्रमण पर काबू पाने के टिप्स बताए। संचारी रोग नियंत्रण अभियान में किए गए कार्यों की जानकारी आम जन से ली। स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक अप्रैल से 31 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। इसमें कई विभागों को शामिल किया गया। विभागों के अलग-अलग कार्य किए गए हैं। इस दौरान डॉ सतीश भास्कर, अभिषेक वर्मा, डॉ कुलदीप, डॉ मनदीप, फार्मासिस्ट शैली, वार्डबॉय कृष्णा आदि मौजूद रहे।

# नाबालिग छात्रा से तहेरे भाई ने किया दुष्कर्म

## रिपोर्ट दर्ज कराने को पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। सगे तहेरे भाई ने अपनी सगी चचेरी बहन को जंगल में ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम डे दिया। इतना ही नहीं आरोपी छात्रा को लहूलुहान हालत में घर छोड़कर फरार हो गया। कोतवाली पहुंचे परिजनों ने घटना की तहरीर पुलिस को दी हैं। पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के हल्का नंबर पांच में स्थित एक गांव में शुक्रवार की देर शाम बीस वर्षीय सगा तहेरा भाई अपनी सगी नौ वर्षीय चचेरी बहन को आंधी बारिश के चलते जंगल में स्थित भूसे पर तिरपाल डालने के बहाने बाइक पर बैठाकर जंगल में ले गया। जहां उसने रिश्तो को शर्मसार करते हुए बहन के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। जिससे छात्रा की हालत बिगड़ गई। लहूलुहान हालत में आरा. पी नाबालिक किशोरी को लेकर घर पहुंचा और घर छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद परिजनों ने लहुलुहान हालत में किशोरी को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस को आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। परि. जनों ने बताया कि छात्रा गांव के ही एक विद्यालय में कक्षा 5 की छात्रा है। पिता मेहनत मजदूरी का परिवार का पालन पोषण करते हैं। इस दौरान छात्रा के पिता अपनी पत्नी के साथ ससुराल गये हुए थे। घर पर दोनों छोटे बहन भाई अकेले थे। कोतवाल वरुण कुमार ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है।

## मंडी शुल्क का 14 हजार जुर्माना वसूला

**शाह टाइम्स संवाददाता, मंडी धनौरा**। एसडीएम चंद्रकांता ने मंडी शुल्क की चोरी जा रही गेंहू लदी पिकउप को पकड़ लिया। गेहूं जनपद बिजनौर से जनपद अमरोहा में बेचने के लिए ले जाया जा रहा था। एसडीएम ने धनौरा-अमरोहा मार्ग पर गांव मलेशिया के पास पिकउप को पकड़ लिया। जिसपर करीब 13 हजार का जुर्माना सहित 14187 की वसूली की गई। एसडीएम ने कहा मंडी शुल्क में चोरी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# आंगनवाड़ी पद के लिए बनवाए फर्जी प्रमाण पत्र

## सीडीओ व एसडीएम ने दिया जांच का भरोसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया में जालसाजी कर फर्जी व कूट रचित आय प्रमाण पत्र दाखिल करने का आरोप लगाते हुए गांव सुजमना निवासी लक्ष्मी गौतम ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर प्रमाण पत्र की जांच न होने तक भर्ती को स्थगित रखें जाने की मांग की है। सीडीओ ने तहसीलदार को जांच के निर्देश दिए। कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का अधिकारी गुणवत्ता के आधार पर समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करें। शिकायतों के निस्तारण में देरी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

शनिवार को तहसील के सभागार



में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र और एसडीएम चंद्रक. ांता ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से लेकर उसमें तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 23 शिकायती प्रार्थनापत्र प्रस्तुत हुए, जिनमें सर्वाधिक नौ शिकायत राजस्व संबंधित थी। मौके पर कुल चार शिकायतों का ही निस्तारण हो सका।। इस अवसर पर एसडीएम चंद्रकांता, सीओ स्वेताभ भास्कर, तहसीलदार मूसाराम थारू, नायब तहसीलदार राजपाल सिंह, श्रीपाल सिंह, पूर्ति निरीक्षक वेदप्रकाश अग्रवाल, ईओ अवधेश कुमार वर्मा, बीडीओ नरेंद्र गंगवार, एडीओ पंचायत रामचन्द्र सिंह, सौरभ बाबू, एसडीएम स्टेनो राजीव कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी आदि मौजूद रहे

# सड़क पार करते अज्ञात वाहन ने रौंदा, ग्रामीण की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव मालीखेड़ा निवासी एक ग्रामीण की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया, वहीं घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। जानकारी के अनुसार सुरेश कुमार शनिवार की दोपहर में दिल्ली जा रहा था। बताते हैं कि उसी के गांव का एक व्यक्ति कांकाठेर के पास रहता है। वह उससे मिलने जाने को सड़क पार कर रहा था, इसी बीच तेजी से आए किसी अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया, उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। वहीं स्थानीय पुलिस ने हादसे को अंजाम देने वाले वाहन की तलाश में जुटी है।

# लूट की झूंठी सूचना देना पड़ा भारी, पुलिस ने किया चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** एक व्यक्ति को पचास हजार रूपये लूट की झूठी सूचना देना भारी पड़ गया। पुलिस ने जांच पड़ताल की तो मामला झूठा पाये जाने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके शांति भंग में निरूद्ध किया। बता दें कि शनिवार की दोपहर में पुलिस को एक व्यक्ति ने फोन करके बताया कि उसके साथ कांकाठेर गांव में पचास हजार रूपये की लूट हो गई है। दिन दहाड़े लूट की सूचना मिलने पर पुलिस में हड़कंप मच गया और पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। सूचना देने वाले व्यक्ति से पुलिस ने घटना के बारे में जानकारी तो वह स्पष्ट कुछ भी बताने की बजाए गुमराह करता रहा। पुलिस ने सख्ती से पूछा तो उसने झूठी सूचना देने की बात स्वीकारी, बताया कि उसपर किसी रिश्तेदार के पैसे हैं, उसने देनदारी से बचने के लिये यह ड्रामा किया। पुलिस ने जानेआलम निवासी मोहरकापट्टी को शांतिभंग में निरूद्ध किया।

## गौशाला में नहीं छांव का इंतजाम, 217 गौवंश, सोलर पैनल व बिजलीं भी मगर पंखा एक नही

# तपते टिनशेड के नीचे सह रहे लू के थपेड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। गर्मी का पारा सिर चढ़कर बोल रहा है बढ़ रही तपिश अब झुलसाने लगी है। इससे हर किसी का हाल बेहाल है। बेजुबान भी तपिश से बेचौन है। गौशालाओं में संरक्षित मवेशियों पर संकट ज्यादा है। वजह टिनशेड तप रहा है। टिनशेड के नीचे मवेशी लू के थपेड़े झेल रहे हैं। गर्मी से बचने के वहां कोई इंतजाम नहीं है। गौशाला में सोलर पैनल भी है विद्युत कनेक्शन भी है लेकिन टिनशेड के नीचे गोवंश के लिए एक भी पंखा नहीं है। लेकिन बीडीओ साहब फोन पर भी वार्ता में पंखे लगे होने का दावा कर करे थे लेकिन मौके पर गौशाला में कोई पंखा था ही नहीं।

निराश्रित गोवंश के लिए चलाई जा रहीं गोशालाओं में टीनशेड के नीचे गोवंश बेहाल दिख रहे हैं। उन्हें पीने के लिए खौलता पानी और खाने को सूखा भूसा दिया जा रहा है। शुक्रवार को गोआश्रय स्थल चुचौला कला की पड़ताल की तो सुविधाएं नदारद मिलीं। गर्मी से बचाव के पर्याप्त इंतजाम नहीं मिले। गोवंशों को चारे में सिर्फ सूखा भूसा दिया जा रहा है। प्यास बुझाने के लिए नांद तो बनी है लेकिन उसमें काई जमी है। गर्मी और लू से मवेशियों को बचाने के लिए जिला प्रशासन ने सभी गौशाला संचालकों को व्यवस्थाएं गर्मी के अनुकूल बनाने के निर्देश जारी किए हैं अभी तक कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए हैं। ब्लॉक की चुचौला कला नंदी गौशाला में 217 पशु संरक्षित हैं। गौशाला में पशुओं के



मंडी धनौरा। तपते टीनशेड में बिना पंखे के लू के थपेड़े झेल रहे गौवंश



गौशाला में सुखा भूसा खाते गौवंश, नाममात्र पड़ा हरा चार

लिए टिनशेड बने हुए हैं लेकिन गर्मी से बचाव के पर्याप्त इंतजाम नही किये गए है। गौवंश तपते टिनशेड के नीचे लू के थपेड़े झेलने को मजबूर है। उन्हें पीने के लिए काई जमी नांद में खौलता पानी और खाने को सूखा भूसा दिया जा रहा है। शुक्रवार को गोआश्रय स्थल चुचौला कला की पड़ताल की तो सुविधाएं नदारद मिलीं। गर्मी से बचाव के पर्याप्त इंतजाम नहीं मिले। गोवंशों को चारे में यहां दिखाने भर का हरा चारा मिला। लेकिन, गोवंश सूखा भूसा खाते हुए दिखे। गौशाला में मौजूद केयरटेकर ने बताया कि गौशाला में 217 पशु संरक्षित हैं।

# शिकायतों का निस्तारण न होने पर डीएम ने जताई नाराजगी

## संबंधितों को जिला स्तरीय शिकायतों को त्वरित निस्तारण करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल व पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने तहसील संपूर्ण समाधान दिवस बड़ौत में जनसमान्य की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिक. ारी ने कहा कि तहसील दिवस में आने वाले संदर्भो का संबंधित अधिकारी गुणवत्ता के साथ निस्तारण करें। उन्होंने कहा किसी भी आम जनमानस को किसी भी समस्या के लिए परेशान होना ना पड़े। उसका निस्तारण अवश्य होना चाहिए।

इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुसार माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को तहसील संपूर्ण समाधान दिवस जनपद की समस्त तहसीलों में आयोजित किए जाते हैं। तीनों तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में 69 शिकायत प्राप्त हुई जिसमें से 14 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों का जिला. धिकारी ने संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह में गुणवत्ता के साथ



निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से कैंप लगाया जाता है जिसमें पेंशन, दिव्यांग, राशन कार्ड आयुष्मान, आवास आदि संबंधित विभाग को स्टाल लगाए जाते हैं और संबंधित लाभार्थी का प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाता है जिसमें तहसील दिवस के उपरांत जिलाधिकारी ने आज दिव्यांग जनों को प्रमाण पत्र वितरित किए। जिलाधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण समय अंतर्गत करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिक. ारी डा.तीरथ लाल, जिला विकास अधिकारी अखिलेश कुमार चौबे एसडीएम मनीष कुमार यादव सहित संबंधित विभागीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## चमरावल-सिगोली मार्ग पर जलभराव से किसानों की फसल बर्बाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गौना गांव के तालाब ओव. रफ्लो होने के कारण उसका पानी सिगोली के किसानो के खेत मे जाने से फसल बर्बाद हो रही है जिससे किसान और राहगीर दोनो परेशान हो ग्राम प्रधान सिगोली तंगा ने एसडीएम को पत्र लिखकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

चमरावल से धोली प्याऊ को जाने वाले मार्ग पर गौना गांव के समीप गौना गांव का तालाब ओवरफ्लो होने के कारण पानी सड़क पर और सिगोली तंगा के दो किसानो के खेतो मे जा रहा है। जलभराव के चलते जहा राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है। वही किसानो की फसल बर्बाद हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले तीन वर्षो से समस्या बनी हुई है। जलभराव के चलते आय दिन बाईक सवार गिरकर घायल होते रहते है। वही जलभराव का गंदा पानी किसानो के खेतो मे जा रहा है जिससे पहले बर्बाद हो रही है जिससे परेशान होकर ग्रामीण वीडियो बना शोशल मीडिया पर वायरल कर उच्च अधिकारियों से समस्या की समाधान की मांग कर रहे है। वही सिगोली तंगा के ग्राम प्रधान ऊषा त्यागी ने एसडीएम खेकड़ा को पत्र लिखकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है।



## 21 अप्रैल को लगेगा सिलाना गांव में आंखों का कैंप, नि:शुल्क होगी जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बडौत तहसील क्षेत्र के सिलाना गांव में कविता चौधरी राशन डीलर के आवास पर अर्पित ग्रामोद्योग विकास संस्थान एनजीओ के सहयोग से एडीके जैन हॉस्पिटल खेकड़ा के द्वारा नि:शुल्क आंखों का कैंप अनुभवी डॉक्टरों द्वारा लगाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ रमाला चीनी मिल के उपसभापति जयदेव सिंह के द्वारा फीता काटकर किया जाएगा। इस अवसर पर उनके साथ मुख्य अतिथि के रूप में ममता जयकिशोर जिला पंचायत अध्यक्ष तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला उद्यान अधिकारी दिनेश कुमार अरुण मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे।

गांव सिलाना में राशन डीलर कविता चौधरी के आवास पर अर्पित ग्रामोद्योग विकास संस्थान के सहयोग से नि:शुल्क आंखों का शिविर लगाया जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संस्थान के सचिव बिजेंद्र सिंह राणा ने बताया कि हमारी संस्था के सहयोग एडीके जैन हॉस्पिटल खेकड़ा के द्वारा नि:शुल्क आंखों का कैंप लगाया जा रहा है, जिसमें नि:शुल्क आंखों की जांच तथा दवाई व चश्मे वित. रित किए जाएंगे जिन मरीजों की आंखों के मोतियाबिंद पक चुके हैं।

उनकी आंखों का ऑपरेशन भी अस्पताल की तरफ से नि:शुल्क किया जाएगा, जिसके लिए गाड़ी मरीज को ले जाने के लिए सिलाना गांव में शिविर के आसपास ही मिलेगी।

## कार्यकर्ताओं ने पुतला फूंक की बांग्लादेश सरकार को बर्खास्त करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के कोताना रोड स्थित पंचमुखी शिव मंदिर के प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मास्टर सहदेव सिंह एवं जिला मंत्री नितिन गोस्वामी के नेतृत्व में मंदिर के प्रांगण में इकट्ठे हुए वहां से बांग्लादेश सरकार के खिलाफ वामपंथियों का नारेबाजी करते हुए पुतला फूंका गया। बंगाल से ममता बनर्जी हटाओ अभियान का नारा देते हुए जमकर नारेबाजी की गई।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष संजय सेन जागौश ने बांग्लादेश सरकार के खिलाफ राष्ट्रपति शासन लगाओ जाने की मांग करते हुए कहा कि बांग्लादेश सरकार हिंदुओं के साथ खिलवाड़ कर रही है अब वहां पर राष्ट्रपति शासन लगना जरूरी हो गया है। बांग्लादेश सरकार को बर्खास्त किए जाने की मांग की गई। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने कहा कि ममता सरकार के संरक्षण में हिंदूओं पर कट्टरपंथियों द्वारा लगातार अत्याचार किए जा रहे हैं। इस्लामी जिहाद का पुतला दहन करते हुए पश्चिम बंगाल के विरोध जमकर भड़ास निकाली गई। इस्लाम जिहाद का पुतला भी दिल्ली बस स्टैंड पर फुंका गया और जिलाधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन तहसील परिसर में राष्ट्रपति के नाम संबोधित एसडीएम मनीष कुमार यादव को सोपा गया। इस मौके पर जिला मंत्री नितिन गोस्वामी ने कहा कि बांग्लादेश सरकार की मिली भगत से हिंदुओं पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं जिस किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने जाने की मांग की है। इस मौके पर अनिल महादेव योगेश कुमार यशपाल शास्त्री बैटरी वाले बाली भगत मनोज बालियान सागर कुमार जिला सहसंयोजक, सहदेव सिंह प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विपिन तोमर जिला उपाध्यक्ष संजय सेन सैहनसर पाल सैन आचार्य सुमित शास्त्री शक्ति वर्मा प्रदीप बली आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

### सच्चे गुरु की सेवा करना मां-बाप से भी ऊपर मानी जाती है: दिनेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के संस्कृति पब्लिक स्कूल शबगा विद्यालय के डायरेक्टर एवं ब्राह्मण महासभा समिति के मेरठ मंडल अध्यक्ष पंडित दिनेश शर्मा ने प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि अध्यापक वह दीपक है जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देने का काम करता है। वही छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की प्रेरणा देते है। उन्हें मिलने वाले पुरस्कार जब छात्र-छात्राओं को पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है तो उन छात्रों का उत्साह इतना बढ़ जाता है कि वह अपने आप को खुद एक अच्छे छात्र के रूप में देखता है। इस दौरान उन्होंने कहा कि पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्र छात्राएं अन्य के लिए भी प्रेरणादायक बने रहते हैं। उन्होंने बताया कि छात्र छात्राएं हमारे देश का उज्जवल भविष्य तय करते है।



उन्होंने कहा कि छात्रों के जीवन पथ पर अनेक प्रकार के संघर्ष होते हैं। छात्र-छात्राएं संघर्ष झेलकर अपनी कामयाबी की तरफ चलने का रास्ता अपना लेते हैं। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से आहवान किया कि आने वाले समय में छात्र-छात्राएं अपने गुरु जनों से शिक्षा लेकर अच्छी शिक्षा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर प्राप्त करें अपने गुरुजनों के साथ-साथ अपने माता-पिता के बताएं रास्ते पर चलने का भी संकल्प लेकर चलने का काम करें। सच्चे गुरु की सेवा करना मां-बाप से भी ऊपर मानी जाती है। गुरु का दर्जा बहुत ऊंचा होता है। इसलिए गुरुजनों का सम्मान करें। उनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प ले। आज छात्र-छात्राओं के बीच संस्कृति पब्लिक स्कूल शबगा विद्यालय के डायरेक्टर एवं ब्राह्मण महासभा समिति के मेरठ मंडल अध्यक्ष पंडित दिनेश शर्मा मीडिया के साथ वार्तालाप कर रहे थे। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए एक कविता के माध्यम से उन्होंने कहा कि वीर तुम आगे बढ़ो। धीर तुम आगे बढ़ो। सच की दहाड़ हो हिम्मत के तुम पहाड़ हो इस कविता को सुनकर छात्र-छात्राओं का हौसला बुलंद हो गया।

### पुलिस टीम पर फायरिंग के मामले में दोषी को चार वर्ष व चारमाह का कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने के मामले में दोष सिद्ध होजाने पर दोषी को चार वर्ष चार व चार माह के सश्रम कारावास की सजा सुनाई हैं। कोर्ट ने दोषी पर तीन हजार रुपये का अर्थदण्ड भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वर्ष 2013 चैकिंग के दौरान रमाला पुलिस पर गोली चलाते हुए इरफान उर्फ सोनू निवासी बली ने फायरिंग कर भागने का प्रयास किया था। इस दौरान पुलिस ने आरोपी का गिरफ्तार का लिया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक तमंचा बरामद किया था। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए उसे जेल भेज दिया था। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध कोर्ट में चार्जशीट जमा कराई थी। इस मामले की सुनवाई अपर जिला जज प्रथम की कोर्ट में चली । न्यायधीश ने दोनों पक्षों की दलील सुनने और पावली का अवलोकन करने के बाद आरोपी को दोषी करार दिया और दोषी को चार वर्ष चार माह तथा तीन हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई।

### तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर दो लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सूरजपुर महनवा के सुरेश शर्मा और सूरज शर्मा बाइक पर सवार होकर शनिवार को घर जा रहे थे। जब वह सूरजपुर महनवा अंडरपास के निकट पहुंचे तो सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

## गली में छज्जा निकालने का विरोध करने पर महिला को दी जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संचवाददाता**

**बागपत।** थाना बिनौली क्षेत्र के गांव सिल्वर नगर निवसी एक महिला का आरोप है कि उनके पडौसी ने गली में अपने मकान का छज्जा निकाल कर उनका रास्ता बंद कर दिया है। आरोप है कि विरोध करने पर पडौसी ने गाली गलौच करते हुए महिला को जान से मारने की धमकी दी है। महिला ने इस संबंध में समपूर्ण समाधान दिवस में एक प्रार्थना पत्र देते हुए अवैध रूप से गली में बनाया गया। छज्जा हटवानें तथा आरोपी के विरूद्ध कार्गवाई करानें की मांग की है।

गांव धनौरा सिल्वनगर निवासी महिला सीमा पत्नी विपिन का आरोप है कि उनके मकान के सामने एक मकान मालिक ने गली में छज्जा निकाला हुआ, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड रहा है और उनके मकान का रास्ता बंद हो गया है। महिला ने बताया कि जब पडौसी ने मकान बनाया है तो वह दिल्ली रहते थे। अब वह गांव में आ गए है ओर अपने मकान की मरम्मत करा रहे है। आरोप है कि जब महिला ने पडौसी से गली में निकाला गया छज्जा हटाने को कहा तों पडोसी के पुत्र ने गाली गलोच करते हुए महिला को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने आरोपी के विरूद्ध थाना बिनौली में तहरीर दी थी। आरोप है कि पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अभी तक कोई कार्रवाई नही की है। पीडिता ने इस संबंध में शनिवार को समपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देते हुए गली में निकाला गया छज्जा हटवाने और आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई कराने की मांग की है।



## पांडुक शिला में एक पेड़ मां के नाम किया पौधरोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बिनौली मार्ग बरनावा के चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर की पांडुक शिला स्थल पर एक जैन परिवार ने नवकार महामंत्र का जाप के एक एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया।

इस दौरान मेरठ के गौरव जैन ने अपनी माता स्मृति में आम का पौधा, शालिनी जैन ने अपनी सास की स्मृति में एक पौधा और तनिषा जैन, अपनी दादी स्मृति में एक पौधा लगाकर पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में मां सदैव पूजनीय रही हैं। माँ की महिमा को अलग-अलग धर्मो में विभिन्न तरीकों से वर्णित किया गया हैं। धरती मां का श्रृंगार हरियाली में निहित हैं। हमारे देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देशवासियों से आहवान किया हैं। आइए मां के नाम एक पेड़ लगाईये। इस पहल का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को सुधारना और धरती माता को हरियाली से सजाना हैं। इस अवसर पर पंडित ललित जैन, जिनेंद्र जैन,संदीप जैन, हिमांशु जैन आदि उपस्थित रहे।



## कैम्प लगाकर106 हज यात्रियों का किया गया टीकाकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** हज यात्रा जाने वाले यात्रियों के टीकारण के लिए शनिवार को नगर की तकिया वाली मस्जिद में स्वास्थ्य परीक्षण व टीकारण के लिए एक कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में हज यात्रा के लिए पंजीकरण कराने वाले 106 हज यात्रियों का टीकारण किया गया।

शनिवार को सुबह करीब 9 बजे से डाक्टरों की टीम ने नगर की तकिया वाली मस्जिद में टीकाकरण व पंजीकरण का कार्य शुरू किया। डॉक्टरों की टीम के इंचार्ज डा.सरवन गौस्वामी ने बताया कि वर्ष 2025 में हज यात्रा पर जाने वाले हज यात्रियों को इस बार क्वाड्रीवेलेंट गैनिनगोकाकल मैनिनजाइटिस वेक्सीन व सीजन इन्फ्लूंजा तथा ओरल पोलियो वेक्सीन के टीके लगाये गए हैं। 13 सदस्यीय डाकरों की टीम के इंचार्ज डा. सरवन गोस्वामी के अलावा डा. अनुज श्रीवास्तव, दीपा सिंह, कुसुमलता, पूजा, ममता अनिल व विवेक, गीता कुमारी, राजकुमार, अरविंद कुमार व किरण आदि मौजूद थे। बताया गया है कि हज यात्रा पर जाने के लिए 112 लोगों ने आवेदन किया था लेकिन शनिवार को कुल 106 यात्रियों ने ही हज यात्रा के लिए अपना पंजीकरण कराते हुए टीकाकरण कराया। इस अवसर पर हज ट्रेनर हाजी सरफराज अहमद ने यात्रियों की अपनी टीम के साथ सभी कार्यवाही पूरी की। उनकी टीम वसीम मलिक, मंजूर, मास्टर तस्लीम, हाजी इरफान कुरैशी जुबेर आलम व एड.आमिर मलिक आदि शामिल थे।





## अब्दुलापुर मेवला से युवक लापता, थानें में दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** अब्दुलापुर मेवला से एक 27 वर्षीय युवक रात्रि के समय घर से कही निकल गया। परिजनों ने तलाश की लेकिन पता नही चल पाया है। परिजनों ने थाना चांदीनगर में तहरीर दी है।

अब्दुलापुर मेवला निवासी सुमित पुत्र गजेन्द्र ने थाना चांदीनगर मे तहरीर देते हुए बताया कि उसका भाई रोहित पुत्र गजेन्द्र की दिमागी हालत ठीक नही है। वह 10 अप्रेल रात्रि ाकही चला गया जिसकी तलाश आस पास और रिश्तेदारीयो मे भी की लेकिन अभी तक पता नही चल पाया है। पीड़ित परिवार ने थाना चांदीनगर पहुंच तहरीर दी है।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र सचिन उर्फ रिंकू से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

राजपाल सिंह पुत्र कलीराम निवासी पट्टी छिजाना कस्बा टीकरी थाना दोघट तहसील बडौत जनपद बागपत।

## श्रमिक एसोसिएशन ने दी सप्ताहिक बंदी को लेकर अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** श्रमिक एसोशिएशन ने तहसील दिवस में प्रदर्शन करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। श्रमिकों ने साप्ताहिक अवकाश दिलाने की मांग को लेकर चेतावनी दी कि यदि साप्ताहिक मार्केट बंदी बुधवार के आदेश को प्रभावी ढंग से लागू करा कर साप्ताहिक अवकाश नहीं दिलाया तो एक मई मजदूर दिवस से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया जाएगा।

आज पूर्व चेतावनी के अनुसार बड़ौत श्रमिक एसोशिएशन के अध्यक्ष प्रवीण वर्मा व कानूनी सलाहकार शिक्षक नेता जितेन्द्र सिंह तोमर के नेतृत्व में श्रमिक बड़ौत तहसील दिवस पर इक्ठा हुए। तथा विरोध प्रदर्शन कर एसडीएम मनीष यादव को ज्ञापन सौंपा। एसडीएम को अवगत कराया की पहले तो श्रम प्रवर्तन अधिकारी यह बाहना करते थे कि डीएम के स्तर से हमें बुधवार को साप्ताहिक मार्केट बंदी के दिन दुकान खोलने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश नहीं मिले हैं। इसलिए हम साप्ताहिक मार्केट बंदी के दिन दुकान खोलने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सकते, लेकिन अब पांच मार्च को डीएम ने बुधवार साप्ताहिक मार्केट बंदी के दिन दुकान खोलने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश जारी कर दिया है। फिर कार्रवाई क्यों नहीं की जारी है। इस पर एसडीएम ने भरोसा दिलाया की आगामी बुधवार को पुलिस फोर्स को साथ लेकर बुधवार साप्ताहिक मार्केट बंदी के आदेश को प्रभावी ढंग से लागू करा कर श्रमिकों को साप्ताहिक अवकाश दिलाया जाएगा। इस दौरान विक्रांत तोमर सभासद व महासचिव श्रमिक एसो. शिएशन, एडवोकेट आकिब चौधरी, मनीष एडवोकेट, रोहित उपसचिव, जब्बार खान गौरव शर्मा सचिन मान जब्बार खान एडवोकेट मनीष रोहित एडवोकेट आकिब चौधरी बोबी कुमार आदि मौजूद रहे।





# कार्यालय नगर पालिका परिषद् बागपत जनपद-बागपत

पत्रांक-58/न.पा.परि.बा.-ई-निविदा/2025-26 दिनांक-19.04.2025

## - :: अल्पकालीन ई-निविदा सूचना :: -

एतद्द्वारा, आयकर और जी.एस.टी.में रजिस्टर्ड फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि, निकाय द्वारा राज्य वित्त आयोग / नगर निधि के अन्तर्गत, वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त धनराशि से, निविदा में उल्लिखित नाला सफाई का कार्य कराना चाहती है, जिसके लिये ई-टेण्डरिंग के माध्यम से, दो बिड् सिस्टम के आधार पर, ई-निविदायें आंमन्त्रित की जाती है।

ई-निविदा की समय-सारणी (https://e-tender.up.nic.in पर)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा रेफरेन्स संख्या | 57/2025:26, दिनांक 19.04.2025 |
| 2 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की तिथि/समय | दिनांक 21.04.2025, दोपहर 12:00 बजे से दिनांक 05.05.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक। |
| 3 | ई-निविदाओं की तकनीकी बिड्स खोलने की तिथि/समय | दिनांक 06.05.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक। |
| 4 | वित्तीय बिड्स खोलने की तिाथि/समय | तकनीकी बिड्स स्वीकृत उपरान्त |
| 5 | ई-निविदा की धरोहर धनराशि (2%EMD), प्रपत्र मूल्य यू.पी. इलैक्ट्रोनिक कॉरपोरेशन लिपिटेड् का शुल्क ऑनलाईन जमा करने हेतु, निकाय के खाते का विवरण | Executive Officer Nagar Palika Parishad Baghpat Account No. 911010035460121, IFSC Code-UTIB0001094, Bank Name Axis Bank Branch address Baghpat. |

**नोट:**- ई-निविदा हेतु उल्लिखित कार्य का विवरण, उनकी आंगणन लागत, निविदा की धरोहर राशि (EMD), निविदा मूल्य, यू.पी. इलैक्ट्रोनिक कॉरपोरेशन लिमिटेड के शुल्क तथा समय अवधि का विवरण, शर्ते व प्रतिबन्ध ई-टेन्डर पोर्टल https://e-tender.up.nic.in व https://bagpat.nic.in पर दिनॉक 21.04.2025 को दोपहर 12:00 बजे से देखा जा सकता है। ई-निविदा पोर्टल पर प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा आमन्त्रि की गयी है। किसी भी ई-निविदा पर, 2% धरोहर धनराशि (Online EMD) के बिना, विचार नही किया जायेगा। किन्ही कारणवश, उक्त तिथि में, अवकाश होने पर, अगला कार्यदिवस माना जायेगा। किसी भी ई-निविदा को बिना कोई कारण बतायें, स्वीकृत/अस्वीककृत करने का अधिकार तथा उक्त ई-निविदा सूचना को निरस्त करने का अधिकार, अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**( कृष्ण कुमार भड़ाना )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् बागपत,**
**जनपद-बागपत**

**( राजुद्दीन )**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद् बागपत,**
**जनपद-बागपत**

# टैंकर ने बाइक में मारी टक्कर बाइक सवार की मौके पर मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** देवरनियां नगर के वार्ड नंबर 15 में स्थित मदरसा अल जामिया तुल गौसिया फैजुल उलूम के प्रिंसिपल हाफिज मोहम्मद अफजाल 42 बर्ष पुत्र मौहम्मद शब्बीर स्प्लेंडर बाइक संख्या यूके06 आर 8565 पर सवार होकर अपने मूल निवास ग्राम अंबरपुर ब्लॉक बहेड़ी जिला बरेली उत्तर प्रदेश से नगर के वार्ड नंबर 15 में स्थित मदरसा के लिए आ रहे थे कि थाना पुल भट्टा से कुछ ही दूरी पर पहुंचने पर पीछे से तीव्र गति से आ रहे अनियंत्रित तेल टैंकर संख्या आर जे 14 जी 6197 ने बाइक में जबरदस्त टक्कर मार दी, तथा बाइक समेत बाइक सवार को लगभग बीस फीट तक टैंकर चालक वाहन से घसीटता ले गया, जिससे बाइक सवार के परखच्चे उड़ गए, तथा मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

नेशनल हाईवे 74 पर चल रहे राहगीरों के शोर मचाने पर टैंकर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। थाना पुलभट्टा से कुछ ही दूरी पर हुई हृदय विदारक घटना पर पुलिस कुछ ही मिनटों में मौके पर पहुंची। मौके पर पड़े मांस के लोथड़ों को एक चादर में इकठ्ठा किया तथा पोस्मार्टम की कार्रवाई हेतु रुद्रपुर भेजा है। मृतक की बाइक एवं हेलमेट एवं दुर्घटना करने वाले तेल टैंकर को पुलिस कर्मियों ने थाना पुलभट्टा परिसर में पहुंचा दिया है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही नगर के सैकड़ों लोग मौके पर पहुंच गए, तथा रोष जताते हुए घटना के लिए पुलिस को जिम्मेदार ठहराया। यातायात व्यवस्था के लिए पुलभट्टा थाना पुलिस की कोई व्यवस्था नहीं है, और न ही कोई पुलिस कर्मी नेशनल हाईवे पर ड्यूटी पर तैनात रहता है। लगभग 42 वर्षीय मृतक हाफिज मोहम्मद अफजाल बीते लगभग 20 सालों से मदरसा अल जामिया तुल गौसिया फैजुल उलूम में प्रिंसिपल के पद पर तैनात थे। वह बीते गुरूवार को अपने मूल निवास ग्राम अंबरपुर ब्लॉक बहेड़ी जिला बरेली उत्तर प्रदेश गए थे, तथा शनिवार सुबह घर से वापस मदरसा आ रहे थे कि थाना पुलभट्टा से कुछ ही दूरी पर तेज रफ्तार तेल टैंकर ने उन्हें असमय मौत की नींद सुला दिया। मृतक हाफिज मोहम्मद अफजाल अपने पीछे पत्नी दो पुत्री एवं एक पुत्र को रोता भी लगता छोड़कर चले गए। हजारों लोगों ने नम आंखों के उनके पुश्तैनी गांव के कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया।

# डीएम ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सुनीं समस्याएं

- **अधिक शिकायत वाले गांवों का सम्बंधित अधिकारियों को भ्रमण कर निस्तारण के दिए निर्देश**
- **जीरो पोवर्टी अभियान के तहत चयनित नए लाभार्थियों को अंत्योदय व पात्र गृहस्थी को किए राशन कार्ड वितरित**




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील फरीदपुर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) का आयोजन हुआ।

जिलाधिकारी द्वारा तहसील फरीदपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जनसामान्य की समस्याओं को सुनकर उनके ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में सरकारी रोड पर अवैध कब्जा, दिव्यांग पेंशन, राशन कार्ड आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस में निवासी लौंगपुर की शिकायतकर्ता ने गांव के लोगों द्वारा जमीन पर कब्जा किए जाने की शिकायत की, जिसपर जिलाधिकारी ने तहसीलदार फरीदपुर व एसएचओ को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। एक आवेदक द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि उसके घर के आगे सार्वजनिक रास्ता है, जिसपर गांव के लोगों द्वारा सार्वजनिक रास्ते पर कब्जा कर लिया गया है, जिसपर जिलाधिकारी ने तहसीलदार फरीदपुर व एसएचओ भुता को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील फरीदपुर क्षेत्र से आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की गयी, और संबंधित अधिकारियों को चार या उससे अधिक शिकायत वाले गांव का भ्रमण कर शिकायत का शत प्रतिशत निस्तारण करने के निर्देश दिए गए, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

आईजीआरएस में जिस शिकायतकर्ता की शिकायत का निस्तारण किया जाए उससे फोन पर वार्ता कर यह भी जानकारी ली जाये कि निस्तारण से वह संतुष्ट है या नहीं।

इससे पूर्व जिलाधिकारी ने तहसील परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गए जन कल्याणकारी योजनाओं के स्टालों का भी अवलोकन किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी द्वारा जीरो पोवर्टी अभियान के तहत चयनित 11 नए लाभार्थियों को अंत्योदय व 04 पात्र गृहस्थी को राशन कार्ड वितरित किए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 विश्राम सिंह, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, उपजिलाधिकारी फरीदपुर मलिका नयन, तहसीलदार फरीदपुर सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सीडीओ और एडीएम ने बहेड़ी में सुनीं शिकायतें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सीडीओ जग प्रवेश की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान सम्पूर्ण समाधान दिवस में 30 शिकायतें आईं, जिसमें से पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

रूपपुर, रम्पुरा, फैजाबाद आदि गांव के ग्रामीणों ने उनके गांव के मार्ग को बनाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि बीती रात कृष्ण पाल मौर्य जर्जर सड़क से गिरकर घायल हो गए। सीडीओ ने पीडब्ल्यूडी विभाग को जांच कर सड़क के निर्माण की प्रक्रिया पूरे करने के आदेश दिए। राकेश गंगवार, केंद्रपाल सिंह ने केसर चीनी मिल से बकाया गन्ना मूल्य भुगतान दिलाए जाने की मांग की। आदर्श कॉलोनी के निवासियों ने उनके मोहल्ले के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन को हटाने की मांग की। साथ ही शिकायत करते हुए बताया कि पूर्व में कई बार इस मांग को लेकर वह ज्ञापन दे चुके हैं, लेकिन बिजली महकमा उनकी नहीं सुन रहा। इस दौरान एडीएम रत्निका श्रीवास्तव, सीओ अरुण सिंह, तहसीलदार भानू प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# आंधी बारिश से 160 गांवों की हुई बिजली गुल, दर्जनों पेड़ गिरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** देर रात आई तेज आंधी व बारिश से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। तेज आंधी आने से दर्जनों पेड़ टूटकर 33 केवीए की लाइन पर आ गिरे जिससे 33 केवीए लाइन के तार टूट गए। ज्ञात हो कि रिछा से शेरगढ़ होकर जंगल के रास्ते से जाफरपुर बिजली घर तक आने वाली 33 केवीए लाइन पेड़ो से होकर गुजरती है। आंधी अथवा तेज हवा चलने पर जाफरपुर बिजली घर से पोषित लगभग 160 गांवों को बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। बीती रात आई तेज आंधी से 33 केवीए लाइन पर दर्जनों पेड़ टूट कर गिर गए, जिससे क्षेत्र की बिजली गुल हो गई थी। अवर अभियंता संतोष शर्मा अपनी टीम के साथ टूटे हुए तारों की मरम्मत कराकर करीब 16 घंटे बाद सभी 160 गांवों की बिजली आपूर्ति चालू कराई गई। बिजली आपूर्ति चालू होने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर मिला शव

- **नहीं हो सकी पहचान पुलिस जुटी जांच में**





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर शव के शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त नही हो सकी। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया।

थाना क्षेत्र के गांव माधोपुर के राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे ग्रामीणो को एक पुरूष का शव दिखाई दिया। जिसके बाद ग्रामीणो ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची ट्रेनी आईपीएस अफसर मेविश टॉक व थाना प्रभारी प्रदीप कुमार चतुर्वेदी ने शव कब्जे मे लेकर वहां से गुजर रहे राहगीरों और गांव के लोगों से शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकीन शिनाख्त नही हो सकी। व्यक्ति की उम्र करीब 40 साल बताई जा रही है। सूचना पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य को एकत्रित किया।

शिनाख्त नहीं होने पर शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस परिजन की तलाश में जुटी है और आसपास के क्षेत्र और थाने में फोटो भेजकर पहचान करने की कोशिश में लगी हुई। शव कई दिन पुराना है जिस बजह से वह सड़ने लगा है।मृतक का नीले कलर का पजामा सफेद चौक की कमीच पहने हुए है।

## एक नजर

# सेवानिवृत कर्मी की शिकायत पर राजस्व परिषद ने डीएम को दिए कार्यवाही के आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** तहसील के सेवानिवृत कर्मी अमीर सरवर द्वारा संग्रह अमीन महेंद्र सिंह पर सरकारी सेवा के साथ-साथ भारतीय जीवन बीमा निगम में अभिकर्ता के रूप में कार्य किए जाने सेवा पुस्तिका पर अंकित प्रतिकूल प्रविष्टि का गायब किए जाने के साथ ही 14 वर्षों से एक ही तहसील नवाबगंज में कार्य किए जाने का आरोप लगाते हुए प्रदेश के राजस्व परिषद के आयुक्त के साथ ही आला अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर जांच कर कार्यवाही की मांग की थी। सेवानिवृत कर्मी अमीर सरवर की इस शिकायत को राजस्व परिषद के आयुक्त एवं सचिव ने गंभीरता से लेते हुए डीएम को को इस मामले की जांच कर तत्काल कार्यवाही के आदेश दिए हैं। आयुक्त ने की गई कार्यवाही से शिकायतकर्ता को भी अवगत कराए जाने के आदेश डीएम को दिए हैं।

मालूम हो इससे पहले अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष कुमार सिंह ने भी सेवानिवृत कर्मी अमीर सरवर की इस शिकायत पर एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय को जांच कर कार्यवाही के आदेश दिए थे। आरोप है कि पिछले काफी दिनों से की जा रही इस शिकायत पर जिला प्रशासन के साथ ही स्थानीय प्रशासन द्वारा संग्रह अमीन महेंद्र सिंह के खिलाफ कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है, और सारे आदेश डब्लू वी एन कार्यालय में दवे पड़े धूल चाट रहे हैं। शिकायतकर्ता अमीर सरवर ने बताया कि पिछले कई माह से इस मामले की शिकायत की जा रही है, हर अधिकारी ने जांच कर कार्यवाही की इबारत लिखकर आदेशों को रद्दी की टोकरी में डाल दिया है, उन्होंने कहा कि जब अधिकारियों द्वारा इस मामले में कार्यवाही से किनारा किया जा रहा है तो वह इस मामले को अब उच्च न्यायालय में चुनौती देने की तैयारी कर रहे हैं।

# आंधी बरसात से रात भर ठप रही बिजली, नागरिक रहे परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** शुक्रवार की रात आई तेज आंधी और बारिश से जहां गर्मी से लोगों को राहत मिली, वहीं सारी रात विजली ठप होने से नागरिक विभाग को कोसते रहे।

शुक्रवार को रात करीब साढ़े 11 बजे तेज आंधी के साथ बारिश होने लगी, जिसके कुछ देर बाद ही कस्बे की लाइट भी गुल हो गई, जो सारी रात गुल रही। इस वारिश से नागरिकों को गर्मी से तो राहत मिली, लेकिन रात भर बिजली के गुल होने से मच्छरों से खासे परेशान रहे। शनिवार को सुबह साढ़े 7 बजे आई विजली के बाद कस्बे के उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।

# डीएफओ ने किया गांव का दौरा कैमरे लगाए जाने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** विकास क्षेत्र भदपुरा के गांव बिहारीपुर अब्दुल रहमान के किसान अरविन्द कुमार पर तेंदुए ने हमला कर दिया था, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया था।



शनिवार को डीएफओ दीक्षा भंडारी वन विभाग की टीम के साथ ग्राम बिहारीपुर अब्दुल रहमान पहुंचीं, और उन्होंने वन कर्मियों को सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से सतर्क रहने के साथ ही समूह बनाकर खेतों पर जाने की अपील भी की। शुक्रवार को ग्राम के अरविन्द कुमार को तेंदुए ने उस समय हमला कर घायल कर दिया था, जब वह अपने खेत पर गन्ने की फसल में पानी लगा रहा था।

# अंबेडकर नाम नहीं एक मिशन है: स्वतंत्र देव सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** भारतीय जनता पार्टी जिला बरेली के द्वारा संविधान निर्माता व भारत रत्न डॉक्टर भीमराव रामजी अंबेडकर सम्मान अभियान जिला गोष्ठी का आयोजन सिद्धि विनायक कॉलेज के ऑडिटोरियम में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह रहे। जिसमें जिले के अनुसूचित वर्ग के बड़ी संख्या में प्रबुद्धजनों ने भांग लिया।

जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारतीय संविधान के रचयिता डा. भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती के अवसर पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए हम सभी यहाँ एकत्रित हुए हैं, हम उनके चरणों में नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि डॉ० भीमराव अंबेडकर सिर्फ एक नाम ही नहीं एक मिशन है एक संकल्प है। डॉ० भीमराव अंबेडकर का बहुत बड़ा योगदान है जिसके कारण हम यहां बैठकर संगोष्ठी कर रहे हैं। एक दलित परिवार में जन्म लेने के बाद अनेकों सामाजिक व आर्थिक कठिनाईयों के बाद भी उन्होंने अपने जीवन को सामाजिक समानता व मानव अधिकारों के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर के अधूरे सपनों को भाजपा निरंतर पूरा कर रही है। भाजपा सरकार ने बाबा साहब के सम्मान में 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में घोषित किया है, जो बाबा साहब की याद में मनाया जाता है। भाजपा सरकार ने बाबा साहब से जुड़े पंचतीर्थ का विकास करके बाबा साहब को सम्मान दिया है। भीम जन्मभूमि मध्य प्रदेश के महू में बाबा साहब के जन्म स्थान को भव्य स्मारक के रूप में विकसित किया है। दीक्षाभूमि नागपूर में स्थित बाबा साहब के धर्मांतरण का प्रतीक है जहां उन्होंने बौद्ध धर्म अपनाया था। चैत्य भूमि बाबा साहब की समाधि स्थल को उनके जीवन का अंतिम पड़ाव का प्रतीक मानकर भव्य स्मारक बनाया। भाजपा सरकार ने ही वर्ष 1990 में डा. भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न देकर सम्मान दिया। कार्यक्रम में मेघनाथ सिंह कठेरिया, डीपी भारती, चौधरी देवेंद्र सिंह, सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, सोमपाल शर्मा, बहोरन लाल मौर्य, विधायक डा. डीसी वर्मा, विधायक डॉक्टर एमपी आर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल,राकेश मिश्रा, पिवन शर्मा, राज कुमार शर्मा, प्रशांत पटेल, मेघनाथ सिंह कठेरिया, अंकित माहेश्वरी, विनोद दिवाकर, वीरपाल गंगवार, चंचल गंगवार, अजय सक्सेना, नीरेंद्र सिंह राठौर, अभय चौहान,अंकित शुक्ला आदि थे।

# शीशगढ़ सीएचसी पर दो माह से टीकाकरण न होने से ग्रामीण परेशान

- **एएनएम का प्रमोशन होने से पैदा हुई समस्या**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** कस्बे में स्थित सीएचसी पर पिछले दो माह से टीकाकरण कार्य न होने से ग्रामीण परेशान हैं। एएनएम का प्रमोशन होने के कारण टीकारण की समस्या उत्पन्न हुई है।

बताते चलें कि शीशगढ़ सी एच सी पर काफी समय से दो ए एन एम तैनात है जिनसे रूटीन वे के हिसाब से सी एच सी व सप्ताह में दो दिन प्रत्येक शनिवार व बुधवार को कस्बे के दो अलग-अलग स्थानों पर टीकाकरण कराया जाता है, इसमें से एक एएनएम शांति का प्रमोशन हो गया है।

अब मात्र एक एएनएम पूनम ही शेष बची हैं, जिस कारण पिछले दो माह से सीएचसी में टीकाकरण न होने से ग्रामीण परेशान हैं। सीएचसी पर टीकाकरण कराने के लिए पहुंचने वाले ग्रामीण बैरंग वापस लौट रहे हैं।

शीशगढ़ सीएचसी पर पिछले दो माह से टीकाकरण न होने की जानकारी मिली है। हमने मुख्यचिकित्साधिकारी बरेली को पत्र लिखकर शीशगढ़ सीएचसी पर एक एएनएम की तैनाती शीघ्र ही किए जाने की मांग की है। विभागीय कर्मचारियों की उदासीनता के चलते कस्बे के लोगों को अब टीकाकरण जैसी सुविधा भी नहीं मिल पा रही है, यह बड़े ही दुख की बात है। **नीलोफर पत्नी हाजी गुड्डू**
**चेयरमैन, नगर पंचायत शीशगढ़**

एएनएम शांति का प्रमोशन हो जाने से यह समस्या पैदा हुई है। हमने स्टाफ की तैनाती किए जाने के लिए उच्च अधिकारियों को लिखकर भेजा है। कस्बे में टीकाकरण जारी रखने के लिए ग्रामीण क्षेत्र की एक अन्य एएनएम को अस्थाई तौर से लगाया गया है। जल्द ही सीएचसी पर भी टीकाकरण की समस्या का समाधान हो जाएगा। **डाक्टर गजेंद्र सिंह**
**प्रभारी चिकित्साधिकारी**
**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शीशगढ़/शेरगढ़**

# हिंदुओं पर हमले होना एक बड़ी साजिश: पंडित सुशील पाठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** हिंदू धर्मगुरु पंडित सुशील पाठक ने पश्चिम बंगाल के मुर्शीदाबाद और दिल्ली के सीलमपुर में हुई हालिया हत्याओं को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने इन घटनाओं को एक बड़ी साजिश का हिस्सा बताते हुए केंद्र सरकार से सख्त कार्रवाई की माँग की है।

पंडित सुशील पाठक ने कहा कि चाहे बात पश्चिम बंगाल के मुर्शीदाबाद में बाप-बेटे की हत्या की हो या दिल्ली के सीलमपुर में दूध लेने जा रहे मासूम की, ये घटनाएं किसी भी तरह से सामान्य नहीं कहीं जा सकतीं। उन्होंने आरोप लगाया कि ये एक सुनियोजित चाल है जिससे अल्पसंख्यक इलाकों में रह रहे हिंदुओं को डराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीलमपुर में जो हुआ वो सिर्फ एक बच्चे की हत्या नहीं थी, वो एक संदेश था। मुर्शीदाबाद में जो बाप-बेटे के साथ हुआ, वो उसी पैटर्न का हिस्सा है।

पाठक ने बताया कि इन इलाकों में मुसलमान आबादी ज्यादा है और हिंदू अल्पसंख्यक हैं। ऐसे में वहाँ रहने वाले हिंदू खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहाँ हिंदू कम और मुसलमान ज्यादा हैं, वहाँ टारगेट करके हत्याएं की जा रही हैं। ये बहुत चिंता की बात है। उन्होंने इन घटनाओं को धार्मिक असंतुलन से उपजा हिंसक माहौल बताया और कहा कि यदि अभी भी सरकार ने कदम नहीं उठाया तो ये आग और जगह फैल सकती है।

पंडित सुशील पाठक ने गृह मंत्री से अपील की कि ऐसे इलाकों में तत्काल सख्त कदम उठाए जाएं। उन्होंने यहाँ तक कहा कि अगर जरूरत हो तो राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए और राज्य सरकार को बर्खास्त किया जाए। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे सरकार ने कश्मीर में आतंक की कमर तोड़ी, वैसे ही इन इलाकों में भी कड़ा एक्शन लेना जरूरी है।

# आंधी-तूफान से देवरनियां क्षेत्र में मकान गिरने से दो व्यक्तियों की हुई मौत, दो घायल

- **पुलिस और राजस्व अमले ने किया मौका मुआयना**
- **दोनों मृतक परिवारोंं को दैवी आपदा के तहत चार-चार लाख रुपये की दी गई धनराशि**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** शुक्रवार की रात अचानक आए आंधी-तूफान से देवरनियां क्षेत्र के दो गांवों में मकान का छज्जा गिरने और झोपड़ी गिरने से उसके मलबे में दबकर दो व्यक्तियों की मौत हो गई। जबकि दो घायल हो गए हैं। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शुक्रवार रात अचानक बारिश के साथ तेज आंधी-तूफान आया, इसमें देवरनियां कोतवाली क्षेत्र के गांव उदरा निवासी कृष्ण पाल पुत्र कोमिल प्रसाद के मकान का छज्जा गिर गया, इसके मलबे में दबकर कृष्ण पाल (50) की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी रुपा देवी और बेटे का लड़का भरत बाबू 6 वर्ष गंभीर रुप से घायल हो गए। परिवार के अन्य सदस्यों ने ग्रामीणों की साहयता से तीनों को बाहर निकाला, घायल रुपा देवी और भरत बाबू को इलाज के लिए निजी अस्पताल भेजा गया है।

दूसरा हादसा कोतवाली क्षेत्र के गांव बसन्तनगर जागीर में हुआ। यहां रामचरन लाल के घर की झोपड़ी गिरने से उसमें दबकर रामचरन लाल (63) की मौत हो गाई। मृतक के पुत्र संजीव कुमार ने बताया कि आंधी-तूफान में झोपड़ी गिरने से उनके पिता की मौत हो गई है। यह हादसा अचानक हुआ, इसमें किसी का दोष नहीं है।

सूचना पर कार्यवाहक थाना प्रभारी इंस्पेक्टर क्राइम रामवीर सिंह, एसआई अनिल कुमार व चौकी इन्चार्ज पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे, और शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इधर सूचना पर एसडीएम बहेड़ी रात्निका श्रीवास्तव ने तुरंत संज्ञान लिया, गांव बसन्तनगर जागीर तहसीलदार बहेड़ी भानू प्रताप और गांव उदरा में नयाब तहसीलदार शोभित चौधरी मौके पर गए, और घटना की तहकीकात की। जिलाधिकारी के निर्देश पर एक मृतक परिवार को चार लाख, दोनों को आठ लाख रुपए की धनराशि दैवी आपदा के तहत दी गई है।

एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में दैवी आपदा के तहत दोनों मृतक परिवारों को चार-चार लाख रुपए की मदद दी गई है।

देवरनियां थाना क्षेत्र के दो गांवों में आंधी-तूफान से हुए हादसे का तहसीलदार की टीम ने मुआयना किया, और जिलाधिकारी महोदय के निर्देशन में दैवी आपदा के तहत दोनों मृतक परिवारों को चार-चार लाख रुपए की सरकारी सहायता दी गई है।
**रत्निका श्रीवास्तव**
**एसडीएम बहेड़ी**

# रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच हुई मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** रंजिश के चलते एक गांव में दो पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों के बीच गाली गलौज के बाद जमकर मारपीट हुई। घटना के बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे गए और मामले की तहरीर पुलिस को दी। इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना बहेड़ी के ग्राम गुरसौली निवासी ब्रहमस्वरूप पुत्र हरिराम का कहना है कि बीती 18 तारीख को समय लगभग 03:50 बजे गांव के ही चन्द्रपाल, धर्मवीर, तेजपाल उर्फ गुड्डू पुत्रगण नत्थू लाल व केशव, प्रियांशु पुत्रगण चन्द्रपाल ने एक राय होकर गाली गलौज करते हुए नाजायज हथियार व लाठी डंडों से उसकी पिटाई कर दी। आरोप है कि चन्द्रपाल ने जाति सूचक शब्द कहते हुए उसको जान से मारने की नियत से उसपर फायर कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष के चन्द्रपाल पुत्र नत्थू लाल निवासी ग्राम गुरसौली थाना बहेड़ी का कहना है कि बीती 18 तारीख को समय लगभग 03:50 बजे ग्राम गुरसौली निवासी ब्रह्मस्वरूप पुत्र हरीराम व दो अन्य अज्ञात लोगों ने उसके भाई के धर्मवीर को जान से मारने की नियत से धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। वहीं हरीश पुत्र भगतराम के साथ गाली गलौज कर मारपीट की। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी, और तीन लाख रुपये की रंगदारी भी मांगी। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पश्चिम बंगाल में हिंदुओं हो रहे हमलों के खिलाफ हिंदू जागरण मंच ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** पश्चिम बंगाल में वक्फ संशोधित बिल के खिलाफ हुए प्रदर्शन के दौरान हिंदुओं पर हमलों को लेकर शनिवार को हिंदू जागरण मंच ने कस्बे में विरोध प्रदर्शन कर भारत की राष्ट्रपति को संबोधित पत्र एसडीएम न्यायिक को सौंपा, जिसमें पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार को भंग कर तत्काल ही राष्ट्रपति शासन लगाए जाने की मांग की गई है।

हिंदू जागरण मंच के जिला उपाध्यक्ष हरिपाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एसडीएम की गैर मौजूदगी में एसडीएम न्यायिक राजेश चंद्रा को तहसील दिवस में एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें संगठन के कार्यकर्ताओं ने इन सुनियोजित हमलों को कड़े शब्दों में निंदा करते हुए महामहिम राष्ट्रपति से तत्काल ही अनुच्छेद 356 के तहत राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने की मांग की है।

ज्ञापन देने वालों में सूरज गंगवार, अंकित गंगवार, राजू गंगवार, सर्वेश सैनी, बृजेश भोजवाल, जसवंत गंगवार, संगम गंगवार, रामलखन सिंह, प्रताप सिंह, भानु प्रताप, तेजपाल सक्सेना, बेचेलाल राठौर, भूपेन्द्र गंगवार आदि शामिल रहे।



# आर पार की लड़ाई की तैयारी में व्यापारी कोतवाली में सैकड़ों व्यापारी घंटों जमाए रहे डेरा



**पीलीभीत।** शुक्रवार सुबह चबूतरा तोड़ने को लेकर भाजपा नगर अध्यक्ष की पिटाई के मामले में आत्मदाह की धमकी के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल समेत कई घरों में दबिश दी। इस दौरान एक नामजद अभियुक्त निमित अग्रवाल को पुलिस ने पकड़ लिया। इसकी जानकारी होते ही जिले भर के व्यापारी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी और जिला महामंत्री शैली अग्रवाल के नेतृत्व में सैकड़ों व्यापारी कोतवाली पहुंच गए, और सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी से जांच पूरी न होने तक पकड़े गए व्यापारी को छोड़ने व भाजपा नगर अध्यक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग पर अड़े रहे। घंटों तक कोतवाली में जिले भर से आए सैकड़ों व्यापारियों का जमावड़ा लगा रहा एकतरफा कार्यवाही से अब व्यापारियों में रोष साफ देखा जा रहा है। व्यापारियों ने जल्द मामले में निष्पक्ष जांच न होने पर बड़े आंदोलन की धमकी दी है। इस दौरान पीलीभीत। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी ने इस पूरे घटनाक्रम पर अफसोस जताते हुए कहा कि व्यापारी समाज हमेशा ही भाजपा का रहा है। इस सरकार में व्यापारियों का उत्पीड़न समझ से परे है। उन्होंने कहा कि एक हिस्ट्री शीटर के दबाव में व्यापारियों के खिलाफ यह कार्रवाई अनुचित है। गुलाटी ने कहा पकड़े गए निमित्त अग्रवाल को तत्काल छोड़ जाए। साथ ही भाजपा नगर अध्यक्ष के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज की जाए। पुलिस को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर तीन गौवंशीय पशुओं की मौत

**पीलीभीत।** शुक्रवार रात तेज आंधी और बारिश के चलते शहर के मोहल्ला बेनी चौधरी, लाल रोड, तुलाराम मंदिर परिसर में बिजली की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर तीन 3 गौवंशीय पशुओं की मौत हो गई। बताते हैं कि कई वर्षों से हाई टेंशन लाइन मे फाल्ट हो था। बिजली कर्मचारी तार बदलने की जगह जुगाड़ बाजी कर तार जोड़ जाते थे। जो बार बार टूटता रहता।

# नगरपालिका सभागार में 37 वीं काव्यकृति क्या कहूं पुस्तक का हुआ विमोचन



पूरनपुर। राष्ट्रीय कवि एवं साहित्यकार आचार्य देवेंद्र देव के गृहनगर पूरनपुर और सेवा–संस्था नगरपालिका परिषद के विशाल सभागार में उनकी 37 वीं काव्यकृति 'क्या कहूं?' का गुरुगरिम लोकार्पण हुआ। जिसकी अध्यक्षता पालिक. ाध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने की और मुख्य आतिथि के रूप में गुरुभाग सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष प्रति. निधि उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. संजय अग्रवाल सीए, अशोक बाजपेई एडवोकेट, राम बहादुर गुप्ता, डा. रंजन 'विशद' और सुनीला गुप्ता उपस्थित रहीं। दीप प्रज्वलन, मंच परिचय और स्वागत सत्कार के साथ प्रारंभ हुऐ इस कार्यक्रम का सफल संयोजन/संचालन जागृति गृहणी की अध्यक्ष संगीता सिंघल ने किया, साथ ही कार्यक्रम का पूर्ण व्यवस्थापन विवेक तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर आचार्य देवेंद्र देव द्वारा रचा गया पालिका के 'शीर्षक छन्द के आधारपट्ट का अनावरण भी किया गया। विमा.`चन समारोह में समाजसेवी अशोक खंडेलवाल, आलोक मिश्रा, देव शर्मा विचित्र, नवीन अग्रवाल, राम अवतार शर्मा, संतोष सिंह, राम स्नेही वर्मा, सतीश मिश्रा, रेनू खुराना, नीता अग्रवाल, अनुज गुप्ता,राजेश कुमार, सुशील कुमार गुप्ता, विज.`द्र द्विवेदी,मनोज गुप्ता आदि सहित सैकड़ो की संख्या में उपस्थित आचार्य के आत्मीय मित्र, सभासद, जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर उनके पूर्वकालिक साहित्यिक, सामा. जिक और सांस्कृतिक कार्यकलापों, गतिविधियों का उल्लेख करते हुए अपने प्रेरक उद्‌बोधनों से कार्यक्रम को गौरव प्रदान किया। रंजन प्रकाशन के संस्थापक/अध्यक्ष डॉ रंजन 'विशद' ने प्रकाशन के सहयोगियों ने स्वागत किया।

## टीबी से ग्रसित मरीजों को दी पोषण किट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जिला क्षय रोग केंद्र पीलीभीत में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आलोक कुमार के दिशा निर्देशन में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर एस० के० सिंह की अध्यक्षता में सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी के हाथों पुलिस अधीक्षक पीलीभीत अविनाश पांडे के द्वारा गोद लिए गए 8 मरीजों को पोषण किट का वितरण किया गया। इस मौके पर बोलते हुए जिला छह रोग अधिकारी डॉक्टर एस के सिंह ने सभी मरीजों को जिम्मेदारी से दवा खाने और पोषण किट का सही से उपयोग करने के बारे में विस्तार से समझाया। सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी के द्वारा पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त कर कहा गया।

## कार्यालय ग्राम पंचायत गंगदासपुर वि.ख. जोया जिला अमरोहा

पत्रांक: मीमो/ग्रा.पं.सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2025 दिनांक 19.04.2025

### अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फामों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गंगदासपुर विकासखण्ड जोया जनपद अमरोहा में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसर पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, ओडीएफ प्लस, RGSA, पंचायत पुरस्कार से प्राम धनराशि, बहुउद्देशीय पंचायत घर योजना, अन्य मद से निर्माण हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक, गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबन्द सीलबन्द निविदायें/ कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म आपूर्तिकर्ता दिनांक 21.04.2025 से 30.04.2025 तक कार्यलय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बाक्स में सीलबन्द निविदाएं/कुटेशन सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 01.05.2025 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष संबंधित ग्राम पंचायत के कलस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचागत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी, जो कि ग्राम पं. को समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत (प्रधान एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामाग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. पंजीकरण सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी.डब्ल्यू.डी. की दरों के अनुरूप पी.डब्ल्यू डी. के रेट ऑफ शेडयूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणक्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | युनिट/मात्रा | दर | क्र.सं. | सामग्री का नाम | युनिट/मात्रा | दर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 27 | सी.सी. बैंच/डेस्क का बैंच | प्रति नग | 4 |
| 1 | सीमेन्ट | प्रति.बैग/टन | | 28 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 2 | बालू रेत | घन मी. | | 29 | कूड़ागाड़ी/ठेली एवं सफाई किट | प्रति नग/युनिट | |
| 3 | बजरफुट | घन मी. | | 30 | सोडियम हाइप्रोक्लोराइड, ब्लीचिंग पाउडर व अन्य कीनाशक व संक्रामक रोधक दवाएं | प्रति ली./किलोग्राम/ प्रति पैकेट | |
| 4 | 20 एम.एम. बजरी | घनमी. | | | | | |
| 5 | 40 एम.एम. ईंट, रोड़ी | घन.मी. | | 31 | प्राईमर लोहा, लकड़ी | प्रति लीटर | |
| 6 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150 | प्रति नग/हजार | | 32 | डिस्टेम्पर, बाल पुट्टी, पेंट, समोसम आदि | प्रति किलोग्राम/ कुण्टल/ लीटर | |
| 7 | ईंट बालदार एम-275 | प्रति नग/हजार | | | | | |
| 8 | इंटरलॉक टाइल्स 80 एम.एम. | प्रति नग | | 33 | पीवीसी पाइप एवं जी.आई. पाइप | प्रति रनिंग मीटर | |
| 9 | इंटरलॉक टाइल्स 60 एम.एम. | प्रति नग | | 34 | हैण्डपम्म मरम्मत सामग्री | प्रति नग/रनिंग मीट | |
| 10 | पंचायत घर के आफिस इंप्रूवमेंट | प्रति नग/युनिट | | 35 | हैण्डपम्प रीवोर सामग्री | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 11 | पुस्तकालय इक्विपमेंट | प्रति नग/युनिट | | 36 | प्लाई एवं माइका | प्रति नग/वर्गफुट/वर्ग मी. | |
| 12 | दीवार टाइल्स | वर्ग मी. | | 37 | आरसीसी पाइप/हयूमपाइप | प्रति वर्ग/रनिंग मी. | |
| 13 | फर्श टाइल्स | वर्ग मी. | | 38 | वाटर कूलर आर. ओ. सहित | प्रति नग | |
| 14 | सरिया | प्रति कुंतल | | 39 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/रनिंग मी. | |
| 15 | लोहे की ऐगल/पाइप | प्रति कुंतल | | 40 | इन्सीनेटर | प्रति नग | |
| 16 | लोहे का जाल | प्रति कुंतल | | 41 | प्लम्बरिंग सामग्री | प्रति नग | |
| 17 | सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर | वर्ग मी./नग | | 42 | ओपन जिम/खेल मैदान उपकरण | प्रति नग | |
| 18 | मिटटी दूरी सहित | घन मी. | | 43 | इलैक्ट्रीशियन कार्य सामग्री | प्रति नग | |
| 19 | लकड़ी के दरवाजे कामर्शियल/टिम्बर/प्लाई | प्रति नग/वर्ग मी./वर्ग | | 44 | लोहे का गेट/खिड़की | प्रति कु. | |
| 20 | सौलर लाइट नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग | | 45 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग/लीटर | |
| 21 | स्ट्रीट लाईट नया मरम्मत उपकरण | प्रति नग | | 46 | पत्थर रोड़ी 40 एमएम | घन मी. | |
| 22 | ई. रिक्शा | प्रति नग | | 47 | अन्य सामग्री | प्रति घन मी. | |
| 23 | सेनेट्री सामग्री | प्रति नग/वर्ग मी. | | 48 | कम्पलीट कार्य | वर्ग मी./घन | |
| 24 | बिजली उपकरण | प्रति नग | | 49 | अतिरिक्त कक्ष केन्द्र (CSC) | मीटर/नग | |
| 25 | लोहे का फेंसिंग तार | प्रति वर्ग मी. | | 50 | अंत्येष्टि स्थल | | |
| 26 | फॉगिंग मशीन स्प्रे मशीन | प्रति नग | | 51 | पुस्तकालय | | |

नोट:- 1- यदि किसी भी फर्म/सप्लायर/आपूर्तिकर्ता के लिए कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो संबंधित को उसकी भी कार्रवाई के मानकों को अनिवार्य रूप से पूर्ण करन होगा। 2- समान दरें होने पर ग्राम पंचायत एक से अधिक फर्मो को सामग्री आपूर्ति के लिए अधिकृत कर सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत गंगदासपुर, वि.ख.- जोया जनपद अमरोहा

सचिव
ग्राम पंचायत गंगदासपुर, वि.ख.- जोया जनपद अमरोहा

## कार्यालय ग्राम पंचायत पतेई खालसा वि.ख. जोया जिला अमरोहा

पत्रांक: मीमो/ग्रा.पं.सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2025 दिनांक 19.04.2025

### अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फामों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पतेई खालसा विकासखण्ड जोया जनपद अमरोहा में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसर पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, ओडीएफ प्लस, RGSA, पंचायत पुरस्कार से प्राम धनराशि, बहुउद्देशीय पंचायत घर योजना, अन्य मद से निर्माण हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक, गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबन्द सीलबन्द निविदायें/ कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म आपूर्तिकर्ता दिनांक 21.04.2025 से 30.04.2025 तक कार्यलय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बाक्स में सीलबन्द निविदाएं/कुटेशन सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 01.05.2025 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष संबंधित ग्राम पंचायत के कलस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचागत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी, जो कि ग्राम पं. को समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत (प्रधान एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामाग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. पंजीकरण सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी.डब्ल्यू.डी. की दरों के अनुरूप पी.डब्ल्यू डी. के रेट ऑफ शेडयूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणक्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | युनिट/मात्रा | दर | क्र.सं. | सामग्री का नाम | युनिट/मात्रा | दर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 27 | सी.सी. बैंच/डेस्क का बैंच | प्रति नग | 4 |
| 1 | सीमेन्ट | प्रति.बैग/टन | | 28 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 2 | बालू रेत | घन मी. | | 29 | कूड़ागाड़ी/ठेली एवं सफाई किट | प्रति नग/युनिट | |
| 3 | बजरफुट | घन मी. | | 30 | सोडियम हाइप्रोक्लोराइड, ब्लीचिंग पाउडर व अन्य कीनाशक व संक्रामक रोधक दवाएं | प्रति ली./किलोग्राम/ प्रति पैकेट | |
| 4 | 20 एम.एम. बजरी | घनमी. | | | | | |
| 5 | 40 एम.एम. ईंट, रोड़ी | घन.मी. | | 31 | प्राईमर लोहा, लकड़ी | प्रति लीटर | |
| 6 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150 | प्रति नग/हजार | | 32 | डिस्टेम्पर, बाल पुट्टी, पेंट, समोसम आदि | प्रति किलोग्राम/ कुण्टल/ लीटर | |
| 7 | ईंट बालदार एम-275 | प्रति नग/हजार | | | | | |
| 8 | इंटरलॉक टाइल्स 80 एम.एम. | प्रति नग | | 33 | पीवीसी पाइप एवं जी.आई. पाइप | प्रति रनिंग मीटर | |
| 9 | इंटरलॉक टाइल्स 60 एम.एम. | प्रति नग | | 34 | हैण्डपम्म मरम्मत सामग्री | प्रति नग/रनिंग मीट | |
| 10 | पंचायत घर के आफिस इंप्रूवमेंट | प्रति नग/युनिट | | 35 | हैण्डपम्प रीवोर सामग्री | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 11 | पुस्तकालय इक्विपमेंट | प्रति नग/युनिट | | 36 | प्लाई एवं माइका | प्रति नग/वर्गफुट/वर्ग मी. | |
| 12 | दीवार टाइल्स | वर्ग मी. | | 37 | आरसीसी पाइप/हयूमपाइप | प्रति वर्ग/रनिंग मी. | |
| 13 | फर्श टाइल्स | वर्ग मी. | | 38 | वाटर कूलर आर. ओ. सहित | प्रति नग | |
| 14 | सरिया | प्रति कुंतल | | 39 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/रनिंग मी. | |
| 15 | लोहे की ऐगल/पाइप | प्रति कुंतल | | 40 | इन्सीनेटर | प्रति नग | |
| 16 | लोहे का जाल | प्रति कुंतल | | 41 | प्लम्बरिंग सामग्री | प्रति नग | |
| 17 | सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर | वर्ग मी./नग | | 42 | ओपन जिम/खेल मैदान उपकरण | प्रति नग | |
| 18 | मिटटी दूरी सहित | घन मी. | | 43 | इलैक्ट्रीशियन कार्य सामग्री | प्रति नग | |
| 19 | लकड़ी के दरवाजे कामर्शियल/टिम्बर/प्लाई | प्रति नग/वर्ग मी./वर्ग | | 44 | लोहे का गेट/खिड़की | प्रति कु. | |
| 20 | सौलर लाइट नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग | | 45 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग/लीटर | |
| 21 | स्ट्रीट लाईट नया मरम्मत उपकरण | प्रति नग | | 46 | पत्थर रोड़ी 40 एमएम | घन मी. | |
| 22 | ई. रिक्शा | प्रति नग | | 47 | अन्य सामग्री | प्रति घन मी. | |
| 23 | सेनेट्री सामग्री | प्रति नग/वर्ग मी. | | 48 | कम्पलीट कार्य | वर्ग मी./घन | |
| 24 | बिजली उपकरण | प्रति नग | | 49 | अतिरिक्त कक्ष केन्द्र (CSC) | मीटर/नग | |
| 25 | लोहे का फेंसिंग तार | प्रति वर्ग मी. | | 50 | अंत्येष्टि स्थल | | |
| 26 | फॉगिंग मशीन स्प्रे मशीन | प्रति नग | | 51 | पुस्तकालय | | |

नोट:- 1- यदि किसी भी फर्म/सप्लायर/आपूर्तिकर्ता के लिए कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो संबंधित को उसकी भी कार्रवाई के मानकों को अनिवार्य रूप से पूर्ण करन होगा। 2- समान दरें होने पर ग्राम पंचायत एक से अधिक फर्मो को सामग्री आपूर्ति के लिए अधिकृत कर सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत पतेई खालसा, वि.ख.- जोया जनपद अमरोहा

सचिव
ग्राम पंचायत पतेई खालसा, वि.ख.- जोया जनपद अमरोहा

## कार्यालय ग्राम पंचायत धनौरी अहीर वि.ख. जोया जिला अमरोहा

पत्रांक: मीमो/ग्रा.पं.सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2025 दिनांक 19.04.2025

### अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फामों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत धनौरी अहीर विकासखण्ड जोया जनपद अमरोहा में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसर पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, ओडीएफ प्लस, RGSA, पंचायत पुरस्कार से प्राम धनराशि, बहुउद्देशीय पंचायत घर योजना, अन्य मद से निर्माण हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक, गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबन्द सीलबन्द निविदायें/ कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म आपूर्तिकर्ता दिनांक 21.04.2025 से 30.04.2025 तक कार्यलय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बाक्स में सीलबन्द निविदाएं/कुटेशन सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 01.05.2025 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष संबंधित ग्राम पंचायत के कलस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचागत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी, जो कि ग्राम पं. को समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत (प्रधान एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामाग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. पंजीकरण सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी.डब्ल्यू.डी. की दरों के अनुरूप पी.डब्ल्यू डी. के रेट ऑफ शेडयूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणक्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | युनिट/मात्रा | दर | क्र.सं. | सामग्री का नाम | युनिट/मात्रा | दर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 27 | सी.सी. बैंच/डेस्क का बैंच | प्रति नग | 4 |
| 1 | सीमेन्ट | प्रति.बैग/टन | | 28 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 2 | बालू रेत | घन मी. | | 29 | कूड़ागाड़ी/ठेली एवं सफाई किट | प्रति नग/युनिट | |
| 3 | बजरफुट | घन मी. | | 30 | सोडियम हाइप्रोक्लोराइड, ब्लीचिंग पाउडर व अन्य कीनाशक व संक्रामक रोधक दवाएं | प्रति ली./किलोग्राम/ प्रति पैकेट | |
| 4 | 20 एम.एम. बजरी | घनमी. | | | | | |
| 5 | 40 एम.एम. ईंट, रोड़ी | घन.मी. | | 31 | प्राईमर लोहा, लकड़ी | प्रति लीटर | |
| 6 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150 | प्रति नग/हजार | | 32 | डिस्टेम्पर, बाल पुट्टी, पेंट, समोसम आदि | प्रति किलोग्राम/ कुण्टल/ लीटर | |
| 7 | ईंट बालदार एम-275 | प्रति नग/हजार | | | | | |
| 8 | इंटरलॉक टाइल्स 80 एम.एम. | प्रति नग | | 33 | पीवीसी पाइप एवं जी.आई. पाइप | प्रति रनिंग मीटर | |
| 9 | इंटरलॉक टाइल्स 60 एम.एम. | प्रति नग | | 34 | हैण्डपम्म मरम्मत सामग्री | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 10 | पंचायत घर के आफिस इंप्रूवमेंट | प्रति नग/युनिट | | 35 | हैण्डपम्प रीवोर सामग्री | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 11 | पुस्तकालय इक्विपमेंट | प्रति नग/युनिट | | 36 | प्लाई एवं माइका | प्रति नग/वर्गफुट/वर्ग मी. | |
| 12 | दीवार टाइल्स | वर्ग मी. | | 37 | आरसीसी पाइप/हयूमपाइप | प्रति वर्ग/रनिंग मी. | |
| 13 | फर्श टाइल्स | वर्ग मी. | | 38 | वाटर कूलर आर. ओ. सहित | प्रति नग | |
| 14 | सरिया | प्रति कुंतल | | 39 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/रनिंग मी. | |
| 15 | लोहे की ऐगल/पाइप | प्रति कुंतल | | 40 | इन्सीनेटर | प्रति नग | |
| 16 | लोहे का जाल | प्रति कुंतल | | 41 | प्लम्बरिंग सामग्री | प्रति नग | |
| 17 | सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर | वर्ग मी./नग | | 42 | ओपन जिम/खेल मैदान उपकरण | प्रति नग | |
| 18 | मिटटी दूरी सहित | घन मी. | | 43 | इलैक्ट्रीशियन कार्य सामग्री | प्रति नग | |
| 19 | लकड़ी के दरवाजे कामर्शियल/टिम्बर/प्लाई | प्रति नग/वर्ग मी./वर्ग | | 44 | लोहे का गेट/खिड़की | प्रति कु. | |
| 20 | सौलर लाइट नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग | | 45 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग/लीटर | |
| 21 | स्ट्रीट लाईट नया मरम्मत उपकरण | प्रति नग | | 46 | पत्थर रोड़ी 40 एमएम | घन मी. | |
| 22 | ई. रिक्शा | प्रति नग | | 47 | अन्य सामग्री | प्रति घन मी. | |
| 23 | सेनेट्री सामग्री | प्रति नग/वर्ग मी. | | 48 | कम्पलीट कार्य | वर्ग मी./घन | |
| 24 | बिजली उपकरण | प्रति नग | | 49 | अतिरिक्त कक्ष केन्द्र (CSC) | मीटर/नग | |
| 25 | लोहे का फेंसिंग तार | प्रति वर्ग मी. | | 50 | अंत्येष्टि स्थल | | |
| 26 | फॉगिंग मशीन स्प्रे मशीन | प्रति नग | | 51 | पुस्तकालय | | |

नोट:- 1- यदि किसी भी फर्म/सप्लायर/आपूर्तिकर्ता के लिए कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो संबंधित को उसकी भी कार्रवाई के मानकों को अनिवार्य रूप से पूर्ण करन होगा। 2- समान दरें होने पर ग्राम पंचायत एक से अधिक फर्मो को सामग्री आपूर्ति के लिए अधिकृत कर सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत धनौरी अहीर, वि.ख.- जोया जनपद अमरोहा

सचिव
ग्राम पंचायत धनौरी अहीर, वि.ख.- जोया जनपद अमरोहा

## कार्यालय ग्राम पंचायत मूढ़ा इम्मा वि.ख. जोया जिला अमरोहा

पत्रांक: मीमो/ग्रा.पं.सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2025 दिनांक 19.04.2025

### अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फामों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मूढ़ा इम्मा विकासखण्ड जोया जनपद अमरोहा में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसर पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, ओडीएफ प्लस, RGSA, पंचायत पुरस्कार से प्राम धनराशि, बहुउद्देशीय पंचायत घर योजना, अन्य मद से निर्माण हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक, गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबन्द सीलबन्द निविदायें/ कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म आपूर्तिकर्ता दिनांक 21.04.2025 से 30.04.2025 तक कार्यलय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बाक्स में सीलबन्द निविदाएं/कुटेशन सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 01.05.2025 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष संबंधित ग्राम पंचायत के कलस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचागत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी, जो कि ग्राम पं. को समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत (प्रधान एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामाग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. पंजीकरण सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी.डब्ल्यू.डी. की दरों के अनुरूप पी.डब्ल्यू डी. के रेट ऑफ शेडयूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणक्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | युनिट/मात्रा | दर | क्र.सं. | सामग्री का नाम | युनिट/मात्रा | दर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 27 | सी.सी. बैंच/डेस्क का बैंच | प्रति नग | 4 |
| 1 | सीमेन्ट | प्रति.बैग/टन | | 28 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 2 | बालू रेत | घन मी. | | 29 | कूड़ागाड़ी/ठेली एवं सफाई किट | प्रति नग/युनिट | |
| 3 | बजरफुट | घन मी. | | 30 | सोडियम हाइप्रोक्लोराइड, ब्लीचिंग पाउडर व अन्य कीनाशक व संक्रामक रोधक दवाएं | प्रति ली./किलोग्राम/ प्रति पैकेट | |
| 4 | 20 एम.एम. बजरी | घनमी. | | | | | |
| 5 | 40 एम.एम. ईंट, रोड़ी | घन.मी. | | 31 | प्राईमर लोहा, लकड़ी | प्रति लीटर | |
| 6 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150 | प्रति नग/हजार | | 32 | डिस्टेम्पर, बाल पुट्टी, पेंट, समोसम आदि | प्रति किलोग्राम/ कुण्टल/ लीटर | |
| 7 | ईंट बालदार एम-275 | प्रति नग/हजार | | | | | |
| 8 | इंटरलॉक टाइल्स 80 एम.एम. | प्रति नग | | 33 | पीवीसी पाइप एवं जी.आई. पाइप | प्रति रनिंग मीटर | |
| 9 | इंटरलॉक टाइल्स 60 एम.एम. | प्रति नग | | 34 | हैण्डपम्म मरम्मत सामग्री | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 10 | पंचायत घर के आफिस इंप्रूवमेंट | प्रति नग/युनिट | | 35 | हैण्डपम्प रीवोर सामग्री | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 11 | पुस्तकालय इक्विपमेंट | प्रति नग/युनिट | | 36 | प्लाई एवं माइका | प्रति नग/वर्गफुट/वर्ग मी. | |
| 12 | दीवार टाइल्स | वर्ग मी. | | 37 | आरसीसी पाइप/हयूमपाइप | प्रति वर्ग/रनिंग मी. | |
| 13 | फर्श टाइल्स | वर्ग मी. | | 38 | वाटर कूलर आर. ओ. सहित | प्रति नग | |
| 14 | सरिया | प्रति कुंतल | | 39 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/रनिंग मी. | |
| 15 | लोहे की ऐगल/पाइप | प्रति कुंतल | | 40 | इन्सीनेटर | प्रति नग | |
| 16 | लोहे का जाल | प्रति कुंतल | | 41 | प्लम्बरिंग सामग्री | प्रति नग | |
| 17 | सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर | वर्ग मी./नग | | 42 | ओपन जिम/खेल मैदान उपकरण | प्रति नग | |
| 18 | मिटटी दूरी सहित | घन मी. | | 43 | इलैक्ट्रीशियन कार्य सामग्री | प्रति नग | |
| 19 | लकड़ी के दरवाजे कामर्शियल/टिम्बर/प्लाई | प्रति नग/वर्ग मी./वर्ग | | 44 | लोहे का गेट/खिड़की | प्रति कु. | |
| 20 | सौलर लाइट नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग | | 45 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग/लीटर | |
| 21 | स्ट्रीट लाईट नया मरम्मत उपकरण | प्रति नग | | 46 | पत्थर रोड़ी 40 एमएम | घन मी. | |
| 22 | ई. रिक्शा | प्रति नग | | 47 | अन्य सामग्री | प्रति घन मी. | |
| 23 | सेनेट्री सामग्री | प्रति नग/वर्ग मी. | | 48 | कम्पलीट कार्य | वर्ग मी./घन | |
| 24 | बिजली उपकरण | प्रति नग | | 49 | अतिरिक्त कक्ष केन्द्र (CSC) | मीटर/नग | |
| 25 | लोहे का फेंसिंग तार | प्रति वर्ग मी. | | 50 | अंत्येष्टि स्थल | | |
| 26 | फॉगिंग मशीन स्प्रे मशीन | प्रति नग | | 51 | पुस्तकालय | | |

नोट:- 1- यदि किसी भी फर्म/सप्लायर/आपूर्तिकर्ता के लिए कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो संबंधित को उसकी भी कार्रवाई के मानकों को अनिवार्य रूप से पूर्ण करन होगा। 2- समान दरें होने पर ग्राम पंचायत एक से अधिक फर्मो को सामग्री आपूर्ति के लिए अधिकृत कर सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मूढा इम्मा, वि.ख.- जोया जनपद अमरोहा

सचिव
ग्राम पंचायत मूढा इम्मा, वि.ख.- जोया जनपद अमरोहा

# डीएम व एसपी ने बिलासपुर में निर्माणाधीन उ.प्र. की पहली ऑटोमेटिक गेटवे परियोजना का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलासपुर/रामपुर।** सम्पूर्ण समाधान दिवस के पश्चात जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने तहसील बिलासपुर में निर्माणाधीन उत्तर प्रदेश की पहली ऑटोमेटिक गेटवे परियोजना का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने डी.पी.आर. एवं स्थल पर प्रयुक्त हो रही निर्माण सामग्री का अवलोकन किया, जो मानकों के विपरीत पायी गयी। जिलाधिकारी ने निर्माण सामग्री को तत्काल हटाते हुए मानकों के अनुरूप सामग्री प्रयुक्त किये जाने हेतु अधिशसी अभियन्ता नहर को निर्देश दिये।

इसके अतिरिक्त कार्य की कुशलता भी उच्च कोटि की नहीं पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल तकनीकी टीम को जांच कर तत्काल आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जांच आख्या प्राप्त होने पर संबंधित



कार्यदायी संस्था के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता एवं संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये गये कि निर्माण कार्य डी.पी.आर. में दी गयी शर्तों/मानकों के अनुरूप ही करायें। उन्होंने कार्यों की नियमित रूप से मॉनीटरिंग करने हेतु उप जिलाधिकारी, बिलासपुर व अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने बताया कि 10.56 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन परियोजना से टॉप हिंग्स ऑटोमेटिक गेट बनाए जाएंगे, जो बाढ़ के दौरान नदी में जलस्तर बढ़ने पर स्वत: ही सक्रिय हो जाएंगे।

उन्होंने बताया कि भाकड़ा वियर उत्तर प्रदेश की पहली ऑटोमेटिक गेटवे परियोजना है, जिसके आधुनिकीकरण का कार्य किया जा रहा है, जिसके उपरांत भाकड़ा वियर बिना सेंसर, बिना विद्युत और बिना मैनपावर के सिर्फ पानी के दबाव से संचालित होगा। जिलाधिकारी ने बताया कि इस परियोजना से निकलने वाली नहरों में जरूरत के अनुरूप पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी, जिसके परिणाम स्वरुप किसानों को निर्बाध रूप से नहरों के माध्यम से सिंचाई की सुविधा मिलेगी। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता सहित कार्यदायी संस्था मौजूद रहे।

# गन्ना विकास परिषद/समिति में हुआ कृषक गोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को जिला गन्ना अधिकारी शैलेश कुमार की उपस्थिति में गन्ना विकास परिषद/समिति, बिलासपुर के ग्राम विशारतनगर में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। उन्होंने किसानों को पैड़ी प्रबंधन हेतु आरएमडी का संचालन कर पराली शेविंग करके बहुत अच्छी पैड़ी लेने की सलाह दी और टॉप बोरर की रोकथाम हेतु फेरोमोन ट्रैप को कृषक के खेत पर स्थापित कराने की भी सलाह दी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि किसानों को वसंत कालीन गन्ना बुवाई बीज उपचार करके सिंगल बड द्वारा बुवाई किये जाने एवं बुवाई से पहले अन्तिम जुताई पर ट्राइकोडर्मा का प्रयोग करें। जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि सिंगल बड से कृषक का मात्र 2 कुन्तल/बीघा अर्थात् 25 कुंतल प्रति हेक्टेयर की दर से बीज बुवाई में प्रयोग होगा, जिसमें कृषक



को बीज की बचत होगी और प्लॉट में लगभग शत प्रतिशत जमाव होगा। तत्पश्चात उन्होंने किसानों को अन्य नवीन प्रजातियों से बुवाई किये जाने जिसमें सीओएस 18321,17231, सीओकेएल 16202, सीओ 0118 , सीओएस13235, सीओ 15023 बवसा 14201 मुख्यत: प्रजातियों की बुवाई करने की सलाह दी एवं कृषकों को गन्ने में लगने वाले कीट एवं रोगों की रोकथाम हेतु आवश्यक जानकारी दी गई। गोष्ठी में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बिलासपुर , मुख्य गन्ना अधिकारी, चीनी मिल बिलासपुर एवं गन्ना पर्यवेक्षक और बड़ी संख्या में प्रगति शील किसान उपस्थित रहे।

# मिलक में आवारा कुत्ते के काटने से बुजुर्ग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** आवारा कुत्ते के काटने से एक 62 बर्षीय वुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया कोतवाली क्षेत्र के खमरिया गांव निवासी किशन लाल 62 वर्ष एक निजी विद्यालय में साफ सफाई का कार्य करते हैं। आज अपराहन लगभग तीन बजे विद्यालय परिसर में काम कर रहे थे तभी अचानक एक आवारा कुत्ता आकर उन पर झपट पड़ा और बुरी तरह से घायल कर दिया। विद्यालय के स्टाफ के द्वारा बचाया गया आनंन फानन में किशन लाल को नगर के साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया सूचना पर विद्यालय के प्रबंधक भी अस्पताल पहुंच गए।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत ग्राम सींगनखेड़ा गांव का हुआ सर्वे

**( मो.आसिफ अली )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगर/रामपुर।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत ग्राम सींगनखेड़ा ब्लॉक सैदनगर को मॉडल सोलर विलेज के रूप में विकसित करने के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों की टीम ने गांव का सर्वे किया।

योजना के अंतर्गत गांव में समस्त घरों में सोलर रूफटॉप सोलर पंप सोलर स्ट्रीट लाइट हाई मास्ट लाइट विभिन्न सरकारी और सरकारी भवनों का सोलराइजेशन, आरसी सेंटर, लाइब्रेरी, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट, स्वयं सहायता समूह शेड, गौशाला, समस्त व्यवसायिक औद्योगिक इकाइयां, फुटबॉल स्टेडियम, वाटर मैनेजमेंट, अंत्येष्टि स्थल, आंगनबाड़ी केंद्र, सहकारी समिति, पार्क, बैंकों को भी पूर्ण रूप से सोलराइज किया जाएगा।

इसके अलावा गांव की सड़कों,




गलियों इत्यादि पर सोलर स्ट्रीट लाइट एवं हाई मास्टर लाइट लगाई जाएगी।

ग्रामीण बाजार को भी सोलर लाइट से जगमग किया जाएगा। इसके लिए केंद्र सरकार से एक करोड़ की धनराशि के लिए प्रस्ताव भेजा जा रहा है, जो शीघ्र ही प्राप्त हो जाएगा।

इस अवसर पर परियोजना अधिकारी यूपीनेडा मुकेश कुमार, खण्ड विकास अधिकारी पीयूष वर्मा, सहायक विकास अधिकारी रवींद्र सिंह, ग्राम विकास अधिकारी मोहम्मद इलियास, ग्राम प्रधान रूपाली, सी ए सजल अग्रवाल एवं समस्त ग्राम पंचायत सदस्य मौजूद रहे ।

# आरोप: सांठ - गांठ कर आपात्रों को कर दिया पात्र

**( विशाल जोशी )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/रामपुर।** तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में नगर पंचायत शाहबाद के सभासद बबलू अली ने शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है की नगर शाहबाद में प्रधानमंत्री आवास योजना कि सूची मैं 1338 लाभर्थियों के नाम थे। जिसकी जांच तहसील कर्मचारी व नगर पंचायत कर्मचारियों ने मिल कर की थी। जांच में जांच अधिकारियों ने पूर्व सभासद व बर्तमान सभासद पति से सांठ गाँठ कर के मोटी रकम लेकर गरीब पात्र लोगो के सूची से नाम काट दिये है सूची में सभासद के पुत्र सहित पैसे वाले,पक्के मकान वाले लोगो के नाम शामिल कर के अपात्र लोगो को पात्र दशा कर 192 नाम कि जाँच कर के भेज दिये है जब कि गरीब व्यक्तियों के नाम सूची से काट दिये गये।

# दो नफर वारंटियों को किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 2 वारंटी को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई ।पुलिस अधीक्षक के आदेश पर व क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडे ने शुक्रवार की रात्रि कोतवाली प्रभारी कुलदीप सिंह के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी मोहम्मद याकूब पुत्र अब्दुल हमीद निवासी निवासी मझरा हसन 2 अनवर अली पुत्र अकबर अली निवासी नानकार रानी को उसके मसकन से गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।गिरफ्तार करने वाली टीम में उ.नि.राम बाबू ,हे.का. राजकुमार,नबाब शरीफ आदि मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य कैंप में एचआईवी और टीबी के प्रति किया जागरूक

**( सुमित कुमार )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** कैंप लगाकर ग्रामीणों को एचआईवी और टीबी की जानकारी देकर किया जागरूक। शनिवार को महेवा साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा कैंप लगाकर एचआईवी और टीबी के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। और हफ्ते में ज्यादा खांसी वाले मरीजों के टीवी का सैंपल लिया गया। इस दौरान एचआईवी काउंसलर जितेंद्र प्रसाद ने बताया कि एचआईवी संक्रमण के शुरुआती लक्षणों में बुखार, थकान, और सूजी हुई लिम्फ नोड्स शामिल हैं। ये लक्षण संक्रमण के 2 से 4 हफ्तों के अंदर दिखाई दे सकते हैं. हालांकि, कई लोगों में पहली बार एचआईवी से संक्रमित होने पर कोई लक्षण नहीं दिखते और सक्रिय टीबी रोग के सामान्य लक्षणों में खांसी, छाती में




दर्द, तथा खून या बलगम (कफ) के साथ खांसी आना शामिल है। निष्क्रिय टीबी से पीड़ित लोगों,जिन्हें सुप्त टीबी संक्रमण भी कहा जाता है, में टीबी रोग के लक्षण नहीं होते हैं और वे दूसरों में टीबी नहीं फैला सकते हैं। कैंप में हफ्ते में ज्यादा खांसी वाले 5 मरीजों के सैंपल लिए गए। सैंपल जांच हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद भेज दिए गए। इस दौरान साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधिकारी महेवा सतपाल सिंह, काउंसलर जितेंद्र प्रसाद, एऐनएम संतरेस और सैंपल ट्रांसपोर्टर महिपाल मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगर/रामपुर।** पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी ने सोशल मीडिया पर दोस्ती के बाद पीड़िता से दुष्कर्म किया था। घटना अजीमनगर थाना क्षेत्र के हरेटा गांव की थी। गांव निवासी एक युवक का उत्तराखंड के उधमसिंह नगर निवासी विवाहिता के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। 1 साल पहले दोनों की इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी। बुधवार की शाम प्रेमी ने शादी का झांसा देकर प्रेमिका को रामपुर बुला लिया। प्रेमिका ने रामपुर पहुंच कर फोन किया तो प्रेमी उसे लेने के लिए पहुंच गया। देर रात को प्रेमी बाइक से बैठाकर प्रेमिका को अपने गांव के पास ले आया। आरोपी रात को प्रेमिका के साथ जंगल में एक ट्यूबवेल पर रुका। इस दौरान विवा. हिता को झांसे में लेकर आरोपी ने दुष्कर्म भी किया। सुबह होने पर




आरोपी प्रेमिका को जंगल में छोड़कर फरार हो गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। शनिवार को विवेचक विकास राजपूत ने आरोपी हरैटा निवासी समीर उर्फ अयान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने बताया आरोपी को जेल भेज दिया गया है। जबकि पीड़िता को मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराने भेजा जा रहा है।

कार्यालय ग्राम पंचायत सीगनखेड़ा विकास खण्ड सैदनगर जिला रामपुर

पत्रांक:-मीमो./ग्रा.पं./सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2025 दिनांक:-19/04/2025

अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सीगनखेड़ा विकास खण्ड सैदनगर जिला रामपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/मनरेगा/15 वां वित/राज्य वित्त/ त्ळै। व ट्ट की मद से निर्माण कार्य हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद सीलबंद निविदाएं/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मे/आपूर्तिकर्ता दिनांक 21/04/2025 से 28/04/2025 तक कार्यालय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबंद निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 29/04/2025 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष सम्बंधित ग्राम पंचायत के क्लस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी, जो कि ग्राम पंचायत को समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत (प्रधान एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. पंजीकरण संबंधित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी.डब्ल्यू.डी. की दरों की अनुरूप पी.डब्ल्यू.डी. के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | यूनिट मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01. | सीमेन्ट | प्रति बैग/टन | |
| 02. | बालू रेत/मिट्टी दूरी सहित/लोकल रेत | घन मी. | |
| 03. | बजरफुट/ बजरी 20 एम.एम. | घन मी. | |
| 04. | ईंट 40 एम.एम./रोड़ी/ पत्थर रोड़ी 40 एम.एम. | घन मीटर | |
| 05. | ईंट प्रथम श्रेणी एम-150/ईंट बालदार एम-275 | प्रति नग हजार | |
| 06. | इंटरलॉक टाइल्स 80 एम.एम./ 60 एम.एम./पुस्तके | प्रति नग | |
| 07. | पंचायत घर ऑफिस इम्प्रूवमेंट ,पुस्तकालय इक्विपमेंट | प्रति नग/यूनिट | |
| 08. | एम.आर.एफ.सेन्टर व अन्य सामग्री/कम्प्लीट कार्य | प्रति घन मी./वर्ग मी. | |
| 09. | दीवार टाइल्स/फर्श टाइल्स | वर्ग मीटर | |
| 10. | सरिया/लोहे का जाल/लोहे का गेट खिड़की | प्रति कुंतल | |
| 11. | लोहे की ऐंगल/पाइप/डोर माईल्डस | प्रति कुंतल | |
| 12. | सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर | वर्ग मीटर/नग | |
| 13. | लकड़ी के दरवाजे/कामर्शियल/टिम्बर/प्लाई | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 14. | सौलर लाइट नया/मरम्मत उपकरण शौचालय सीट | प्रति नग | |
| 15. | स्ट्रीट लाइट नया/मरम्मत उपकरण/यूरिन सीट | प्रति नग | |
| 16. | बिजली उपकरण/इलेक्ट्रीशियन कार्य सामग्री | प्रति नग | |
| 17. | सेनेट्री सामग्री/ लोहे का फ्रेसिंग तार,ग्राश कटर | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 18. | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन,सी.सी. बेंच/ डेस्क का बेंच | प्रति नग | |
| 19. | ऑफिस फर्नीचर,कम्प्यूटर प्रिन्टर,इन्वर्टर,बैटरी,सीसी टी.वी.कैमरा,अलमारी,दरी पंखा,डेस्कटॉप,सोलर पैनल, आदि उपयुक्त होने वाली सामग्री। | प्रति नग | |
| 20. | डस्टबिन/इन्सीनेटर/प्लम्बरिंग सामग्री प्लाम्विंग कार्य | प्रति नग | |
| 21. | कूड़ा गाड़ी/ठेली एवं सफाई किट/ ई-रिक्शा | प्रति नग/यूनिट | |
| 22. | सोडियम, हाइड्रोक्लोराइड, ब्लीचिंग पाउडर व अन्य कीटनाशक व संक्रमक रोधक दवाएं | प्रति ली./किलो ग्राम/ प्रति पैकेट | |
| 23. | प्राईमर लोहा, लकड़ी /प्लाई एवं माइका | प्रति ली./वर्ग फुट/मी. | |
| 24. | डिस्टेम्पर, वॉल पुट्टी, पेंट, समोसम आदि | प्रति कि.ग्रा./कु./ली. | |
| 25. | पी.वी.सी. पाइप एवं जी.आई. पाइप समरसेबिल पम्प | प्रति नग/ रनिंग मीटर | |
| 26. | हैण्डपम्प मरम्मत/रीवोर सामग्री | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 27. | ओपन जिम/खेल मैदान उपकरण/इंसीनरेटर | प्रति नग | |
| 28. | आर.सी.सी. पाइप, ह्यूम पाइप | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 29. | वाटर स्टोरेज टैंक/वाटर कूलर आर.ओ.सहित | प्रति नग/लीटर | |
| 30. | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/रनिंग मी. | |
| 31. | अन्त्येष्टि स्थल/ समूह शेड, भूसा, सिलैज ,हरा चारा | ............... | |
| 32. | ओडीएफ+ से सम्बंधित समस्त कार्य | ............... | |

नोट:-यदि किसी भी फर्म/सप्लायर/ आपूर्तिकर्ता के लिए कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो संबंधित को उसकी भी कार्रवाई के मानकों को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।

( श्रीमती रूपाली ग्राम प्रधान )
ग्राम पंचायत सीगनखेड़ा
विकास खण्ड सैदनगर ( रामपुर )

( श्री मोहम्मद इल्यास सचिव )
ग्राम पंचायत सीगनखेड़ा
विकास खण्ड सैदनगर ( रामपुर )

# भयंकर आंधी तूफान से क्षेत्र का जनजीवन अस्त-व्यस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुरा।** शुक्रवार की रात्रि आये आंधी तूफान से नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। वहीं आंधी के कारण 33 केवी लाईन पर पेड़ गिर गए जिससे नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र की सप्लाई बंद हो गई। जिसके बाद विधुत विभाग के जेई समित सभी कर्मचारी सप्लाई सही करने में जुट गए कर्मचारियों की मेहनत से विधुत सप्लाई सुचारू हो पाई।उधर आये भयंकर आधी तूफान में रामपुर बाजपुर मार्ग पर विशाल पेड़ गिर गए जिससे सड़क के दोनों ओर जाम लग गया और कुछ लोग तो अपनी गाड़िया लेकर वापस लौट गए।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापन सूचनाएं प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें।
इमरान हुसैन
जिला प्रभारी रामपुर
मो.नं.9720093014

# अलग-अलग सड़क हादसों में कई घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगर/शाहबाद/सैफनी।** विश्वविद्यालय के पास देर शाम आमने-सामने से आ रही दो बाइक में जोरदार टक्कर हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने चार धायिलों को अस्पताल में भर्ती कराया। मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के पास का है। शनिवार देर शाम आमने-सामने से आ रही दो बाइक में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार चार लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज संदीप कुमार घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने हादसे में घायल पवन, राजकुमार समेत चार लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों में दो युवकों की हालत नाजुक बनी हुई है।

वहीं **शहबाद/रामपुर।** ग्राम खंदेली निवासी 22 वर्षीय कमरूल अपने गांव से नगलिया अपने रिश्तेदारी में चालीसमे में जा रहा था। बिलारी रोड ताजपुर के पास अनियंत्रित होकर कमरूल की बाइक गिर गई। जिससे कमरूल घायल हो गया मौके पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य शाहबाद लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया। इसके अलावा शनिवार को क्षेत्र के ग्राम लोधीपुर निवासी 32 वर्षीय पप्पू शाम लगभग 3 बजे शाहबाद से अपने गांव की ओर जा रहा था। ढकिया रोड के ग्राम महुनागर मोड पर बाइक अनियंत्रित हो गई और पप्पू बाइक सहित गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची एंबुलेंस यूपी 32 ईजी 4691 पायलट नरेश गंगवार ईएमटी राम. निवास ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। वहीं दूसरी ओर रात लगभग 12 बजे नया ललवारा थाना सैफनी निवासी 30 वर्षीय शमशेर पुत्र रियाजुल भी मार्ग दुर्घटना के शिकार हो गए उन्हें भी एंबुलेंस द्वारा साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

वहीं **सैफनी/रामपुर।** नगर की पेठ बाजार करके जा रहे बलूपुरा के किसान की बाइक दिव्यानगला की सादिक की माडिया निवासी की बाइक से टकराई दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर कर घायल हो गए।

राहगीरों ने एंबुलेंस को सूचना दी एंबुलेंस दोनों घायलों को सीएचसी शाहबाद ले गई। बताते चले कि इन दिनों शाहबाद बिलारी मार्ग पर मार्ग चौड़ीकरण का कार्य चल रहा हे जिसके चलते सड़कों पर कार्य कर रही लेवर ने बजरी सड़क पर डाल दी है जिसके अनुसार मार्ग पर गुजरने वाले बाईक सवार के साथ यह हादसा हुआ ।

# जी.जी.आई.सी. की प्रधानाचार्य ने अभिभावकों के साथ की बैठक



**( विशाल जोशी )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/रामपुर।** शनिवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शाहाबाद में प्रधानचार्य वन्दना शर्मा की अध्यक्षता मैं अप्रैल माह में प्रस्तावित शिक्षक अभिभाक बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें छात्राओं की उपस्थिति को बढ़ाना अधिक से अधिक नामांकन करवाना और नियमित रूप से छात्राओं के विद्यालय आने के लिए अभिभावकों को जागरूक किया गया।

अभिभावकों के द्वारा भी सहयोग करने को कहा गया। इसके साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा चलाए गए विद्यांजली 2.0 कार्यक्रम की भी चर्चा की गई।

अभिभावकों द्वारा विद्यालय के विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए पूर्ण आश्वाशन दिया गया। बैठक अभिभावक संघ की अध्यक्षा शबाना,शरीफ अहमद के साथ समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# डीएम व एसपी ने सुनी सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की फरियाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में तहसील बिलासपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जमीन की पैमाइश, विद्युत, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, राजस्व एवं पुलिस विभाग से सम्बन्धित 25 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया और शेष प्रार्थना-पत्रों को सम्बन्धित विभागों को निर्धारित समयसीमा के भीतर निस्तारित करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने लेखपालों को निर्देशित करते हुए कहा कि सरक.ारी गूलों एवं नालियों पर अवैध कब्जेदारों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होंने लेखपालों को यह भी निर्देशित किया कि आय प्रमाण-पत्र जारी करने से पहले जांच करायें। उन्होंने कहा कि यदि कहीं से भी किसी लेखपाल द्वारा गलत आय प्रमाण-पत्र जारी करने की सूचना पायी गयी तो संबंधित लेखपाल के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। भूमि विवाद से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए जिलाधिकारी ने पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर सत्यापन करने के साथ त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त राशन से सम्बन्धित शिकायतों को लेकर जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि राशन कार्डों का सत्यापन कर पात्र लोगों को इसमें शामिल किया जाए। जिलाधिकारी ने बिलासपुर शहर में सड़क पर अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध धारा 24 के अन्तर्गत चालान की कार्यवाही के निर्देश दिए।



इस दौरान सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने टीबी रोगियों को पौष्टिक आहार (पोषण किट) वितरित की। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग से सम्बन्धित फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर उनके निराकरण हेतु थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि शिकायतों को प्राथमिकता एवं गम्भीरतापूर्वक से सुनें और उनकी समस्याओं को समय से निस्तारित करें। तहसील मिलक में मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 19 शिकायतें प्राप्त हुई और 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इसी प्रकार तहसील स्वार में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) हेम सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 23 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शाहबाद में एडीएम (प्रशासन) डा. नितिन मदान की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 19 शिकायतें प्राप्त हुई और 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। एसडीएम की अध्यक्षता में तहसील टाण्डा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 17 शिकायतें प्राप्त हुई और 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त तहसील सदर में एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 20 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

## एडीएम की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई 21 शिकायतों में से 3 का मौके पर निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** शनिवार को अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 19 शिकायतों में से तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।
शनिवार को शाहबाद तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अपर जिलाधिकारी नितिन मदान की अध्यक्षता में संपन्न किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्र से 19 शिकायती पत्र आए। जिनमे से तीन शिकायती पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को सौपते हुए जल्द निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं। समाधान दिवस में तहस.ीलदार राकेश कुमार चंद्रा, नायब तहसीलदार हरीश जोशी, कानून गो संजय सक्सेना,बीडीओ प्रमोद सिंह,शिक्षा विभाग से फोटो लाल समेत कई विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## हाईटेंशन लाइन के पौल टूटने से नगर सहित 32 गांवों की बिजली रही ठप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** शुक्रवार की रात तेज आधी व बारिश के कारण नगर समेत क्षेत्र की बत्ती गुल होगई तेज हवाऐ चलने के कारण दड़ियाल टांडा मार्ग पर हाईटेंशन लाइन के कयी पौल गिर गए। हाईटेशन लाइन के पौल गिरने से नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र की बिजली गुल हो गई जिससे क्षेत्रवासियों को रातभर अंधेरे में रहना पड़ा और परेशानी का सामना करना पड़ा। टांडा से दड़ियाल होकर मसवासी उपेन्द्र पहुंच रही 33 हजार के बी लाइन में शुक्रवार रात आधी व बारिश के कारण ब्रेकडाउन हो गया जिसकी वजह से पूरे छेत्र की बत्ती गुल होगई जिससे क्षेत्र वासियों को रात भर दिक्कतों का सामना करना पड़ा और अंधेरे में ही रात बितानी पड़ी। ब्रेकडाउन से मसवासी चाउपुरा भूबरा बिजारखाता रहमतगंज सीतारामपुर मिलक नौखरीद घोस.ीपुरा धर्मपुर शिकारपुर सेमरा लाडपुर मंसूरपुर कुंदनपुर अलीगंज खोदकला खानपुर उत्तरी मजरा राज्ज्वला, नानकार रानी, शिव नगर, लोहड़ी बब्बरपुरी, नन्हे का मजरा , काजी का मजरा समेत आसपास के 32 गांव की बिजली लगभग 20, घंटे बाधित रही जिससे क्षेत्रवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा बिजली पर निर्भर कस्बे की पेयजल आपूर्ति भी बाधित रही जिससे नागरिकों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ा। उधर अवर अभियंता सत्येंद्र कुमार ने बताया की हाई टेंशन लाइन के खम्बे टूटने से ब्रेकडाउन होगया था खम्भा को खड़ा कर बिजली आपूर्ति दुरुस्त करा दी गई है।

# मिलक में लेखपाल संघ ने एसडीएम को सौंपा शिकायती पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** उत्तर प्रदेश लेखपाल के उप शाखा मिलक के द्वारा एक शिकायती पत्र उप जिलाधिकारी सुनील कुमार को दिया है जिसमें कहा गया है कि आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश अनुभाग -चार लखनऊ संबोधित जिलाधिकारी इस आशय से भेजा है कि अवैध खनन की रोकथाम में नियम अनुसार कार्रवाई करें संज्ञान में लाना होगा कि अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम नियमावली 2018 नियम 12 के अनुसार अवैध खनन की रोकथाम में राजस्व विभाग से उप जिलाधिकारी पुलिस विभाग में उप निरीक्षक खनन विभाग से खनन निरीक्षक एवं गेट पर्यवेक्षक भिन्न अन्य कोई कर्मचारी व अधिकारी अधिकृत नहीं है। आप सहमत होंगे कि लेखपाल के विधिक रूप से अधिकृत ना होने के कारण किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में न्यायालय से भी संरक्षण प्राप्त करने के लिए सक्षम नहीं रहेंगे तहसील में लेखपालों से जबरन नियम विरूद्ध ड्यूटी करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिला कार्यकारिणी के निर्देशों एवं नियम के आलोक मे लेखपाल संवर्ग द्वारा जबरदस्ती रात्रि खनन ड्यूटी बहिष्कार का निर्णय लिया है यदि किसी प्रकार का दावा बनाया जाता है तो उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ संविधान 19 के अनुसार वृहद आंदोलन के लिए वाध्य रहेगा।



जिसका संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी शिकायती पत्र पर तहसील अध्यक्ष दिनेश कुमार यादव तहसील मंत्री अभिषेक शर्मा आदि के नाम हैं।

## तेज आंधी-बारिश से भारी तबाही, 6 किलो मीटर ,33 केवी लाइन टूटी, 15 घंटे बाद बहाल हुई बिजली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी /रामपुर।** शुक्रवार की रात आंधी और मूसलाधार बारिश ने सागरपुर बिसौली तालाब से लेकर बड़े गांव तक भारी तबाही मचाई। आंधी के कारण बड़ी संख्या में पेड़ टूटकर 33 हजार की विद्युत लाइन पर गिर गए।
जिससे लगभग 6 किलोमीटर लंबी 33 केवी विद्युत लाइन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।लाइन टूटने से क्षेत्र में बिजली गुल हो गई, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे और लाइन को ठीक करने का काम शुरू कर दिया।क्षति इतनी व्यापक थी कि अधिकारियों और कर्मचारियों को भी लाइन चालू करवाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। तेज बारिश और अंधेरे के बावजूद, टीम सुबह करीब 5 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक लगातार कड़ी मेहनत करती रही। आखिरकार, उनकी अथक प्रयासों के बाद बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई।
इस कार्य में बिजली विभाग के रविंद्र मिश्रा, लाइनमैन जमील अहमद, नरेश कुमार, अजय कुमार, मोनू शर्मा, राजकुमार, ताराचंद और टीजी-2 सहित कई कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्रामीणों ने बिजली कर्मचारियों की तत्परता और कड़ी मेहनत की सराहना की, जिनकी वजह से उन्हें घंटों की परेशानी के बाद राहत मिली।

# सीडीओ की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

## संपूर्ण समाधान दिवस में आई 19 शिकायते दर्ज




**( इकरार हुसैन )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 19 शिकायतें दर्ज की गई। जिसमें से चार का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। संपूर्ण समाधान दिवस तहसील परिसर में मुख्य विकास अधिकारी नंदकिशोर कलाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस दौरान फरियादियों ने अपने-अपने शिकायतो को अधिकारी के सामने रखा समाधान दिवस में 19 शिकायतें आई जिसमें से चार का मौके पर निस्तारण कर दिया। वहीं शेष शिकायतों के लिए संबंधित को जल्द से जल्द निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सुनील कुमार, तहस.ीलदार सीमा गंगवार, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह परिहार, खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार, कोतवाली प्रभारी धनंजय सिंह सहित आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक सप्ताह पूर्व हुई चोरी की अभी तक नही हुआ खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** एक सप्ताह पूर्व स्वार बाजपुर मार्ग पर हवाई अड्डा रेस्टोरेंट के निकट स्थित नबी हुसैन रहते। वह मकान में ताला लगाकर कर उमरा करने गए थे 12 अप्रैल को उनका बेटा इब्राहीम अपने पिता के बंद पड़े मकान को देखने गया तो उसने देखा कि मकान के ताले टूटे हुए है। उसने सूचना पुलिस को दी थी और अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। लेकिन पुलिस द्वारा अभी तक चोरी का खुलासा नही कर पाई है।परिवार के लोग कई बार कोतवाली के चक्कर लगा चुके है। लेकिन उस समय घर के ताले तोड़ कर चोर घर मे खड़ी स्कूटी बाइक दो बैटरे सिलेंडर चूल्हा गद्दे चुरा कर अज्ञात चोर ले गए थे।कोतवाली पुलिस ने बेटे इब्राहिम की तरफ से तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज की थी परिजनों का कहना है कि चोरी की घटना का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। उनका कहना है कि अब उच्य अधिकारी यो से मिलना पड़ेगा।

# मूट कोर्ट में किरायेदार की बेदखली पर छात्र-छात्राओं ने रखा पक्ष विपक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** दीक्षित कॉलेज ऑफ लॉ रामपुर के विधि संकाय में महात्मा ज्योतिबा फूले रोहिलखंड विश्व.विद्यालय बरेली के पाठ्यक्रमानुसार एलएलबी षष्ठम सेमेस्टर के छात्रों के द्वितीय मूट कोर्ट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने आभासी न्यायालय में एक काल्पनिक कानूनी मुद्दे किरायेदार द्वारा पिछले कई महीनो का किराया न देने पर भवन स्वामी ने किरायेदार को किराया देने के लिए विधिक नोटिस भेजा किन्तु फिर भी किरायेदार ने नियत समय के भीतर किराया न देने पर वादी ने किरायेदार की बेदखली का वाद प्रस्तुत किया।
जिसके आधार पर वादी व प्रतिवादी पक्ष की ओर से कार्यवाही में गवाह व सबूतो के आधार पर अपनी अपनी अंतिम बहस प्रस्तुत की गयी।कार्यक्रम में शायमा वी, तूबा कय्यूम सहित दर्जनों छात्र-छात्राओं




ने वादी एवम प्रतिवादी के अधिवक्ता के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया कार्यक्रम में एलएलबी द्वित्तीय वर्ष की छात्रा आजमी खान ने स्टैंनो व बी.ए.एल.एल.बी. प्रथम वर्ष के छात्र रोहित ने पेशकर की भूमिका निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय में अध्यनरत एलएलबी एवं बी.ए. एलएलबी के अन्य छात्र छात्राएं भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. चंदन कुमार सिंह, बीएस चौहान, कुमकुम गंगवार ने जज की भूमिका निभायी। इस अवसर पर महाविद्यालय के अंतर्गत जितेंद्र कुमार, आयुषी यादव, ज्योति वर्मा, डां. मधु रानी ने भी कार्यक्रम मे सहयोग किया।

# भीम आर्मी पार्टी के मंडलाध्यक्ष ने पीड़ित परिवार से मिलकर न्याय दिलाने का दिया आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खरसोल में भीम आर्मी पार्टी के मंडलाध्यक्ष पिंटू प्रधान व प्रशांत सागर ने अपने कार्यकर्ताओं सहित पीड़ित परिवार से की मुलाकात। मंडलाध्यक्ष ने किशोरी के साथ हुई दुखद घटना की जानक.ारी ली और पीड़ित परिवार को सरकार से मदद व न्याय दिलवाने का दिया आश्वासन। वही पीड़ित परिवार के साथ संवेदना व्यक्त की ओर कहा कि हम आपके साथ है जिसमे मुस्लिम भाईचारा कमेटी की बबीता रानी पूर्व प्रदेश महासचिव सुनील कुमार सागर, जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सागर सहित आदि कार्यकर्ता व थाना प्रभारी महेंद्रपाल सिंह अपनी पुलिस फोर्स सहित मौजूद रहे।



**कार्यालय ग्राम पंचायत सैदनगर विकास खण्ड सैदनगर जिला रामपुर**

पत्रांकः-मीमो./ग्रा.पं./सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2025 दिनांकः-19/04/2025

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन निरस्त सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सैदनगर विकास खण्ड सैदनगर जिला रामपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार शासकीय मदों के अंतर्गत अस्थाई गौ आश्रय स्थल में संरक्षित गौवंशों के भरण पोषण में भूसा/साईलेज उपलब्ध कराये जाने हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से अल्पकालीन निविदा सूचना दैनिक समाचार पत्र शाह टाइम्स में दिनांक 17/04/2025 को प्रकाशित की गई थी जो किन्हीं कारणों के चलते निरस्त की जाती है।

**( श्रीमती विमलेश ग्राम प्रधान )**
**ग्राम पंचायत सैदनगर**
**विकास खण्ड सैदनगर ( रामपुर )**

**( श्रीमती राजवती सचिव )**
**ग्राम पंचायत सैदनगर**
**विकास खण्ड सैदनगर ( रामपुर )**

## अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ महिला की दर्दनाक मौत, नहीं हो सकी शिनाख्त

**शाह टाइम्स सवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** अज्ञात वाहन की चपेट मे आकर एक अधेड़ महिला की मौत हो गई। मृतक महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है। लाश को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। शुक्रवार की देर रात खटीमा पानीपत फोरलेन मार्ग पर ढाबों की बीच टहल रही महिला को किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे महिला की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। आसपास के राहगीरों की मौके पर भीड़ जमा हो गई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मृतक महिला की शिनाख्त कराने की को.शिश की। लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने लाश का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मृतक महिला का सिर और शरीर वाहन से कुचल गया था। चौकी इंचार्ज अजेय कुमार शुक्ला ने बताया कि महिला कुछ मंदबुद्धि प्रतीत होती है। शिनाख्त के प्रयास जारी हैं। लाश को पी एम के बाद मोर्चरी में रखवा दिया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सीगनखेड़ा विकास खण्ड सैदनगर जिला रामपुर**

पत्रांकः-मीमो./ग्रा.पं./सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2025 दिनांकः-19/04/2025

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन निरस्त सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सीगनखेड़ा विकास खण्ड सैदनगर जिला रामपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार शासकीय मदों के अंतर्गत अस्थाई गौ आश्रय स्थल में संरक्षित गौवंशों के भरण पोषण में भूसा/साईलेज उपलब्ध कराये जाने हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से अल्पकालीन निविदा सूचना दैनिक समाचार पत्र शाह टाइम्स में दिनांक 17/04/2025 को प्रकाशित की गई थी जो किन्हीं कारणों के चलते निरस्त की जाती है।

**( श्रीमती रूपाली ग्राम प्रधान )**
**ग्राम पंचायत सीगनखेड़ा**
**विकास खण्ड सैदनगर ( रामपुर )**

**( श्री मो.इल्यास सचिव )**
**ग्राम पंचायत सीगनखेड़ा**
**विकास खण्ड सैदनगर ( रामपुर )**

# रोचक होगी मुंबई-चेन्नई की भिड़ंत




**सीएसके दो जीत के साथ अंकतालिका में सबसे नीचले पायदान पर**


**मुंबई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में अपने अभियान की धीमी शुरुआत के बाद मुंबई इंडियंस ने लगातार जीत के साथ वापसी की है जबकि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) सात मैचों में से सिर्फ़ दो जीत के साथ अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर है। आईपीएल इतिहास की दो सबसे सफल फ्रैंचाइज़ी रविवार रात वानखेड़े स्टेडियम में आमने-सामने होंगी, लेकिन उनके बीच के फॉर्म में अंतर के कारण एक बड़ी चुनौती होगी। इस सीज़न के 38वें मैच में दो अलग-अलग मिज़ाज वाली प्रतिद्वंद्वी टीमें आमने-सामने होंगी। पांच बार की चैंपियन मुंबई ने दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ़ ऑलराउंड प्रदर्शन करके अपनी लय हासिल कर ली है। उनके गेंदबाज़ों ने पिछले मैच में एसआरएच को पांच विकेट पर 162 रन पर रोक दिया था और चार विकेट से मैच को अपने नाम कर लिया था। सूर्यकुमार यादव ने सात मैचों में 151-42 की स्ट्राइक रेट से 265 रन बनाए हैं और तिलक वर्मा ने पिछली तीन पारियों में दो अर्द्धशतक लगाए हैं।

कप्तान हार्दिक पांड्या बल्ले से भी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और थोड़े महंगे होने के बावजूद 11 विकेट भी चटका रहे हैं। जसप्रीत बुमराह की वापसी से तेज गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है, जिसमें डेथ ओवरों में ट्रेंट बोल्ट और बीच के ओवरों में मिशेल सेंटनर ने बेहत. रीन प्रदर्शन किया है। इस बीच, चेन्नई अपने सीजन के एक महत्वपूर्ण दौर से गुजर रही है।

पांच बार की चैंपियन लगातार हार से उबर रही है, उसका एकमात्र सकारात्मक पहलू हाल ही में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जीत है जिसने पांच मैचों की हार का सिलसिला तोड़ा। चोट के कारण सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ की अनुपस्थिति ने उनकी परेशानी को और बढ़ा दिया है। होनहार 20 वर्षीय शेख रशीद ने एलएसजी के खिलाफ तेजी से 27 रन बनाकर प्रभावित किया, जबकि शिवम दूबे अपनी पिछली तीन पारियों में महती योगदान के साथ उनके सबसे प्रभावी बल्लेबाज बने हुए हैं।

अनुभवी महेंद्र सिंह धोनी ने फिनिलशग कैमियो (11 गेंद पर 26 नाबाद रन) के साथ अपने पुराने रूप की झलक दिखाई, लेकिन मध्य क्रम कमजोर बना हुआ है। चेन्नई की गेंदबाजी में निरंतरता का अभाव है, खलील अहमद और नूर अहमद ने क्रमश: 11 और 12 विकेट लिए हैं, लेकिन रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा और मथीशा पथिराना जैसे अन्य खिलाड़ी या तो नियंत्रण या इकॉनमी से जूझ रहे हैं। जब तक गेंदबाज वानखेड़े में अपनी लय नहीं पाते, चेन्नई को एक और कठिन चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। इस सीजन की शुरुआत में, सीएसके ने एमआई पर चार विकेट से जीत हासिल की थी, लेकिन मौजूदा फॉर्म मेजबान टीम के पक्ष में है। वानखेड़े की पिच बल्लेबाजी के अनुकूल होने की उम्मीद है, जिसमें शुरुआत में तेज गेंदबाजों को कुछ मदद मिलेगी। हालांकि इस सीजन में पिच में उतार-चढ़ाव देखने को मिला है, जिसमें 116 से लेकर 221 तक का स्कोर शामिल है। पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमें 180-190 रन बनाने का लक्ष्य रख सकती हैं। दूसरी पारी में ओस महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है, जिससे टॉस महत्वपूर्ण हो जाता है। इस सीजन में लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों ने यहां तीन में से दो मैच गेम जीते हैं, और दोनों कप्तानों के पहले गेंदबाजी करने का विकल्प चुनने की उम्मीद है।मौसम आमतौर पर गर्म और आर्द्र रहेगा, बारिश का कोई पूर्वानुमान नहीं है। मैच 1930 बजे शुरू होगा।

# चंडीगढ़ में आरसीबी के सामने पंजाब किंग्स की चुनौती




**रायल्स चैंलेजर्स बेंगलुरु के खिलाफ होने वाले मैच में लय और मनोवैज्ञानिक बढ़त के साथ उतरेगी पंजाब किंग्स**

**चंडीगढ़, वार्ता।** पंजाब किंग्स रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ होने वाले मैच में लय और मनोवैज्ञानिक बढ़त के साथ उतरेगी।

इस सप्ताह की शुरुआत में बारिश के कारण 14 ओवर के मैच में पंजाब ने पांच विकेट से जीत हासिल की थी। आरसीबी पर जीत इस सीजन में पंजाब की सात मैचों में पांचवीं जीत थी, जिससे वह अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया और प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली।

इसके विपरीत, बेंगलुरु ने पिछले तीन मैचों में से दो मैच गंवाए और मिड-टेबल में खिसक गया। अब तक सिर्फ चार जीत के साथ, आरसीबी की गलती की संभावना तेजी से कम हो रही है। श्रेयस अय्यर के नेतृत्व में पंजाब ने अपने पर हमेशा से ही कमतर प्रदर्शन करने का ठप्पा हटा दिया है। टीम ने गेंदबाज और बल्लेबाजी विभागों में स्थिरता पाई है। सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य ने मजबूत शुरुआत दी है, जबकि अय्यर, जोश इंगलिस और नेहल वढेरा ने मध्य क्रम में गहराई और अनुकूलनशीलता सुनिश्चित की है। मार्कस स्टोइनिस और शशांक सिंह ने दबाव की स्थितियों में योगदान दिया है, जिससे बल्लेबाजी लाइन. अप को ताकत और परिपक्वता दोनों मिली है। गेंदबाजी विभाग में पंजाब ने शानदार प्रदर्शन किया है। अर्शदीप सिंह और जेवियर बार्टलेट ने नई गेंद से शुरुआती झटके दिए हैं, जबकि मार्को जेनसन और युजवेंद्र चहल ने बीच के ओवरों में महत्वपूर्ण सफलताएं दिलाई हैं। तीनों ने मिलकर बेंगलुरु के खिलाफ पिछले मैच में छह विकेट लिए थे और उन्हें 95 रन पर रोक दिया था। पंजाब पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों के अनुकूल सतह पर भी यही प्रदर्शन दोहराना चाहेगा। रजत पाटीदार और उनके खिलाड़ियों पर दबाव बढ़ रहा है। पिछली हार विशेष रूप से निराशाजनक थी, जिसमें स्टार खिलाड़ियों से सजी लाइनअप अनुशासित गेंदबा. जी का सामना करने में विफल रही थी। टिम डेविड और जोश हेजलवुड की शानदार गेंदबाजी की।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### डे मिनौर को हराकर अल्काराज बार्सिलोना के सेमीफाइनल में

**मैड्रिड, वार्ता।** शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अलकाराज़ ने एलेक्स डे मिनौर पर सीधे सेटों में जीत के साथ बार्सिलोना ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। स्पेन के अलकाराज़ को ऑस्ट्रेलिया के पांचवें वरीयता प्राप्त डे मिनौर को 7-5, 6-3 से हराने में सिर्फ़ एक घंटे और 40 मिनट लगे। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी अब फांस के आर्थर फिल्स से खेलेंगे। फिल्स के प्रतिद्वंद्वी स्टेफ़ानोस त्सितिपास क्वार्टर फाइनल मैच के तीसरे गेम में ही चोटिल हो गए थे। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले हफ्ते मोंटे कार्लो में जीत के लिए अलक. राज़ ने 20 वर्षीय दुनिया के 14वें नंबर के खिलाड़ी फिल्स को तीन सेटों में हराया था। उधर, डिफ़ेंडिंग चैंपियन कैस्पर रूड डेनमार्क के होल्गर रून से सीधे सेटों में हार के कारण बाहर हो गए। अलकाराज़ पहले सेट में डे मिनौर के खिलाफ़ दो बार ब्रेक डाउन हुए, लेकिन फिर 12वें गेम में उन्होंने वापसी की और निर्णायक ब्रेक बनाया। 21 वर्षीय खिलाड़ी ने दूसरे सेट में अपनी सर्विस पर अधिक दबदबा बनाया और छठे गेम में एकमात्र ब्रेक बनाया। उन्होने कहा कि मैंने सर्विस के साथ काफी खराब शुरुआत की, मैं मानसिक रूप से थोड़ा संघर्ष कर रहा था। यह मेरी सर्विस के साथ पहले कुछ गेम ही थे, फिर मुझे लगता है कि मैंने बहुत सुधार किया। मैंने खुद को शांत किया और फिर से सकारात्मक सोचना शुरू कर दिया। एलेक्स ने मजबूत शुरुआत की, आक्रामक तरीके से खेला, और पहला सेट वास्तव में कड़ा था। मुझे बहुत खुशी है कि मैं पहला सेट जीतने में कामयाब रहा और दूसरे सेट में मैंने शानदार टेनिस खेला, इसलिए मैं बहुत खुश हूं। चार बार के उपविजेता सिटिपस फिल्स के खिलाफ शुरुआत से ही असहज दिखे और दूसरे गेम के अंत में ऑफ-कोर्ट मूल्यांकन के लिए चले गए।

### साई ने असम को हराकर ग्रुप जी में बनाई बढ़त

**छत्तीसगढ़, वार्ता।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) नें स्वामी विवेकानंद अंडर 20 पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के पहले दिन ग्रुप जी में असम को 4-0 से हराया। यहां रामकृष्ण मिशन आश्रम मैदान में खेले गए मुकाबले में साई की ओर से राजकुमार लैंचेनबा सिंह ने 36वें मिनट में गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद ओइनम रोमियो सिंह ने 68वें मिनट में बढ़त को दोगुना कर दिया। तीसरा गोल वाशम ने 81वें मिनट में गोलकर स्कोर 3-0 कर दिया। कप्तान रॉबर्ट थोकचोम ने 85वें मिनट में चौथा गोल किया। दिन के एक अन्य मैच में ओडिशा और गोवा बीच मुकाबला गोल रहित ड्रॉ खेला। परिणामस्वरूप, भारतीय खेल प्राधिकरण अब तीन अंकों के साथ ग्रुप जी में शीर्ष पर है, उसके बाद ओडिशा और गोवा एक-एक अंक के साथ और असम एक भी अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।

# एशिया कप में अच्छा प्रदर्शन करेगी भारतीय हॉकी टीम : कोच क्रेग फुल्टन

**पंजाब ने अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के मजबूत प्रतिनिधित्व के साथ शानदार प्रदर्शन किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** झांसी में 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2025 के बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन को भरोसा है कि उनकी टीम आगामी एशिया कप 2025 में अच्छा प्रदर्शन करेगी।

राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के हर मैच में बारीक नजर रखने वाले फुल्टन ने एशिया कप में भारतीय टीम की तैयारी का विश्लेषण किया और टीम में प्रतिभा की गहराई और गुणवत्ता के बारे में आशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पंजाब ने अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के मजबूत प्रतिनिधित्व के साथ प्रदर्शन किया, जबकि शीर्ष चार टीमों ने कुल मिलाकर अच्छा संत. ुलन और गुणवत्ता का प्रदर्शन किया। कुछ क्षेत्र निश्चित रूप से दूसरों की तुलना में अधिक मजबूत थे। उदाहरण के लिए, पंजाब सबसे अधिक अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ सबसे आगे रहा, जिसने उन्हें बढ़त दिलाई। साथ ही, शीर्ष चार टीमों में प्रतिभा का एक स्वस्थ संतुलन था। हालाँकि, इसके अलावा, गहराई और समग्र गुणवत्ता में थोड़ी गिरावट आई। एशिया कप कें लिए एक नए कोर ग्रुप के गठन पर जोर देते हुए फुल्टन कहा कि हमारा ध्यान उम्र पर नहीं बल्कि विशिष्ट भूमिकाओं के लिए सही खिलाड़ियों को खो. जने पर है।

## बांग्लादेश-जिम्बाब्वे टेस्ट सीरीज के मीडिया अधिकार नहीं बिकने से बीसीबी निराश

**सिलहट, वार्ता।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष फारुक अहमद ने शनिवार को कहा कि बांग्लादेश-जिम्बाब्वे टेस्ट सीरीज के मीडिया अधिकार नहीं बिकने के कारण बोर्ड 'कठिन समय' से गुजर रहा है। उन्होंने रविवार से यहां शुरू हो रहे पहले टेस्ट का प्रसारण करने के लिए बांग्लादेश टीवी को धन्यवाद दिया। बीसीबी ने 19 मार्च को बांग्लादेश और जिम्बाब्वे के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज के मीडिया अधिकारों के लिए बोली लगाने के लिए प्रसारकों को आमंत्रि किया था, लेकिन सात अप्रैल को समय सीमा समाप्त होने के कारण किसी भी पक्ष ने कोई रुचि नहीं दिखाई। डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार बोर्ड ने प्रसारकों के साथ सौदे पर बातचीत करने की कोशिश की, लेकिन कोई रुचि नहीं मिलने के बाद, इसने राज्य प्रसारक बीटीवी से मैच का प्रसारण करने का अनुरोध किया और उसने ऐसा किया।

# हम एक इकाई के तौर पर बल्लेबाजी नहीं कर सके: पाटीदार

- **बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा, हम इस मैच को एक सबक के तौर पर लेना पसंद करेंगे**




**बेंगलुरु, वार्ता।** पंजाब किंग्स के खिलाफ पांच विकेट से मिली का हार का ठीकरा खराब बल्लेबाजी पर फोड़ते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार ने कहा कि उनके बल्लेबाज एक इकाई के तौर पर प्रदर्शन नहीं कर सके। मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में पाटीदार ने कहा कि वर्षा के बाद विकेट में नमी के कारण शुरु में बल्लेबाजों को परेशानी का सामना करना पड़ा मगर यह कोई बहाना नहीं है। सच तो यह है कि हम एक इकाई के तौर पर बल्लेबाजी नहीं कर सके। इस विकेट पर साझेदारी निभाना जरुरी था। टिम डेविड ने इसी विकेट पर नाबाद अर्द्धशतकीय पारी खेली मगर अन्य बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक था। हम इस मैच को एक सबक के तौर पर लेना पसंद करेंगे। वहीं पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने जीत का श्रेय फिरकी गेंदबाज युजवेंद्र चहल और युवा बल्लेबाज नेहल बढेरा को देते हुए कहा कि चहल एक विश्वस्तरीय गेंदबाज हैं। उनकी काबिलियत पर कोई संदेह नहीं कर सकता। उन्होने कहा कि मैने उनसे मैच के पहले कहा था कि वह रन बचाने के बजाय विकेट लेने पर अपना ध्यान लगायें जिससे रनो की रफ्तार वैसे ही थम जायेगी। उन्होने वैसा ही किया और रजत पाटीदार और जितेश शर्मा के महत्वपूर्ण विकेट झटके। बाकी काम अर्शदीप सिंह,हरप्रीत बराड़ और मार्को यानसन ने कर दिया। बढेरा की तारीफ करते हुए अय्यर ने कहा कि निश्चित तौर पर आपको एक ऐसे बल्लेबाज की जरूरत होती है जो आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करे। नेहल का रवैया आज शानदार था। उम्मीद है कि आगे भी वह इसी फॉर्म को बरकरार रखेंगे। गौरतलब है कि शुक्रवार शाम आरसीबी और पीबीकेएस के बीच बारिश से प्रभावित मैच 14-14 ओवर का कर दिया गया था जिसमें आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 95 रन बनाए जिसके जवाब में पंजाब ने विजय लक्ष्य 12-1 ओवर में हासिल कर दिया था। पंजाब को ओर से नेहल वढेरा ने 19 गेंद पर 33 रन बनाये।

# घरेलू दुर्व्यवहार के आरोपों पर जेवरेव फिर हुए परेशान

- **इससे पहले जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दौर एक दर्शक ने किया था परेशान**



**म्यूनिख (जर्मनी), वार्ता।** एलेक्जेंडर ज़ेवरेव ने म्यूनिख ओपन क्वार्टर-फ़ाइनल में घरेलू दुर्व्यवहार के आरोपों पर उन्हें परेशान करने वाले एक दर्शक को बाहर निकालने की मांग की। जर्मनी के नंबर एक खिलाड़ी डचमैन टैलोन ग्रीक्सपूर के खिलाफ़ दूसरे सेट में 5-5 पर सर्विस कर रहे थे, तभी प्रशंसक ने चिल्लाया ह्न चलो, तुम बीवीबीटर हो।ह्न ज़ेवरेव ने चेयर अंपायर फ़र्गस मर्फी से बात की और उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता था कि 'फ़र्गस, कृपया उसे बाहर निकालो।' हालांकि यह साफ नहीं हुआ कि दर्शक को स्टेडियम से बाहर निकाला गया या नहीं। इससे पहले जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष एकल ट्रॉफी समारोह के दौरान ज़ेवरेव को एक दर्शक ने परेशान किया था। जब वे अपनी उपविजेता ट्रॉफी लेने के लिए आगे बढ़े, तो एक दर्शक ने ज़ोर से चिल्लाया कि ऑस्ट्रेलिया ओल्या और ब्रेंडा पर विश्वास करता है। 27 वर्षीय खिलाड़ी पर 2020 में उनकी पूर्व प्रेमिका ओलेया शारिपोवा ने हिंसा का आरोप लगाया था और 2023 में ब्रेंडा पाटिया ने घरेलू दुर्व्यवहार का आरोप लगाया था, जिनसे उनका एक बच्चा भी है। ज़ेवरेव ने दोनों आरोपों का बार-बार खंडन किया है। ज़ेवरेव ने शुक्रवार को ग्रिक्सपूर के खिलाफ़ मैच 6-7(6) 7-6(3) 6-4 से जीता। शनिवार को सेमीफाइनल में उनका सामना हंगरी के मरोज़सन से होगा। अक्टूबर 2020 में, पूर्व प्रेमिका शारिपोवा ने अपने रिश्ते के दौरान ज़ेवरेव पर हिंसा और भावनात्मक दुर्व्यवहार का आरोप लगाया था।

# लखनऊ में सांसद खेल महाकुंभ का आगाज



**रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने किया उद्घाटन, लखनऊ स्पोर्टिंग कल्चर के लिए देश-विदेश में जाना जाता है**

**लखनऊ, वार्ता।** राजधानी लखनऊ स्थित केडी सिंह बाबू स्टेडियम में शनिवार को सांसद खेल महाकुंभ का धमाकेदार आगाज हुआ। रक्षामंत्री एवं सांसद राजनाथ सिंह ने इसका उद्घाटन किया। इस मौके पर रक्षामंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से कई सांसदों ने अपने क्षेत्र में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित कर समाज के विकास के लिए एक नई राह तैयार की है। इस कड़ी में अब लखनऊ का नाम भी जुड़ गया है। किसी भी समाज के विकास के लिए यह जरूरी है कि खेल और खिलाड़ियों को महत्व दिया और उन्हें समझा जाए। रक्षामंत्री ने आगे कहा कि लखनऊ शहर अपने स्पोर्टिंग कल्चर के लिए उत्तर प्रदेश में ही नहीं, देश विदेश में भी जाना जाता रहा है। जिन महान हाकी खिलाड़ी केडी सिंह बाबू के नाम से यह स्टेडिमय जाना जाता है, उन्होंने यहां पर काफी लंबा समय बिताया है। हाकी के जाद. ूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद ने भी लखनऊ को खासा समय दिया है। यहां की खेल संस्कृति को उन्होंने संवारा और निखारा है। उनके बेटे अशोक कुमार और ओलंपियन जमन लाल शर्मा की भी यह कर्मभूमि रही है। अपने संबोधन में उन्होंने आगे कहा कि एक समय था जब इसी केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर शीशमहल ट्रॉफी के नाम पर क्रिकेट टूर्नामेंट होता था। टीम इंडिया के बड़े-बड़े खिलाड़ी यहां खेलते नजर आते थे। भले ही वह टूर्नामेंट अब नहीं होता, लेकिन उसकी स्मृतियां आज भी लोगों के जेहन में कायम हैं। आज यह सांसद खेल महाकुंभ भी लखनऊ के स्पोर्टिंग कैलेंडर से जुड़ चुका है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में स्पोर्टिंग कल्चर का विकास हुआ है। पहले भारतीय खिलाड़ी जीतने से अधिक पार्टिसिपेट पर ही संतुष्ट हो जाया करते थे। लेकिन, आज भारत के खिलाड़ी पूरी दुनिया में जहां भी खेले, उन्हें गंभीरता से लिया जाता है।

# जेम्स विन्स की बदौलत किंग्स कराची ने क्वेटा ग्लेडिएटर्स को हराया

**कराची, वार्ता।** जेम्स विन्स की 47 गेंदों पर खेली गई 70 रनों की पारी की बदौलत कराची किंग्स ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में क्वेटा ग्लेडिएटर्स पर 56 रनों की शानदार जीत दर्ज की। विन्स ने प्रतियोगिता के अपने पहले मैच में 101 रन बनाए और किंग्स के 175.7 के स्कोर की नींव रखी। डेविड वार्नर के 31 रन पर स्क्वायर लेग पर कैच आउट होने के बाद छठे ओवर में वे 60.1 के स्कोर पर आए और शुक्रवार को पारी की आखिरी गेंद पर कैच आउट होने के बाद ही आउट हुए। 34 वर्षीय विन्स ने चार चौके और एक छक्का लगाया, हालांकि अगर गेंदबाज सऊद शकील ने डीप से थ्रो नहीं किया होता तो वे 10 रन पर रन आउट हो जाते। वार्नर और न्यूजीलैंड के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी टिम सीफर्ट, जिन्होंने 27 रन बनाए, 20 से अधिक रन बनाने वाले एकमात्र अन्य खिलाड़ी थे। जवाब में, ग्लेडिएटर्स पावरप्ले के अंदर पांच विकेट 37 रन पर गिर गए। उन्होंने 20 ओवर तक पारी को खींचा, 111-9 पर समाप्त हुआ, जिसमें सलामी बल्लेबाज शकील ने 40 गेंदों पर नाबाद 33 रन बनाए। विंस ने इस साल हैम्पशायर के साथ केवल व्हाइट-बॉल अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

# केएल राहुल ने धोनी व कोहली को पछाड़ा

**आईपीएल के मौजूदा सत्र में सबसे कम पारियों में 200 छक्के पूरे करने वाले बल्लेबाज बने**

**अहमदाबाद, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल शानदार फार्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने शनिवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह आईपीएल में सबसे कम पारियों में 200 छक्के पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए।

इस मामले में उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली जैसे दिग्गज बल्लेबाजों को पीछे छोड़ दिया। आईपीएल के मौजूदा सत्र में अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते दिख रहे हैं। इससे पहले वह लखनऊ का हिस्सा थे। इस सत्र में उनका बल्ला जमकर गरज रहा है। पिछली छह पारियों में दिग्गज खिलाड़ी ने 266 रन बनाए हैं। इसमें दो अर्द्धशतकीय पारियां भी शामिल हैं। अब दाएं हाथ के बल्लेबाज ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। वह आईपीएल में सबसे कम पारियों में 200 छक्के पूरने करने वाले बल्लेबाज बन गए।

उन्होंने यह कारनामा 129 पारियों में किया। गुजरात के खिलाफ तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे केएल राहुल ने 14 गेंदों का सामना किया और चार चौके व एक छक्के की मदद से 28 रन बनाए। उन्हें प्रसि) कृष्णा ने यार्कर गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट किया। दिलचस्प बात यह है कि कृष्णा ने इस सत्र में सिर्फ दो बार यार्कर गेंदें फेंकी हैं जिनपर उन्हें विकेट मिले हैं।

# बटलर-रदरफोर्ड के तूफान से गुजरात नंबर-1 पर



**अहमदाबाद, वार्ता।** जॉस बटलर (97 नाबाद) और शरफ़ेन रदरफ़ोर्ड (43) के बीच 119 रन की रिकार्ड साझीदारी की मदद से गुजरात जायंट्स (जीटी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 35वें मैच में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को सात विकेट से हरा दिया।

इस जीत के साथ सात मैचों में पांच जीत के साथ औसत रन रेट के आधार पर अंकता. लिका में पहले स्थान पर पहुंच गया है वहीं दिल्ली भी इतने ही अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। जॉस बटलर और रदरफ़ोर्ड के बीच 119 रन की साझेदारी आईपीएल में तीसरे विकेट के लिए जीटी की तरफ़ सबसे बड़ी साझेदारी है, उन्होंने सुंदर और शुभमन गिल के 90 रनों की साझेदारी का रिकॉर्ड तोड़ दिया। दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर में गुजरात टाइटंस के खिलाफ आठ विकेट पर 203 रन बनाये थे जिसके जवाब में गुजरात ने विजय लक्ष्य 19-2 ओवर में तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। राहुल तेवतिया (11 नाबाद) की लगातार दो गेंदों में छक्का और चौका लगा कर अपनी टीम को शानदार जीत दिला दी। नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में कप्तान शुभमन गिल (7) का विकेट सस्ते में गिरने के बाद साई सुदर्शन (36) का साथ देने जॉस बटलर क्रीज पर आए। दोनो ने तेजी से रन बटोरते हुए 60 रन की बहुमूल्य साझीदारी कर टीम की नींव को मजबूत किया। सुदर्शन का विकेट आठवें ओवर में कुलदीप ने लिया। बाद में बटलर ने नये बल्लेबाज रदरफोर्ड के साथ मिलकर रनों की बारिश शुरु कर दी जिसे रोकने में दिल्ली के गेंदबाजों के पसीने छूट गए। रदरफोर्ड 19वें ओवर में मुकेश कुमार का शिकार बने। आखिरी ओवर में टीम को जीत के लिए 11 रन की दरकार थी जबकि बटलर को शतक के लिये मात्र तीन रन चाहिये थे। कप्तान अक्षर पटेल ने अपने सबसे अनुभवी गेंदबाज मिचेल स्टार्क को गेंद यह सोचकर थमायी कि वह पिछले मैच का कारनामा दोहरा कर जीत दिलायेंगे मगर स्टार्क की पहली गेंद यार्कर बनने से चूकी और तेवतिया ने उसे हवा में उडाते हुए बाउंड्री के पार पहुंचा दिया और इसके साथ ही दिल्ली की जीत की उम्मीदें हवा हो गयीं। शतक से चूके बटलर ने अपनी मैच जिताऊ पारी के दौरान 54 गेंद खेल कर 11 चौके और चार छक्के लगाये। इससे पहले दिल्ली ने पहले पॉवर प्ले का भरपूर इस्तेमाल करते हुए तेज शुरुआत की और 12 रन प्रति ओवर से भी अधिक गति से रन जुटाये। हालांकि इस बीच मेहमान टीम को अभिषेक पोरल (18) और कप्तान के एल राहुल (28) का विकेट गंवाना पड़ा। तेज शुरुआत के बाद मध्यक्रम ने अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निभाया।

# अमेरिका-ईरान में न्यूक्लियर डील पर बातचीत शुरू

## इटली के रोम में मिले दोनों देशों के नेता, ईरान ने जताया अमेरिका के इरादों पर शक

रोम, वार्ता

**अमेरिका** और ईरान के बीच आज इटली की राजधानी रोम में न्यूक्लियर डील पर बातचीत शुरू हो गई है। इस बातचीत में अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकाफ और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराकची शामिल हैं। दोनों के बीच डील पर बातचीत का यह दूसरा फेज है। इससे पहले ईरानी विदेश मंत्री अराकची ने गुरुवार को रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से बात की। इस दौरान अराकची ने कहा कि अमेरिका के इरादों पर भरोसा नहीं है, लेकिन फिर भी बातचीत करेंगे। अमेरिका और ईरान के बीच 12 अप्रैल को दोनों देशों के ओमान में बीच पहली बातचीत हुई थी। इसकी मध्यस्थता ओमान के विदेश मंत्री बदर अल-बुसैदी ने की थी। यह दोनों देशों में एक दशक के बाद न्यूक्लियर डील पर होने वाली पहली आधिकारिक बातचीत थी। इसमें अराकची और विटकाफ ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम और ईरान पर लगे प्रतिबंधों को हटाने से संबंधित मुद्दों पर बात की। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान को न्यूक्लियर प्रोग्राम नहीं छोड़ने पर खामियाजा भुगतने की धमकी दे चुके हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट के मुताबिक ट्रम्प की प्राथमिकता है कि ईरान कभी परमाणु हथियार हासिल न कर सके। लेविट ने पिछले हफ्ते एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान बताया कि राष्ट्रपति ट्रम्प पहले भी साफ कर चुके हैं कि इस मामले में सभी विकल्प खुले हैं। ईरान के पास दो विकल्प हैं-या तो ट्रम्प की मांगों को माने, या गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहे। यही इस मुद्दे पर ट्रम्प की दृढ़ भावना है। ट्रम्प की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने शनिवार को कहा कि ईरान को ट्रम्प की बातें माननी पड़ेंगी या परिणाम भुगतना पड़ेगा। पालिटिको की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प ने ईरान को एक नई परमाणु डील पर सहमति के लिए 60 दिनों का समय दिया है, नहीं तो सैन्य कार्रवाई की चेतावनी दी है। यह चेतावनी एक चिट्ठी के जरिए ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को भेजी गई। इस पत्र में साफ तौर पर कहा गया कि तेहरान को वाशिंगटन के साथ बातचीत के लिए तैयार रहना होगा, चाहे यह बातचीत सीधे ही क्यों न हो। नहीं तो ऐसे परिणाम भुगतने होंगे जो ईरानी सरकार की स्थिरता को खतरे में डाल सकते हैं। इससे पहले 30 मार्च को ट्रम्प ने ईरान को धमकी दी थी कि अगर वह अपने न्यूक्लियर प्रोग्राम पर किसी समझौते पर नहीं पहुंचता तो अमेरिका उस पर बमबारी कर सकता है। ट्रम्प ने ईरान पर सेकेंडरी टैरिफ लगाने की भी धमकी दी।



बातचीत में अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकाफ और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराकची शामिल

### रूस चीन, अमेरिका के साथ ईरान समझौते की गारंटी पर चर्चा करेंगे

**तेहरान।** अमेरिका ईरानी परमाणु कार्यक्रम पर संभावित तेहरान-वाशिंगटन समझौते के लिए गारंटी प्रदान करने वाला और इस्लामी गणराज्य पर प्रतिबंध हटाने वाला अकेला देश नहीं होगा, रूस और चीन अमेरिका के साथ तेहरान के लिए 'अधिक विश्वसनीय गारंटी' के मुद्दे पर चर्चा करेंगे। ईरान के राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति पर संसदीय समिति के सदस्य अलादीन बोरौजेर्डी ने यह बात कही। ईरानी राज्य एजेंसी 'एसएनएन' ने बोरौजेर्डी के हवाले से कहा कि तेहरान और वाशिंगटन के बीच बातचीत के दौरान, गारंटी न केवल अमेरिका द्वारा प्रदान की जाएगी। रूस और चीन जैसे देश अधिक विश्वसनीय गारंटी पर अमेरिका के साथ बातचीत में दाखिल होंगे। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची गुरुवार और शुक्रवार को मॉस्को की आधिकारिक यात्रा पर थे और अगले कुछ दिनों में, ईरानी राज्य समाचार एजेंसी आईआरएनए के अनुसार, अराघची चीन का दौरा करेंगे। अपनी रूस यात्रा के दौरान, ईरानी राजनयिक ने रूसी नेता व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक और बातचीत की, और उन्हें ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई का संदेश दिया।



असम। नागांव जिले में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हाल ही में हुई सांप्रदायिक हिंसा के खिलाफ विरोध रैली में भाग लेते विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के सदस्य।

### हेरोइन तस्करी के अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क का भंडाफोड़, 10 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने करीब दो महीने चले अभियान में मादक पदार्थों और आतंकवाद के वित्तपोषण मे शामिल एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश कर कम से कम 10 संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। यह नेटवर्क अफगानिस्तान, पाकिस्तान और दिल्ली सहित भारत के चार राज्यों और केन्द्र शासित में फैला हुआ था। दिल्ली पुलिस के संयुक्त आयुक्त सुरेन्द्र सिंह जाखड़ और उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता ने यहां विशेष संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पिछले 50 दिनों के लंबे अभियान और जांच-पड़ताल के बाद इनके पास से 1-6 किलोग्राम अफगानिस्तान में बनी हेरोइन, नशे के लिए इस्तेमाल किए जाने वाला 130 ग्राम एक खास किस्म का रसायन, मादक द्रव्यों को पहुंचाने में इस्तेमाल की जाने वाली दो मोटरसाइकिल, 16 मोबाइल फोन, करीब 10 करोड़ रुपये मूल्य की पांच संपत्तियां जब्त की गई हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### वेनेजुएला के लोगों के निर्वासन पर अस्थायी रूप से रोक

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को एक अहम फैसला लेते हुए टेक्सास के डिटेंशन सेंटर में बंद वेनेजुएला के लोगों को फिलहाल उनके देश वापस भेजने पर रोक लगा दी है। यह फैसला 18वीं सदी के पुराने कानून एलियन एनिमीज़ एक्ट (1798) के तहत किए जा रहे निर्वासन के खिलाफ दायर याचिका पर आया है। बता दें कि यह मामला अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन द्वारा सुप्रीम कोर्ट में की गई आपात अपील से जुड़ा है।

### भाजपा के षड्यंत्र को बेनकाब करना जरूरी: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हर मुद्दे पर लोगों को गुमराह कर षड्यंत्र करती है और उसकी असलियत को बेनकाब किया जाना बहुत जरूरी है। खड़गे ने शनिवार को यहां पार्टी के नए मुख्यालय इंदिरा भवन में पार्टी महासचिवों और प्रदेश प्रभारियों की बैठक को संबोधित करते हुए आठ तथा नौ अप्रैल के अहमदाबाद में हुए पार्टी के अधिवेशन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इस सत्र में पारित संदेश को जिला, मंडल, ब्लाक और बूथ तक पहुंचना है और पार्टी ने इस संबंध में सर्कुलर भी जारी किया था।

### सिडनी में पीछा करने पर पुलिस वाहन पर चलाई गईं गोलियां

**सिडनी।** सिडनी के पूर्वी उपनगरों में शनिवार की सुबह एक चोरी की कार का पीछा करने के बाद एक पुलिस वाहन को टक्कर मार दी गई और गोलियां चलाई गईं। हालांकि इसके बाद भी बाद तलाशी जारी रही। ऑस्ट्रेलियाई राज्य न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने कहा कि पुलिस ने स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 4 बजे शहर के पूर्व में ओल्ड साउथ हेड रोड, रोज़ बे पर गहरे रंग की कार का पीछा करना शुरू किया, जब पीछा शुरू किया गया लेकिन गति के कारण इसे रोक दिया गया।

# गाजा पर इजरायली एयरस्ट्राइक में 90 की मौत



## सैकड़ों लोग घायल हुए, 18 महीने की लड़ाई में अब तक 61 हजार से ज्यादा मौत, यूएन बोला: हजारों के भूखे मरने का खतरा

गाजा, वार्ता

**गाजा** में हुई इजरायली एयरस्ट्राइक में अब तक 90 लोगों की मौत हो गई है, जबकि सैकड़ों घायल हैं। जैसे-जैसे मलबा हटाया जा रहा है, मरने वालों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। गाजा सरकार के मुताबिक बीते 18 महीने की लड़ाई में अबतक गाजा के 61 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। वहीं यूएन ने चेतावनी देते हुए कहा कि गाजा में हजारों लोग पर भूखे मरने का जोखिम है।

गाजा में लगातार इजरायली गोलीबारी, हवाई हमले और नाकाबंदी की वजह से लोग मानसिक तौर पर बुरी तरह से टूट चुके हैं। कई लोगों अपने बच्चों को पेट भर खाना खिलाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। एक एजेंसी वफा के मुताबिक इजरायली सैनिकों ने वेस्ट बैंक में हेब्रोन के फव्वार रिफ्यूजी कैंप में 8 फलस्तीनियों को गिरफ्तार किया। सैनिकों ने यहां कई घरों पर छापे मारे गए और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया और तोड़फोड़ की। रेस्क्यू वर्कर्स लगातार लोगों की मदद कर रहे। जैसे जैसे मलबा हटाया जा रहा है, मरने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। इजरायल

- लगातार जारी इजरायली गोलीबारी हवाई हमले और नाकाबंदी की वजह से लोग मानसिक तौर पर बुरी तरह से टूट चुके हैं
- सैनिकों ने यहां कई घरों पर छापे मारे व संपत्ति को नुकसान पहुंचाया और तोड़फोड़ की, रेस्क्यू वर्कर्स लगातार लोगों की मदद कर रहे

दक्षिणी गाजा में कुवैती हास्पिटल के चाइल्ड रोग एक्सपर्ट हेजम मुसलेह ने मीडिया को बताया कि इजरायली हमलों की वजह से बच्चों को गंभीर स्वास्थ्य संकट का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी तरफ ग्लोबल हेरिटेज डे पर ह्यूमन राइट्स ग्रुप अल-हक ने बताया कि इजरायल सेना ने कई फलस्तीनी सांस्कृतिक स्थलों को निशाना बनाया है, जिनमें कुछ को यूनेस्को ने वर्ल्ड हेरिटेज साइट के तौर पर लिस्ट किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वेस्ट बैंक के उत्तरी बेथलहम में स्थित अल-मखरौर इलाका जिसे 2014 में यूएन की वर्ल्ड हेरिटेज लिस्ट में जोड़ा था पर भी इजरायली कब्जे का खतरा बढ़ता जा रहा है। इससे पहले गाजा के अल-बलाह में रविवार रात हुए इजरायली हमले में 37 लोगों की मौत हो गई थी। इसमें 6 भाई थे। इनकी उम्र 10 साल से 34 साल के बीच थी।

इजरायल ने हमास की नुखबा फोर्स के एक लीडर हमजा वायल मुहम्मद असाफा मारने का दावा किया है। हमजा इजरायल पर 7 अक्टूबर के हमले और बंधकों की रिहाई एक फेज में शामिल था। इजरायली डिफेंस फोर्सेस (आईडीएफफ) के मुताबिक हमजा की मौत दो हफ्ते पहले सेंट्रल गाजा में एक हमले में हुई थी। हमजा ने इजरायल बंधक एलियाहु शाराबी, ओहद बेन-अमी और ओर लेवी की रिहाई के कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। इजरायली सेना ने राफा का बाकी गाजा से संपर्क काट दिया है। रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने 12 अप्रैल को इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि इजरायली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने मोराग कारिडोर पर कब्जा कर लिया है, जिससे राफा का गाजा पट्टी से संपर्क टूट गया है। मोराग कारिडोर दक्षिणी गाजा में एक रास्ता है जो उसे गाजा पट्टी से अलग करता है। काट्ज ने गाजा के लोगों को धमकी देते हुए कहा कि यह हमास को भगाने और सभी बंधकों को रिहा कर जंग को खत्म करने का आखिरी मौका है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो ये सब गाजा के दूसरे इलाके में भी होना शुरू हो जाएगा। काट्ज ने कहा कि राफा को अब 'इजरायली सिक्योरिटी जोन' में बदल दिया गया है।

इजरायली सिक्योरिटी जोन का मतलब मतलब उन जगहों से है, जिन्हें इजरायल अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जरूरी मानता है और उन्हें कंट्रोल करता है। राफा क्रासिंग, फिलाडेल्फी कारिडोर, वेस्ट बैंक के कुछ इलाके और गोलान हाइट्स इजरायली सुरक्षा क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। इन इलाकों पर सेना के जरिए कंट्रोल किया जाता है। इजरायल काट्ज ने कहा कि नेत्जारिम कारिडोर जो गाजा को दो भागों में बांटती है, उसका भी विस्तार किया जाएगा। इस साल की शुरुआत में जब सीजफायर को लेकर डील हुई थी तब इजरायल ने नेत्जारिम कारिडोर छोड़ दिया था। लेकिन कुछ ही समय बाद इजरायल ने जंग फिर से शुरू कर दी और फिर से इस कारिडोर को अपने कब्जे में ले लिया।

# अमेरिका में वीजा रद्द होने वाले छात्रों में 50% भारतीय

## चीनी छात्र दूसरे नंबर पर, विदेश विभाग का छात्रों को देश छोड़ने का आदेश, 327 छात्रों की जानकारी इकट्ठा की गई

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी** सरकार ने हाल ही में कई विदेशी छात्रों को वीजा रद्द होने का मेल भेजा था। इस मेल में इन छात्रों से अमेरिका छोड़ने के लिए कहा गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक इनमें से 50 प्रतिशत भारतीय छात्र हैं। अमेरिकन इमिग्रेशन लायर्स एसोसिएशन (एआईएलए) ने ऐसे ही 327 छात्रों की जानकारी इक्ट्ठा की है। इनमें से 50 प्रतिशत से ज्यादा भारतीय छात्र हैं। भारत के बाद दूसरा नंबर चीन का है।

इस लिस्ट में शामिल 14 प्रतिशत छात्र चीनी हैं। अमेरिकी विदेश विभाग पिछले चार महीनों से विदेशी छात्रों के डेटा की जांच कर रहा है। इसके जरिए इजराइल के खिलाफ और हमास के समर्थन में प्रदर्शन करने वाले विदेश छात्रों का वीजा रद्द किया जा रहा है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो के मुताबिक 26 मार्च तक 300 से ज्यादा 'हमास समर्थक' छात्रों का एफ-1 वीजा रद्द किया जा चुका है। इसमें कई भारतीय छात्र भी शामिल हैं। अमेरिकी सरकार एआई ऐप 'कैच एंड रिवोक' की मदद से ऐसे छात्रों की पहचान कर रही है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो के मुताबिक 26 मार्च तक 300 से ज्यादा 'हमास समर्थक' छात्रों का एफ-1 वीजा रद्द किया जा चुका है। इसमें कई भारतीय छात्र भी शामिल हैं।



- AI ऐप की मदद से छात्रों की पहचान कर रही अमेरिकी सरकार
- E-mail में चेतावनी: देश छोड़ दें, वरना हिरासत में लिया जाएगा

इस ऐप की मदद से सबसे पहले 5 मार्च को तुर्किये की एक छात्रा रुमेसा ओजतुर्क की पहचान की गई थी। वह टफ्ट्स यूनिवर्सिटी, बोस्टन में पढ़ाई कर रही थी। उसने सोशल मीडिया पर फलस्तीन के समर्थन में पोस्ट किया था, जिसके बाद अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने उसका वीजा रद्द कर दिया। यह मेल कई यूनिवर्सिटी के छात्रों को भेजा गया है। इसमें हार्वर्ड, कोलंबिया, येल, कैलिफोर्निया और मिशिगन यूनिवर्सिटी जैसे चर्चित संस्थान हैं। हालांकि कितनी यूनिवर्सिटीज के कितने छात्रों को यह मेल भेजा गया है, इसकी सटीक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। ईमेल में छात्रों से कहा गया कि उनका एफ-1 वीजा अमेरिका के इमिग्रेशन एंड नेशनैलिटी एक्ट की धारा 221(आई) के तहत रद्द कर दिया गया है। अब अगर वे अमेरिका में रहते हैं तो उन पर जुर्माना लगाया जा सकता है, उन्हें हिरासत में लिया जा सकता है या उन्हें डिपोर्ट किया जा सकता है। ईमेल में यह भी बताया गया है कि छात्रों को उनके गृह देशों के अलावा दूसरे देशों में भी भेजा जा सकता है। इसलिए बेहतर है कि छात्र खुद ही अमेरिका छोड़ दें। ओपन डोर्स रिपोर्ट 2024 के मुताबिक अमेरिका में 2023-24 में 3 लाख 32 हजार छात्र पढ़ाई कर रहे थे। यह पिछले 2022-23 की तुलना में 23 प्रतिशत ज्यादा है। इसमें से ज्यादातर एफ-1 वीजा वाले हैं, क्योंकि यह विदेशी छात्रों के लिए सबसे आम वीजा है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगले साल अमेरिका में पढ़ाई करने वाले भारतीय छात्रों की संख्या 4 लाख तक पहुंच सकती है। अमेरिका में हर भारतीय छात्र औसतन 30 से 70 लाख रुपये खर्च करता है। शहर, यूनिवर्सिटी के आधार पर खर्च में इतना अंतर आता है। कुछ रिपोर्ट्स में अनुमान के आधार पर बताया गया है कि अमेरिका में भारतीय छात्रों ने 2023-24 में 1.38 लाख करोड़ रुपए खर्च किए। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने 30 मार्च 2025 को एक बयान कर अमेरिका में पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्रों से वहां के स्थानीय कानूनों और वीजा नियमों का सख्ती से पालन करने को कहा था।

### यूएनआईडीओ ने की अमेरिकी टैरिफ बढ़ोतरी की आलोचना

**वियना।** संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन (यूएनआईडीओ) ने शुक्रवार को अपनी वेबसाइट पर एक लेख प्रकाशित किया, जिसमें वैश्विक आर्थिक विकास और औद्योगिक विकास पर अमेरिका की हालिया टैरिफ वृद्धि के प्रतिकूल प्रभावों पर चिंता व्यक्त की गई है। यूएनआईडीओ ने जोर देकर कहा कि टैरिफ बढ़ोतरी गलत दृष्टिकोण अपनाती है, यह इंगित करते हुए कि उनकी गणना और कार्यान्वयन में उनके इच्छित परिणामों की उपलब्धि का समर्थन करने के लिए सबूत की कमी है। लेख के अनुसार ये टैरिफ औद्योगिक उत्पादन की लागत को बढ़ाते हैं, जिससे आर्थिक दक्षता कम हो जाती है, व्यापार के लाभ कम हो जाते हैं और प्रतिस्पर्धात्मकता कमजोर हो जाती है। यूएनआईडीओ ने चेतावनी दी कि ऐसी नीतियां अंततः दुनिया भर में नौकरियों को खतरे में डाल देंगी, जिससे सबसे कमजोर देश सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे।

# इटली में पाकिस्तानी लड़की की आनर किलिंग

**रोम।** इटली में पाकिस्तानी मूल की लड़की के आनर किलिंग में एक अपील अदालत ने अहम फैसला सुनाया है। जहां अपील अदालत ने 18 साल की पाकिस्तानी मूल की लड़की समन अब्बास की हत्या के मामले में उसके माता-पिता और रिश्तेदारों की उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा है।

यह मामला इटली में आनर किलिंग यानी 'इज्जत के नाम पर हत्या' का बेहद चर्चित केस बन गया है। बता दें कि पाकिस्तान से आकर इटली में रह रही समन अब्बास ने अपने माता-पिता द्वारा तय की गई शादी को मानने से इन्कार कर दिया था। वह वेस्टन कल्चर अपना रही थी, और एक पाकिस्तानी युवक से प्रेम कर रही थी, जिससे उसके परिवार वाले नाराज थे। इसके बाद 30 अप्रैल 2021 को वह आखिरी बार देखी गई थी। कुछ दिनों बाद उसके माता-पिता इटली से पाकिस्तान चले गए। बाद में समन का शव 2022 में एक फार्महाउस से बरामद हुआ। लड़की की आनर किलिंग मामले में अदालत ने पिता शब्बीर अब्बास, मां नाज़िया शाहीन और दो चचेरे भाई को उम्रकैद की सजा सुनाई है। वहीं चाचा दानिश हसनैन की सजा 14 साल से बढ़ाकर बढ़ाकर 22 साल कर दी गई है। वहीं मामले में इतालवी जांचकर्ताओं के मुताबिक, एक सोशल मीडिया पोस्ट, जिसमें समन और उसके प्रेमी को सार्वजनिक रूप से चूमते हुए देखा गया था, उसके माता-पिता को गुस्से में ला दिया। समन ने अपने प्रेमी से यह भी कहा था कि उसे डर है कि उसके माता-पिता पाकिस्तान में जबरन शादी करवाना चाहते हैं और वो उसकी जान भी ले सकते हैं। गौरतलब है कि जब समन का शव मिला, तो गर्दन की हड्डी टूटी हुई पाई गई, जिससे पता चला कि शायद उसकी गला घोंटकर हत्या की गई थी।

- अदालत ने माता-पिता और रिश्तेदारों की उम्रकैद की सजा बरकरार रखी

# रूस-यूक्रेन को अमेरिका का अल्टीमेटम

## ट्रम्प बोले: अगर रूस या यूक्रेन शांति के लिए तैयार नहीं, तो हम पीस डील से बाहर आ जाएंगे

पेरिस, वार्ता

**अमेरिका** जल्द ही खुद को रूस-यूक्रेन पीस डील से बाहर कर सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस-यूक्रेन पीस डील से हटने की धमकी दी है। उन्होंने कहा है कि अगर रूस या यूक्रेन में से कोई एक भी डील के लिए तैयार नहीं होता है तो यह एक बेवकूफी भरा कदम होगा और हम पीस डील से बाहर आ जाएंगे।

इससे पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियों ने कहा था कि आने वाले दिनों में अगर रूस और यूक्रेन जंग को खत्म करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाते हैं, तो अमेरिका शांति के प्रयास छोड़ देगा। डोनाल्ड ट्रम्प का दूसरा कार्यकाल शुरू हुए लगभग 90 दिन बीत चुके हैं। इस दौरान अमेरिका और रूस के बीच कई बार यूक्रेन जंग के समाधान पर बातचीत हो चुकी है। लेकिन ट्रम्प प्रशासन को शांति कायम करने में कोई खास सफलता हाथ नहीं लगी है। पेरिस दौरे से लौटते वक्त रुबियो ने कहा कि अगर यूक्रेन जंग को खत्म करना संभव नहीं है, तो अमेरिका को अगले कुछ दिनों में अपनी कोशिशें छोड़ देनी चाहिए और आगे बढ़ जाना चाहिए। रुबियो ने कहा कि अमेरिका जल्द ही यह तय करेगा कि यूक्रेन जंग को खत्म किया जा सकता है या नहीं। ट्रम्प प्रशासन आने वाले दिनों में इस पर फैसला लेगा। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियों और विशेष दूत स्टीव विटकाफ ने गुरुवार को पेरिस में यूरोपीय और यूक्रेनी नेताओं के साथ मुलाकात की थी। यह बैठक जंग को खत्म करने के लिए की जा रही ट्रम्प प्रशासन की कोशिश के तौर पर आयोजित किया गया। इस बैठक में अमेरिका ने शांति के लिए एक प्लान पेश किया। अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक इस प्लान को सभी पक्षों ने सराहा है। हालांकि इस प्लान में क्या शामिल किया गया है, यह अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है।



डोनाल्ड ट्रम्प का दूसरा कार्यकाल शुरू हुए लभगभ 90 दिन बीत चुके हैं

# कनाडा में भारतीय छात्रा की गोली लगने से मौत

ओंटारियो, वार्ता

**कनाडा** में एक 21 वर्षीय भारतीय छात्रा की गोली लगने से मौत हो गई। घटना के समय पीड़िता एक बस स्टॉप पर खड़े होकर काम पर जाने के लिए बस का इंतजार कर रही थी, तभी उसे गोली लगी। पुलिस का कहना है कि बस स्टॉप के नजदीक ही एक कार से गोली चलाई गई। दरअसल दो कार सवारों ने एक दूसरे पर गोली चलाई थी।

इसी गोलीबारी की चपेट में भारतीय छात्रा आ गई, जिससे उसकी जान चली गई। मृतक भारतीय छात्रा की पहचान हरसिमरत रंधावा के रूप में हुई है, जो कनाडा के ओंटारियो के हेमिल्टन स्थित मोहाक कॉलेज की छात्रा थी। टोरंटो में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि हम भारतीय छात्रा हरसिमरत रंधावा की दुखद मौत से दुखी हैं। स्थानीय पुलिस के अनुसार, वह बेगुनाह पीड़ित थी, जो बस स्टॉप पर हुई गोलीबारी के बीच फंस गई।

पुलिस घटना की जांच कर रही है। हम पीड़िता के परिवार के संपर्क में हैं और सभी जरूरी मदद कर रहे हैं। इस मुश्किल वक्त में हमारी संवेदनाएं पीड़ित परिवार के साथ हैं। पुलिस ने बताया कि शाम करीब 7.30 बजे उन्हें हैमिल्टन में अपर जेम्स इलाके में गोलीबारी की सूचना मिली। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो मौके पर भारतीय छात्रा घायल अवस्था में मिली।

- दो गैंग की मुठभेड़ में निशाना बनी पीड़िता

# बांग्लादेश में हिंदू नेता की पीट-पीटकर हत्या

## पत्नी ने बताया: दो बाइक पर चार लोग आए, जबरदस्ती उठाकर ले गए

**ढाका।** बांग्लादेश में अज्ञात लोगों ने एक बड़े हिंदू नेता की हत्या कर दी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भाबेश चंद्र राय (58) को गुरुवार दोपहर को उनके घर से किडनैप किया और पीट-पीटकर मार डाला गया।

वे बांग्लादेश पूजा उद्यापन परिषद की बीराल इकाई के उपाध्यक्ष थे। हिंदू समुदाय में उनकी बड़ी पकड़ थी। पुलिस ने बताया कि वे ढाका से 330 किमी दूर दिनाजपुर के बसुदेवपुर गांव के रहने वाले थे। भाबेश चंद्र राय की पत्नी शांतना ने बताया कि गुरुवार को करीब 4:30 बजे उनके पति को एक फोन आया था। फोन करने वाला सिर्फ यह जानना चाहता था कि भाबेश घर पर हैं या नहीं। इसके करीब आधे घंटे बाद दो बाइक पर सवार चार लोग उनके घर आए और भाबेश को जबरदस्ती उठाकर ले गए। चश्मदीदों के मुताबिक, उन्हें पास के नराबाड़ी गांव ले जाया गया और वहां बेरहमी से पीटा गया। गुरुवार शाम को ही हमलावरों ने भाबेश को बेहोश हालत में वैन से उनके घर भिजवा दिया। पहले उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, फिर दिनाजपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बांग्लादेश में पिछले साल से हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों पर हमले बढ़ गए हैं। बीराल पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी अब्दुस सबूर ने कहा कि इस मामले में केस दर्ज करने की तैयारी चल रही है।

- भाबेश चंद्र राय की पत्नी शांतना ने बताया: गुरुवार को करीब 4:30 बजे उनके पति को एक फोन आया था

### भाबेश के हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए बंगलादेश पर दबाव बनाए सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बंगलादेश में हिंदू नेता भाबेश चंद्र रॉय की हत्या की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि भारत सरकार मामले को प्राथमिकता से उठाए और बंगलादेश से बात कर दोषियों को तत्काल गिरफ्तार करने के लिए दबाव बनाए। पार्टी ने शनिवार को यहां एक बयान में कहा कि कांग्रेस बंगलादेश के दिनाजपुर में हिंदू समुदाय के एक प्रमुख नेता भाबेश चंद्र रॉय की क्रूर हत्या की कड़ी निंदा करती है।



# बादशाह को डेट कर रही हैं तारा सुतारिया


## शिल्पा शेट्टी रैपर को चिढ़ाते हुए बोलीं- दिन में तारे देखने लगे हो

**मुंबई।** तारा सुतारिया अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। एक बार फिर से वह चर्चा में हैं और इस बार वजह है उनकी लव लाइफ। कहा जा रहा है कि तारा रैपर बादशाह को डेट कर रही हैं। हालांकि, अब तक इसको लेकर कोई भी आधिका. रिक बयान सामने नहीं आया है। दरअसल, रियलिटी शो इंडियन आइडल 15 के सेट से दोनों की डेटिंग की खबरें शुरू हुई। जब शिल्पा शेट्टी ने मजाकिया अंदाज में तारा सुतारिया का नाम लेकर बादशाह को चिढ़ाया था। इस पर रैपर शर्मा गए, जिसके बाद से सोशल मीडिया पर कयास लगाए जाने लगे कि तारा और बादशाह एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। शिल्पा शेट्टी ने कहा था, बादशाह, मैंने सुना है कि आप दिन में भी तारे देख रहे हैं। तारा देख रहे हैं आप। अरे, हम 90 के दशक का दौर सेलिब्रेट कर रहे हैं, तो मुझे एक खास गाना याद आ गया, सिर्फ आपके लिए चलती है क्या 9 से 12? यही गाना गा रहे हैं ना आप।



बता दें, तारा सुतारिया ने पहले एक्टर आदर जैन को डेट किया था। दोनों चार साल तक रिलेशनशिप में रहे थे। हालांकि, साल 2023 में दोनों का ब्रेकअप हो गया था। इसके बाद आदार ने अलेखा आडवाणी के साथ शादी कर ली थी, जो पहले तारा की बेस्ट फ्रेंड थीं।

# द ताज स्टोरी को अंतर्राष्ट्रीय श्रेणी में बेस्ट फिल्म अवार्ड




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता परेश रावल की फिल्म द ताज स्टोरी ने हाल ही में लंदन के हाउस ऑफ कॉमन में आयोजित ग्लोबल बिजनेस अवार्ड 2025, अंतर्राष्ट्रीय श्रेणी में बेस्ट फिल्म का पुरस्कार जीता। द ताज स्टोरी को ब्रिटिश दर्शकों और लंदन निवासियों के साथ-साथ वहां के फौजियों द्वारा भी बेहद पसंद किया गया। फिल्म की मुख्य भूमिका में परेश रावल की शानदार अभिनय ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा, लेखक और निर्देशक तुषार अमरीश गोयल के काम की भी खूब सराहना की गई। इस शानदार फिल्म का निर्माण सुरेश झा ने किया है और फिल्म के क्रिएटिव प्रोड्यूसर विकास राधेशाम हैं। फिल्म के डीओपी सत्यजीत हार. निस और एडिटर हिमांशु एम तिवारी है। एक से बढ़कर एक प्रतिभाशाली कलाकारों ने काम किया है, जिनमें अमृता खानविलकर, ज़ाकिर हुसैन, नमित दास, बृजेंद्र काला, स्नेहा वाघ, शिशिर शर्मा, कांत वर्मा, अखिलेंद्र मिश्रा, अनिल जॉर्ज, अभिजीत लेहरी, सिद्धार्थ भारद्वाज, लतिका, पंकज बेरी, आसित चटर्जी, फ्लोरा जॉक्स, वीणा झा और बाल कलाकार स्वर्णिम और सर्वज्ञ शामिल हैं। इन सभी कलाकारों ने अपने-अपने किरदारों में जान डाल दी और फिल्म को और अधिक प्रभावशाली बना दिया। द ताज स्टोरी की अंतर्राष्ट्रीय सफलता ने भारतीय सिनेमा को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया है और यह दर्शाता है कि भारतीय कहानियों की वैश्विक पहचान हो रही है।

# मकाओ फेस्टिवल में आमिर को मिला ग्लोबल अवॉर्ड



**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान को चीन के मकाओ कॉमेडी फेस्टिवल में ग्लोबल सम्मान मिला है। आमिर खान भारतीय सिनेमा के सबसे सम्मानित और प्रभावशाली एक्टर्स में से एक हैं। उन्होंने अपने लंबे शानदार करियर में उन्होंने न सिर्फ भारत में बल्कि दुनियाभर में करोड़ों दिल जीते हैं। उनकी फिल्में सरहदें पार कर चुकी हैं, खासतौर पर चाइना में तो उन्होंने कई रिकॉर्ड तक तोड़ डाले। आमिर अपने सोच-समझकर चुने गए कंटेंट और दमदार परफॉर्मेंस के लिए जाने जाते हैं और इसी वजह से वो क्वालिटी सिनेमा के ग्लोबल आइकॉन बन चुके हैं। हाल ही में उनकी इस इंटरनेशनल अपील को मकाओ कॉमेडी फेस्टिवल में भी सम्मानित किया गया, जहां उन्हें खासतौर पर सराहा गया।

आमिर खान ने हाल ही में मकाओ कॉमेडी फेस्टिवल में शिर. कत की, जहां उनके साथ हे वेनजुन, जू झेंग, ना ना, तियान वा, वेन सोंग, सोंग शियाओबाओ, झांग चियु, जोशुआ ई, वांग यिगवेई, ली फी, सोंग यांग, वांग जियानहुआ, स्टेनली तांग, सोंग मुजी, जू वुबिन, चांग युआन, शेन टेंग, झांग चेन, झाओ बेनशान, झोउ डेयॉन्ग, ली झिलियांग, लियू सिवेई और ऐ लुन जैसे कई नामचीन कलाकार मौजूद थे। चाइना में आमिर की जबर्दस्त फैन फॉलोइंग के चलते उनकी मौजूदगी ने वहां खलबली मचा दी।

## सोनाक्षी स्टारर निकिता रॉय 30 मई को रिलीज होगी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म निकिता रॉय 30 मई, को रिलीज होगी। बहुप्रतीक्षित साइकोलॉजिकल थ्रिलर निकिता रॉय की रिलीज डेट सामने आ गई है। यह फिल्म 30 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। हाल ही में मेकर्स ने इस फिल्म का एक नया आकर्षक पोस्टर जारी किया है, जिसमें फिल्म की ऑफीशियल रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया गया है। एक पावर-पैक्ड कास्ट नजर है, जिसमें सोनाक्षी, अर्जुन रामपाल, परेश रावल और सुहैल नय्यर जैसे बेहतरीन कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म को कुश एस सिन्हा ने निर्देशित किया है। निकिता पाई फिल्म्स लिमिटेड के बैनर तले बनी निकिता रॉय का नेतृत्व किजल अशोक घोने ने निकी खेमचंद भगनानी, विक्की भगनानी, अंकुर टकरानी, दिनेश रतिराम व क्रेटोस एंटरटेनमेंट के सहयोग से किया है।

# बोटॉक्स व लिप-फिलर्स के कमेंट्स पर भड़कीं जैस्मिन





**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन ने इन दिनों ट्रोलर्स के निशाना पर हैं। सोशल मीडिया पर लगातार उन्हें फिलर्स और बोटाक्स को लेकर ट्रोल किया जा रहा है। अब इस मामले में एक्ट्रेस ने रिएक्शन दिया है। उन्होंने ट्रोलर्स को करारा जवाब देते हुए कहा कि इसमें गलत क्या है। दरअसल, जैस्मिन भसीन के कुछ फोटोशूट और वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिसमें उनका चेहरा काफी बदला-बदला नजर आ रहा है। खासकर उनके लिप्स। ऐसे में यूजर्स लगातार उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। उनका दावा है कि जैस्मिन ने बोटाक्स और होठों पर फिलर्स करवाए हैं। बॉलीवुड बबल के साथ एक इंटरव्यू में जैस्मिन ने कहा कि आखिर लोगों को कास्मेटिक सर्जरी से समस्या क्या है? यदि ऐसे बदलाव किसी व्यक्ति को अधिक आत्मविश्वास महसूस कराने में मदद करते हैं, तो इसमें कोई बुराई नहीं है। हर व्यक्ति को अपनी पसंद और सुविधा के अनुसार फैसला लेने का अधिकार है। अगर कोई खुद को बेहतर महसूस कराने के लिए ऐसा कुछ कराता है, तो उसे जज नहीं किया जाना चाहिए। मेरी एक पोस्ट पर लोगों ने कमेंट्स किए और कई मैसेज भेजकर पूछा कि क्या जैस्मिन ने अपने होठों पर कुछ करवाया है? वगैरह-वगैरह, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ था। दरअसल, एक हादसे की वजह से मेरे होठों में सूजन आ गई थी और उस दिन मेकअप आर्टिस्ट ने मेरे होठों को ज्यादा ओवर लाइन कर दिया था। उस वक्त मुझे वो लुक अच्छा भी लगा था, क्योंकि इंस्टाग्राम फिल्टर्स में भी होंठ थोड़े फूले हुए ही दिखते हैं, एहसास हुआ कि वो लुक मुझ पर अच्छा नहीं लग रहा था। जैस्मिन ने कहा कि उन्हें समझ नहीं आता कि लोग दूसरों को इस बात पर नीचा क्यों दिखाते हैं?

# कई OTT प्रोजेक्ट्स ठुकरा चुकी हैं भूमि



## बोलीं- किसी कहानी से जुड़ाव महसूस नहीं हुआ, अब द रॉयल्स से करेंगी डेब्यू

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर आखिरकार ओटीटी की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। वह जल्द ही वेब सीरीज द रायल्स में नजर आएंगी। हालांकि यह पहली बार नहीं है जब उन्हें वेब सीरीज में काम करने का प्रस्ताव मिला हो। इससे पहले भी उन्होंने कई ओटीटी प्रोजेक्ट्स ठुकरा दिए थे। भूमि पेडनेकर ने कहा कि मुझे ओटीटी पर डेब्यू करने के लिए कई वेब सीरीज के ऑफर मिले थे। मैंने सभी की स्क्रिप्ट्स भी पढ़ी थीं, लेकिन उन्हें करने से इनकार कर दिया। हालांकि बाद में वे सभी प्रोजेक्ट्स काफी सफल रहे, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि मुझे उन प्रोजेक्ट्स से वैसा जुड़ाव कभी महसूस नहीं हुआ, जैसा कि द रायल्स से हुआ। इसलिए इसके लिए हामी भर दी। भूमि ने आगे कहा, मेरे लिए सबसे जरूरी बात थी सही कहानी और सही जानर का मिलना। जहां तक द रायल्स की बात है, यह एक रोमांटिक कामेडी है और रोम-काम मेरा सबसे पसंदीदा जॉनर है। मुझे नहीं लगता कि आजकल हम इस तरह की फिल्में या शोज बना रहे हैं। मैं मिल्स एंड बून के नावेल्स पढ़ते हुए बड़ी हुई हूं। शायद इसी वजह से मुझे कोरियन ड्रामा भी बहुत पसंद हैं, क्योंकि उनमें रोमांस भरपूर होता है। द रायल्स में भूमि पेडनेकर के साथ ईशान खट्टर प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। इन दोनों के अलावा इस शो में जीनत अमान, साक्षी तंवर, नोरा फतेही, डिनो मोरिया, मिलिंद सोमन, चंकी पांडे, विहान सामत और सुमुखी सुरेश जैसे कई कलाकार हैं। यह शो 9 मई को नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर होगा।

# ग्राउंड ज़ीरो का कश्मीर में ऐतिहासिक प्रीमियर

**कश्मीर।** एक्सेल एंटरटेनमेंट की फिल्म ग्राउंड ज़ीरो का कश्मीर में ऐतिहासिक प्रीमियर हुआ। एक्सेल एंटरटेनमेंट अपने अपकमिग एक्शन थ्रिलर ग्राउंड ज़ीरो के साथ बीएसएफ के एक शानदार मिशन को पर्दे पर लाने के लिए तैयार है। यह फिल्म कश्मीर पर आधारित है और एक असली कहानी पर आधारित है जो पहले कभी नहीं सुनाई गई। ट्रेलर और पोस्टरों के बाद बढ़ती हुई उत्सुकता के बीच, फिल्म का ग्रैंड प्रीमियर कश्मीर में हुआ। घाटी में 38 सालों बाद यह पहली फिल्म प्रीमियर होने वाली फिल्म है। प्रीमियर के दौरान रेड कार्पेट पर बीएसएफ के जवानों और फिल्म की पूरी टीम ने जब अपनी एंट्री मारी, तो माहौल ही बदल गया। इमरान हाशमी, साई ताम्हंकर, निर्देशक तेजस प्रभा विजय देवस्कर, निर्माता रितेश सिधवानी अपनी पत्नी डॉली सिधवानी के साथ, फरहान अख्तर अपनी पत्नी शिबानी दांडेकर के साथ, और को-प्रोड्यूसर अरहान बगाती जैसे बड़े नाम रेड कार्पेट पर नजर आए।

## अर्जुन राज की फिल्म खेल पासपोर्ट का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** निर्देशक अर्जुन राज की फिल्म खेल पासपोर्ट का का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर डी आर जे रिकॉर्ड म्यूजिक से रिलीज किया गया है। निर्देशक अर्जुन राज ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज करते हुए बताया कि यह फिल्म बन कर तैयार है और जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। फिल्म की पूरी शूटिंग मुंबई शहर में हुई है। फिल्म में हेरम्ब त्रिपाठी ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म में एक से बध्कर एक गाने है। फिल्म की कहानी आम आदमी के लाइफ से जुड़ी हुई है। एक लड़का इंडिया से बाहर जाना चाहता है नौकरी करने के लिए और मुंबई आकर पासपोर्ट ट्रैप में फस जाता है, इस पासपोर्ट ट्रैप से जुड़ी कहानी पर आधारित है मेरी फिल्म खेल पासपोर्ट का। फिल्म खेल पासपोर्ट का निर्माण हैप्पी क्राउड एंटरटेनमेंट, किग केयान एंटरटेनमेंट और रजिया पठान के बैनर तले किया जा रहा है। इस फिल्म को राजवंत शर्मा को-प्रोड्यूस कर रहे हैं।

# यूके में जलवा बिखेरेंगे सलमान खान

**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान द बॉलीवुड बिग वन यूके टूर में जलवा बिखेरेंगे। सलमान खान एक ऐसे सुपरस्टार हैं, जिनकी स्टारडम की कोई बराबरी नहीं कर सकता। वह सिर्फ बड़े पर्दे पर ही नहीं, बल्कि लोगों के दिलों पर भी राज करते हैं। उनकी फैन फॉलोइंग जबर्दस्त है, वो भी ऐसी जो सालों से उनके साथ खड़ी है, हर मोड़ पर। बॉक्स ऑफिस पर सलमान की फिल्मों का दबदबा हमेशा से रहा है और अब वो अपने फैन्स को एक नया तोहफा देने जा रहे हैं। सलमान अब तैयार हैं स्टेज पर धमाल मचाने के लिए। सलमान खान जल्द ही द बॉलीवुड बिग वन यूके टूर के जरिए यूके में अपने चाहने वालों से रूबरू होंगे। सलमान खान अब द बॉलीवुड बिग वन यूके टूर के जरिए लाइव परफॉर्म करने जा रहे हैं, वो भी एक दमदार लाइनअप के साथ।







